3 राजधानी
अफ्रीकी रसोई की आड़ में हेरोइन की तस्करी

6 प्रादेशिकी
सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह की मौत

10 विदेश
चीन ने ताइवान की ओर लड़ाकू विमान भेजे

11 राष्ट्रीय
राजस्थान में दलित महिला को दुराचार के बाद जलाया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 153
नई दिल्ली, रविवार, 9 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

महिला हॉकी शिविर के लिए 35 संभावितों का चयन, रानी नहीं

स्पोर्ट्स-12

भ्रष्टाचार पर सुप्रीम कोर्ट से भी लगा विपक्ष को झटका: मोदी

● प्रधानमंत्री ने कहा, परिवारवाद और भ्रष्टाचार अलग नहीं, जहां परिवारवाद होता है वहीं पनपता है भ्रष्टाचार

पायनियर समाचार सेवा। हैदराबाद

हैदराबाद में शनिवार को वंदेभारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

दक्षिण में तेज हुई राजनीतिक सरगर्मियों के बीच शनिवार को हैदराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर खूब निशाना साधा। विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित मनमाने इस्तेमाल के आरोपों पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर विपक्ष को उच्चतम न्यायालय ने भी करारा झटका दिया है।

हैदराबाद में वंदेभारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ दिन पहले कुछ राजनीतिक दल न्यायालय में संरक्षण मांगने गए थे कि कोई हमारी भ्रष्टाचार की जांच की मांग न करे, लेकिन न्यायालय ने उन्हें झटका दे दिया। कांग्रेस के नेतृत्व में 14 राजनीतिक दलों ने हाल में सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि विपक्षी नेताओं और असहमति के अपने मौलिक अधिकार का इस्तेमाल करने वाले अन्य नागरिकों के खिलाफ कठोर आपराधिक मुकदमों में खतरनाक वृद्धि हुई है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने याचिका पर विचार करने से मना करते हुए कहा कि नेताओं के पास उच्चतर प्रतिरक्षा नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने पांच अप्रैल को इस याचिका पर विचार करने को लेकर अनिच्छा व्यक्त की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को तेलंगाना में 11,300 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा सिकंदराबाद-तिरुपति वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने अपील करते हुए कहा कि तेलंगाना सरकार विकास योजनाओं में बाधा न डाले। तेलंगाना में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की अगुवाई में भारत राष्ट्र (शेष पेज 9)

चेन्नई में गर्मजोशी से मिले स्टालिन व मोदी

तमिलनाडु के सीएम ने एयरपोर्ट पर की पीएम मोदी की अगवानी, अन्य कार्यक्रमों में भी दिखे साथ

● प्रधानमंत्री ने नए एयरपोर्ट टर्मिनल का किया उद्घाटन, चेन्नई से कोयम्बटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

पायनियर समाचार सेवा। चेन्नई

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल द्रमुक और भाजपा के बीच राजनीतिक घमासान के बीच चेन्नई एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गर्मजोशी देखने को मिली। प्रधानमंत्री विभिन्न आधिकारिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए शनिवार को चेन्नई आए थे। यहां स्टालिन ने हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की और बाद में नए टर्मिनल भवन पर भ्रमण के समय प्रधानमंत्री और स्टालिन का हाथ थामे चहलकदमी करते देखे गए।

दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध ऐसे समय दिखा है जब द्रमुक राजनीतिक रूप से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विरोध कर रही है और स्टालिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व वाली विपक्षी एकता की हिमायत कर रहे हैं। हालिया समय में राज्य में द्रमुक और भाजपा के नेताओं के बीच कई मुद्दों पर नोकझोंक हुई है। यही नहीं, राज्य सरकार के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगा चुके भाजपा के प्रदेश प्रमुख के अन्नामलाई ने कहा है कि वह जल्द ही द्रमुक के मंत्रियों के भ्रष्टाचार की सूची जारी करेंगे। तेलंगाना में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद मोदी करीब पौने तीन बजे चेन्नई हवाई अड्डा पहुंचे। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि के साथ तकरार के अलावा सत्ताधारी पार्टी द्रमुक का विपक्षी दल भाजपा से भी कई मुद्दों पर वाकयुद्ध छिड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री के आगमन के कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने उन्हें एक पत्र लिखकर मांग की थी कि राज्य के कावेरी डेल्टा क्षेत्र में चिन्हित किए गए तीन कोयला खंडों को राष्ट्रीय नीलामी सूची से हटा दिया जाए।

केंद्र ने तुरंत कदम उठाते हुए सूची से तीनों क्षेत्रों को हटा दिया। प्रदेश भाजपा नेता के अन्नामलाई ने भी एक बयान जारी कर त्वरित कदम उठाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। बहरहाल, प्रधानमंत्री ने चेन्नई हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल का उद्घाटन किया तो इस दौरान स्टालिन भी मौजूद थे और उनके बीच कुछ गर्मजोशी देखी गई। स्टालिन ने चेन्नई हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री की अगवानी की और बाद में दोनों ने राज्यपाल रवि, नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अन्य गणमान्य लोगों के साथ नए एकीकृत टर्मिनल का भ्रमण किया। अगले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन पर चेन्नई-कोयम्बटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान भी स्टालिन मौजूद थे। बाद में प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, वंदे भारत एक्सप्रेस की वजह से चेन्नई और कोयम्बटूर में और भी बेहतर कनेक्टिविटी होने जा रही है। तमिलनाडु के दोनों शहरों को जोड़ने वाली ट्रेन (शेष पेज 9)

सुप्रीम कोर्ट समिति जेपीसी से अधिक प्रभावी होगी: पवार

● अडाणी मामले में एनसीपी अध्यक्ष ने पकड़ी विपक्ष से अलग राह

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

महाविकास अघाड़ी के महत्वपूर्ण घटक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को विपक्ष से अलग लाइन लेते हुए स्पष्ट कहा कि अडाणी मामले में सुप्रीम कोर्ट की समिति संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से अधिक प्रभावी होगी।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जेपीसी से जांच के पूरी तरह खिलाफ भी नहीं हैं। मालूम हो कि इस मुद्दे पर ज्यादातर विपक्षी दलों ने संसद से लेकर सड़क तक भारी हंगामा किया और वह अडाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने पर अड़ा है। पवार ने पत्रकारों से कहा कि यदि जेपीसी में 21 सदस्य हैं, तो संसद में संख्या बल के कारण 15 सत्ता पक्ष से और छह विपक्षी दलों से होंगे, जो समिति पर संदेह पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने एक विशिष्ट समय अवधि में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक (शेष पेज 9)

राहुल का करियर चमकाने को उठाया मुद्दा: रीजीजू

जम्मू। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कांग्रेस नेता राजनीतिक रूप से विफल हो गए हैं और उनके राजनीतिक करियर को चमकाने के लिए अडाणी मुद्दा जानबूझ कर उठाया जा रहा है। रीजीजू ने कांग्रेस पर न्यायपालिका को कमजोर करने का भी आरोप लगाया और कहा कि यदि विपक्षी दल न्यायपालिका पर हमला करके संविधान की धज्जियां उड़ाने की कोशिश करता है, तो हम चुप नहीं बैठेंगे। रीजीजू ने जम्मू विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, मैं इस पर (हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे पर) कोई टिप्पणी (शेष पेज 9)

सच सामने लाने के लिए जेपीसी जरूरी: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अडाणी मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार के बयान की पृष्ठभूमि में शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति की जांच का दायरा बहुत सीमित है तथा संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से ही सच सामने आ सकता है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि सच्चाई छिपाई जा रही है, इसलिए रोजाना ध्यान भटकाया जा रहा है। उन्होंने ट्वीट किया, सच्चाई छुपाते हैं, इसलिए रोज़ भटकाते हैं, सवाल वही है- अडाणी की कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपए की बेनामी रकम किसकी है। कांग्रेस महासचिव (शेष पेज 9)

सीएनजी व रसोई गैस कीमतों में छह रुपये तक की कटौती

● राजधानी में पिछले दो साल में पहली बार कम हुए दाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में सीएनजी और पाइपलाइन वाली घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) की कीमतों में शनिवार को छह रुपये तक की कटौती कर दी गई। यह करीब दो साल में गैस कीमतों में पहली कटौती हुई है। सरकार ने एक दिन पहले ही प्राकृतिक गैस की कीमत निर्धारण करने का नया फॉर्मूला लागू किया था। उस फैसले के बाद राष्ट्रीय राजधानी में सीएनजी और पीएनजी की कीमतें घटाई गई हैं।

दिल्ली में सीएनजी और पाइपलाइन गैस की खुदरा बिक्री करने वाली फर्म इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक ट्वीट में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में सीएनजी की कीमत 79.56 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 73.59 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। आईजीएल के अनुसार, इसी तरह दिल्ली में पाइपलाइन वाली घरेलू रसोई गैस की कीमत 53.59 प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) से घटकर 48.59 रुपए प्रति एससीएम हो गई है। नई कीमतें नौ अप्रैल से लागू होंगी। संकलित आंकड़ों से पता चलता है कि गैस कीमतों में दो साल में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि होने के बाद यह कटौती की गई है। सीएनजी कीमतें अप्रैल, 2021 से दिसंबर, 2022 के बीच 15 बार बढ़ाई गईं। अप्रैल, 2021 के बाद सीएनजी की कीमतों में प्रति किलोग्राम 36.16 रुपए (83 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है। सीएनजी की कीमत अंतिम बार 17 दिसंबर, 2022 को बढ़ाई गई थी। इसी तरह पीएनजी की कीमत सात अगस्त, 2021 से आठ अक्टूबर, 2022 के बीच 10 बार बढ़ाई गई। इसकी कीमतों में 24.09 रुपए प्रति एससीएम यानी 81 प्रतिशत वृद्धि हुई। आईजीएल ने कहा कि दिल्ली में सीएनजी और पीएनजी की खुदरा कीमतें देश में सबसे कम स्तर पर हैं।

सी राजगोपालाचारी के प्रपौत्र केसवन भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और भारत के अंतिम गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी के प्रपौत्र सीआर केसवन शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। कांग्रेस में रह चुके केसवन ने जन-केंद्रित नीतियों और भ्रष्टाचार मुक्त तथा समावेशी शासन के साथ भारत में व्यापक परिवर्तन की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। तमिलनाडु के रहने वाले केसवन ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। हालिया काशी-तमिल संगमम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास तथा परंपराओं का विभिन्न कार्यक्रमों के साथ जश्न मनाया जा रहा है। केसवन ने सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी से निपटने की सराहना करते हुए कहा कि इससे दुनिया में भारत की छवि मजबूत हुई। वह केंद्रीय मंत्री वीके सिंह और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की उपस्थिति में पार्टी में (शेष पेज 9)

न बिटिया की शादी रुकेगी न ही पति का इलाज: योगी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

● मुख्यमंत्री ने कहा, अगले तीन साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ेंगे

पैसे के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर किसी भी घर की बिटिया की शादी नहीं रुकेगी। साथ ही किसी मरीज का इलाज धन की कमी से बाधित नहीं होगा। न तो घबराएं और न ही परेशान हों। हर जरूरतमंद, पीड़ित की मदद के लिए सरकार तत्पर है। मदद के दृढ़ इरादे में लिपटे संबल के ये भावनात्मक बोल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हैं।

शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान अलग-अलग तरह की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने सब को आश्वस्त किया कि समस्या किसी भी तरह की हो उसका निदान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं।

अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। साथ ही जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया (शेष पेज 9)

बाजार

सेंसेक्स	59,832	
निफ्टी	17,599	
सोना	60,370	/10g
चांदी	74,040	/kg

क्विक न्यूज

सीयूईटी-यूजी के लिए आवेदन करने का फिर मिलेगा मौका

नई दिल्ली। केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया रविवार से तीन दिन के लिए फिर शुरू होगी और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा, कई छात्रों से अनुरोध मिलने के बाद हमने रविवार, सोमवार और मंगलवार को सीयूईटी-यूजी के लिए आवेदन पोर्टल फिर से खोलने का फैसला किया है और यह मंगलवार (11 अप्रैल 2023) को रात 11 बजकर 59 मिनट पर बंद हो जाएगा। सीयूईटी-यूजी के लिए करीब 14 लाख छात्रों ने आवेदन दिया है जो पिछले साल के मुकाबले 41 प्रतिशत अधिक है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को असम के तेजपुर वायुसेना अड्डे से सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। मुर्मू की इस लड़ाकू विमान में यह पहली उड़ान थी। राष्ट्रपति ने जिस सुखोई-30 एमकेआई में भारतीय वायुसेना के अड्डे से उड़ान उड़ान भरी उसे 106वीं स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार तिवारी उड़ा रहे थे। लगभग 30 मिनट की उड़ान के बाद मुर्मू ने संवाददाताओं से कहा, अच्छा लगा।

आज रामनगरी में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे

● शिवसेना के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के ठहरने के लिए मंदिर नगरी के लगभग सभी होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं बुक

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार को अयोध्या दौरे पर आएंगे। उनके साथ हजारों शिवसैनिकों के आने की संभावना है। शिवसेना के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के ठहरने के लिए मंदिर नगरी के लगभग सभी होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं बुक कर ली गई हैं, जो शनिवार को अयोध्या पहुंच रहे हैं।

अयोध्या में शिंदे के स्वागत के लिए शिवसैनिकों के एक दिन पहले विशेष ट्रेनों से अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। शिंदे की अयोध्या यात्रा का पूरे देश में प्रचार-प्रसार करने के लिए शिवसेना ने एक योजना तैयार की है। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद शिंदे की यह पहली अयोध्या यात्रा है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जारी आधिकारिक कार्यक्रम के मुताबिक शिंदे शनिवार शाम लखनऊ पहुंचेंगे और रात्रि (शेष पेज 9)

शनिवार को लखनऊ हवाईअड्डे पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

अजित पवार ने की अयोध्या यात्रा के प्रचार की निंदा

पायनियर समाचार सेवा। पुणे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अयोध्या यात्रा को लेकर किए जा रहे प्रचार-प्रसार की शनिवार को निंदा की। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा कि बेरोजगारी, अपराध, कृषक संकट जैसे अन्य बड़े ज्वलंत मुद्दे हैं जिन पर अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है। पवार ने संवाददाताओं से कहा कि जब मैं कहीं पूजा-अर्चना करता हूं तब मैं इसका ऐसा प्रचार-प्रसार नहीं करता हूं। मुख्यमंत्री भगवान का आशीर्वाद लेने वहां जा रहे हैं। इस (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 9 अप्रैल, 2023

विदेश से नोएडा आने वालों की होगी कोरोना जांच

गौतमबुद्धनगर में 24 घंटे में 52 नए मरीज, मरीजों की संख्या 271 पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में बेकाबू होते कोरोना की रफ्तार को कैसे नियंत्रित किया जाए। इसको लेकर प्लान तैयार किया गया है। शासन से निर्देश आए है कि अब विदेश के आने वाले सभी यात्रियों की कोरोना जांच अनिवार्य है। सर्विलांस टीमों को एक्टिव कर दिया गया है। बुखार के सभी मरीजों की कोरोना जांच की जाएगी। वही निजी लैब कोरोना की जांच की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेजे।

सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में कोविड जांच और संक्रमितों के नमूने जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लखनऊ स्थित केजीएमयू की माइक्रोबायोलॉजी लैब भेजने के निर्देश दिए गए है।

वहीं फ्रंट लाइन वर्कर, निगरानी समितियों, सरकारी व निजी अस्पतालों की ओपीडी व सर्विलांस रोगियों को सांस के मरीजों की पहचान कर उनके कोविड जांच के लिए कहा गया है। डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा सीएमओ ने बताया कि शासन निर्देशानुसार सभी विदेश से आने वाले लोगों की जांच अनिवार्य है। इसके लिए सर्विलांस टीम बना दी गई है। डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा सीएमओ ने बताया कि शासन निर्देशानुसार सभी विदेश से आने वाले लोगों की जांच अनिवार्य है।

इसके लिए सर्विलांस टीम बना दी गई है। शासन ने रैपिड रिस्पॉन्स टीम को सक्रिय करने का निर्देश दिया है। प्रत्येक टीम में एक चिकित्सा अधिकारी को शामिल किया गया है।

पाजीटिव आने पर टीम 24 घंटे के अंदर मरीज के घर पहुंचेगी और कांट्रैक्ट ट्रैसिंग कर जांच करेगी। लक्षण मिलने पर तत्काल कमांड कंट्रोल रूम को जानकारी दी जाएगी।

नोएडा में 24 घंटे में कोरोना के 52 नए केस सामने आए है। इस बार 56 मरीज ठीक भी हुए है। हालांकि कोरोना की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है।

271 सक्रिय मामले है। सात मरीजों का इलाज में अस्पताल में भर्ती कर किया जा रहा है। 24 घंटे में 671 सैंपल लिए गए। बढ़ते मामलों को देखते हुए नोएडा के डीएम ने एकीकृत कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18004192211 जारी किया है।

इस नंबर पर फोन करने पर आपको कोरोना संक्रमण से संबंधित जानकारी और हैल्प भी की जाएगी। इस कंट्रोल रूम से होम आइसोलेशन मरीजों पर पूरी नजर रखी जा रही है। यहां तेजी से बढ़ रहे कोविड केस के ओमीक्रान का सब वैरिएंट जिम्मेदार है।

गाजियाबाद में पिछले 72 घंटे के दौरान संक्रमण के 84 नए मामले

गाजियाबाद। कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। गाजियाबाद में बीते 72 घंटे में कोरोना के 84 नए केस मिले हैं। नोएडा में एकाएक संक्रमित मरीज बढ़ गए हैं। इसके मद्देनजर दोनों जिलों का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सैंपलिंग और जांच का दायरा बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से कहा है कि अगर कोई व्यक्ति ट्रेवल करने के बाद बीमार हो रहा है तो उसकी सूचना जरूर दें, ताकि कोरोना जांच की जा सके। शनिवार सुबह साढ़े 8 बजे जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसारए गाजियाबाद में बीते 24 घंटे में करीब 1100 लोगों की कोरोना जांच हुई। इसमें 29 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। इससे पहले 7 अप्रैल को 24 और 6 अप्रैल को 31 मरीज मिले थे। यानि तीन दिन के भीतर कोरोना के 84 मरीज मिले हैं। अब गाजियाबाद में कोरोना के एक्टिव मरीज 120 हैं। इसमें 113 मरीज होम आइसोलेशन में हैं और 7 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने कहा, बीते 24 घंटे की संक्रमण दर 2.44 प्रतिशत है।

उत्तराखंड गए गाजियाबाद के दो पर्यटकों की दुर्घटना में मौत

- चकराता के पास 200 मीटर गहरी खाई में गिरी कार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देहरादून के चकराता में एक कार 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में गाजियाबाद और दिल्ली के तीन टूरिस्ट की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल है, जिसे नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, 8 अप्रैल की सुबह 6:45 बजे कंट्रोल रूम को इस हादसे की सूचना मिली।

खबर देने वाले ने कहा कि कालसी देहरादून से 14 किलोमीटर आगे सहिया की तरह चापनु के पास एक गाड़ी 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई है। इस सूचना पर थाना कालसी की पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव.राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने कार से तीन शवों को निकाला और एक व्यक्ति जीवित था। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों की पहचान ऋषभ जैन 27 वर्ष निवासी पंचवटी कॉलोनी गाजियाबाद, सूरज कश्यप 27 वर्ष निवासी गांव दुहाई गाजियाबाद और गुड़िया 40 वर्ष निवासी छोटा बाजार शाहदरा दिल्ली के रूप में हुई। गाजियाबाद के मालीवाला निवासी ज्ञानेंद्र सैनी घायल हैं। ज्ञानेंद्र ने बताया, चारों लोग स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से गाजियाबाद से चकराता घूमने जा रहे थे। रात्रि करीब साढ़े 11 बजे उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। ज्ञानेंद्र छटककर गाड़ी से बाहर गिर गया, जिस वजह से उसकी जान बच गई। ज्ञानेंद्र ने एक पिकअप वाहन को रोककर पुलिस को सूचना दिलवाई। घायल ज्ञानेंद्र को देहरादून के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं शवों को खाई से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

700 किलो गांजे की खेप जब्त, तीन गिरफ्तार

- बाजार में मादक पदार्थ की कीमत दो करोड़

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने जेवर क्षेत्र में सात सौ किलो गांजे के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गांजे की कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। जिले में गांजे की अब तक की पकड़ी गई सबसे बड़ी खेप है।

आरोपित दिल्ली-एनसीआर में गांजे की सप्लाई किया करते थे। पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा साद मिया खान ने बताया कि स्वाट टीम व ऐच्छर पुलिस ने शुक्रवार की रात संयुक्त कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 704 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली थी कि जिले में गांजे की बड़ी खेप आने वाली है। गांजा तस्करों के साथी स्विफ्ट कार से दिल्ली जाने वाले हैं।

बीटा दो पुलिस व एंटी आटो थैंक्स टीम द्वारा थाना बीटा दो क्षेत्र में होड़ा चौक से दो आरोपितों को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से पुलिस ने तीन किलो गांजा व एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि उनके कुछ साथी देर रात में गांजे की बड़ी खेप लेकर हरियाणा बार्डर से झुप्पा में होकर जेवर में दाखिल होने वाले हैं, जिसकी सूचना पर पुलिस उपायुक्त के नेतृत्व में थाना बीटा दो, थाना जेवर, एंटी आटो थैफ्ट टीम व स्वाट टीम की संयुक्त कारवाई में थाना जेवर में झुप्पा गांव के समीप तीन युवकों को ट्रक में आता दिखा। पुलिस के रोकने पर आरोपितों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए तीनों आरोपित अंजनी कुमार तिवारी, नदीम व नाजिम को धर दबोचा।

करोड़ों की चरस पकड़ी 4 महिलाओं समेत 5 धरे

गाजियाबाद। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद रेलवे स्टेशन से जाने वाले कई मार्गों पर जाल बिछाकर मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तस्करी करने वाले नशे के सौदागरों के गैंग को दबोच लिया।

इनके पास से 13 किलो चरस व 1 किलो अफीम, नगदी व अन्य सामान बरामद हुआ। इस गैंग के चार महिला सहित पांच तस्करों के पास से चरस की जो खेप बरामद हुई है उसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 15 करोड़ है। तस्करों ने अपने नाम सगुलनिशा, मोमीना, रौशन खातून व सलीम खान निवासी मोतीहारी बिहार निकट नेपाल बॉर्डर बताये। वो नेपाल से मादक पदार्थ की भारी खेप लेकर यूपी, दिल्ली तक सप्लाई करते हैं।

रिटायर्ड दरोगा के दो बेटों को पिटबुल ने काटा

- कुत्ते मालिक पर एफआईआर दर्ज, पुलिस ने दी सख्त चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पीड़ित

ग्रेटर नोएडा में एक बार फिर पिटबुल के हमले का मामला सामने आया है। यहां रहने वाले दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड दरोगा के नाबालिग बेटों पर पिटबुल कुत्ते ने हमला कर दिया।

गली में घूम रहे पिटबुल ने पहले छोटे बेटे के हाथ को जबड़े में दबा लिया। उसे बचाने आये बड़े भाई के पैर पर काट लिया। लोगों ने लाठी लेकर दौड़ाया तो पिटबुल भाग गया। घायल दोनों नाबालिग भाईयों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिटबुल के मालिक पिता-पुत्र का चालान किया है।

घटना 5 अप्रैल की है। घटना नियाना गांव की है। यहां रहने वाले नागेंद्र भाटी दिल्ली पुलिस से रिटायर्ड दरोगा हैं। उन्होंने बताया कि उनका छोटा बेटा राज गली में जा रहा था। अचानक गली में घूम रहे पिटबुल ने उसपर हमला कर दिया। उसका हाथ दबोच लिया। इसी दौरान बड़े बेटे नारायण ने देखा लिया और उसे बचाने के दौड़ा तो पिटबुल ने उसे भी काट लिया।

नागेंद्र के मुताबिक, पिटबुल ने राज के हाथ की कोहनी से थोड़ा ऊपर के हिस्से को जबड़े में दबा लिया था। शोर मचाने पर भी पिटबुल ने उसे नहीं छोड़ा। करीब 3 मिनट तक वह राज के हाथ को जबड़े में दबाए रहा। इस बीच बड़ा बेटा नारायण उसे बचाने के लिए भिड़ गया और आसपास के लोगों भी बचाने का प्रयास करने लगे। इसके बाद राज का हाथ छोड़कर कुत्ते ने बड़े बेटे नारायण के दोनों पैर को दबोच लिया। जब लोग लाठी लेकर दौड़े तब जाकर पिटबुल ने नारायण के पैर छोड़े और भाग गया। रिटायर्ड दरोगा नागेंद्र ने कासना थाने पर शिकायत दी है।

थाना प्रभारी सन्तोष शुक्ला ने बताया कि पिटबुल के हमला करने की एक शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कुत्ते के मालिक फिरेराम व उसके बेटे अंकित का 151 में चालान कर दिया था। साथ ही उन्हें हिदायत दी गई है कि कुत्ते को घर में रखें, खुला छोड़ा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कुत्ते के मालिक अंकित ने बताया कि पड़ोस के रहने वाले नागेंद्र के दोनों बेटों के साथ उनका पिटबुल अक्सर खेलता था। फिलहाल उसे घर में बांधकर रखा गया है।

संक्षिप्त समाचार

सड़क सुरक्षा जीवनद्धरक्षा के विषय पर मेट्रो स्टेशन सेक्टर-59 पर ई-रिक्शा, ऑटो/टेंपो चालकों को नियमों की जानकारी दी गई।

शोभा यात्रा को लेकर रूट डायवर्जन

गाजियाबाद। हनुमान जयंती के उप्लक्ष्य में निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर दिखाई दे रहा है। जिन मार्गों से होकर शोभा यात्रा निकलेगी। इस संदर्भ में एडीसीपी ट्रैफिक रामानन्द कुशवाहा ने बताया कि गोल चक्कर दिल्ली, टीला मोड़ व खजूरी पुश्ता दिल्ली से लोनी बॉर्डर/लोनी की ओर आने वाले ट्रैफिक को दूसरे मार्गों से निकाला जाएगा। इसी प्रकार बागपत से दिल्ली और गाजियाबाद की ओर आने वाले ट्रैफिक भी तिराहे से डायवर्ट कर दिया जाएगा।

एलिवेटड रोड पर आग का गोला बना ट्रक

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-33 एलिवेटड रोड पर एक ट्रक में आग लग गई। ट्रक में सब्जियां भरी हुई थी। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग पूरे ट्रक को अपनी चपेट में लेती इससे पहले की दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। आग ये ट्रक का केबिन जलकर राख हो गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग लगते ही चालक और परिचालक दोनों ने ट्रक को खड़ा किया और वे उतर गए। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिन्होंने आग पर काबू पाया। आग से कोई जन हानि नहीं हुई है। पीक आवर में ट्रक में आग लगने से एलिवटेड पर जाम लग गया। करीब 20 से 25 मिनट में आग पर काबू पाया गया। इसके बाद एक लेन को बंद कर वाहनों को निकाला गया। अब क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया जा रहा है।

लिफ्ट में बच्ची से छेड़खानी

नोएडा। नोएडा में लिफ्ट में एक 11 साल की बच्ची के साथ दो लोगों ने छेड़खानी की। बच्ची काफी डर गई थी। उसने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस से इसकी शिकायत की। छेड़खानी करने वालो आरोपी फरार है। लेकिन जिसे लड़के को नौकरी दी थी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना सेक्टर-113 प्रभारी प्रमोद कुमार प्रजापति ने बताया कि सेक्टर.113 की एक सोसायटी है। यहां रहने वाली एक 11 साल की बच्ची स्कूल से घर लौट रही थी। लिफ्ट में वो अकेली थी। उसी लिफ्ट में आरोपी भी था। आरोपी सोसायटी में कूड़ा उठाने का काम करता है। उसे सजान अली निवासी बक्सर वर्तमान पता बिसरख ने काम पर रखा था। इस दौरान लिफ्ट में कूड़ा उठाने वाले ने बच्ची के साथ छेड़खानी की। बच्ची ने विरोध किया। हालांकि लिफ्ट से उतरते ही उसने परिजनों की ये बात बताई। तब तक लड़का फरार हो चुका था। पुलिस से शिकायत की गई। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने लड़के को काम पर रखने वाले सजान अली को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

हथियार के बल पर लूटने वाले चार गिरफ्तार

नोएडा। ग्रेनो में सुनसान जगहों पर हथियार के बल पर लूट करने वाले चार लुटेरों को नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने लूट की गई स्कूटी, आईफोन, तमंचा, पिस्टल और नगदी बरामद की है। ये लुटेरे हथियार के बल पर जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल फोन, बाइक व अन्य सामान की लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में 21 मार्च 2023 को आईआईएमटी कॉलेज के पास से एक स्कूटी चोरी हो गई थी। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

तंत्र-मंत्र के नाम पर एनआरआई से 2.75 करोड़ की ठगी

- पुलिस ने महिला समेत चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने एक अमेरिकन एनआरआई से तंत्र-मंत्र कर इलाज करने के नाम पर ठगी करने वाले ठगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने 1 महिला और 3 पुरुषों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने अमेरिकी एनआरआई को करीब 10 महीने तक एक कमरे में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया। दरसअल पीड़िता किरण शर्मा के पति संजय शर्मा मूल रूप से पंजाब के रहने वाले हैं। उनका अमेरिका में ट्रांसपोर्ट का बिजनेस है। वहां पर बीमार होने पर वह पंजाब वापस लौट आए थे और उनका बिजनेस वहां उनकी पत्नी किरण संभाल रही हैं। पंजाब से वह इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के एनआरआई सिटी में आकर रहने लगे। डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि संजय शर्मा की मुलाकात हिमांशु और उसकी पत्नी मोनी उर्फ मोना से गार्डन गेलेरिया स्थित क्लब में हुई थी। वहां पर संजय शर्मा ने अपनी हार्ट की बीमारी के बारे में हिमांशु को बताया। हिमांशु और उसकी पत्नी ने भरोसा दिलाया कि हमारे गुरू जी फैजान जो मुरादाबाद के रहने वाले हैंए जिनके अंदर तंत्र मंत्र की दैवीय शक्तियां हैं वो आपको ठीक कर देंगे। अप्रैल 2022 में हिमांशु, उसकी पत्नी मोना अपने गुरू मोहम्मद फैजान और उसकी पत्नी जोहाए विशाल और जोशी के साथ संजय शर्मा के घर आ गए और तंत्र-मंत्र का प्रपंच करके संजय शर्मा को अपनी बातों में फंसाकर एक कमरे में कैद कर लिया। फैजान की निगरानी में संजय को रखा गया और माह अप्रैल 2022 से लेकर माह फरवरी 2023 तक करीब 2.75 करोड़ रुपए आरोपियों ने अपने खातों में संजय शर्मा से ट्रांजेक्शन करा लिए।

कार की छत पर चढ़कर युवकों का हुड़दंग, जांच में जुटी पुलिस

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा

नोएडा में कार की छत पर चढ़कर हुड़दंग करते युवकों का वीडियो सामने आया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि चार युवक कार की छत पर खड़े होकर हुडदंग कर रहे है।

तीन युवक सड़क पर डांस कर रहे है। इनमें से एक युवक रील बना रहा है। लोगो ने ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की है। वीडियो 18 सेकेंड का है। ये वीडियो नोएडा की सबसे व्यस्ततम रोड एलिवेटड का बताया जा रहा है। ये वीडियो देर रात शूट किया गया है। क्योंकि इस दौरान यहां ट्रैफिक काफी कम दिख रहा है। लेकिन ये एलिवेटड है। यहां बड़े हादसा हो सकता है।

पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर थाना सेक्टर-24 पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए है। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर जांच कर रही है। डांस कर रहे अधिकांश युवक 18 ये 22 साल तक के ही लग रहे है। इससे पहले भी एलिवेटड पर हुडदंग और रील बनाई है।

एमबीबीएस में यूजी पीजी सीटों को समान करेंगे: स्वास्थ्य मंत्री

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को गाजियाबाद में कहा, 9 साल पहले देश में एमबीबीएस की 54 हजार सीटें थीं, जो अब 1 लाख 3 हजार हो गई हैं।

हमने अस्पताल बढ़ाने से पहले मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाई हैं। मंत्री ने कहा, जल्द ही यूजी और पीजी की सीटों को समान कर देंगे, ताकि ताकि एमबीबीएस डॉक्टरों को पीजी करने का अवसर मिल सके। स्वास्थ्य मंत्रालय इस पर तेजी से काम कर रहा है। मनसुख मंडाविया ने कहा, अब दुनियाभर के मरीज अफोर्डेबल इलाज के लिए भारत आ रहे हैं। दुनिया के अन्य देशों में जो स्वास्थ्य सुविधाएं हैं, वे सभी अब भारत में मौजूद हैं। आने वाले दिनों में हील इन इंडिया के तहत दुनिया भारत के साथ एमओयू साइन करने के लिए बैठी है। भारत हेल्थ सेक्टर में रिसर्च के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है।

हमने आईसीएमआर हैदराबाद के दरवाजे सबके लिए खोल दिए हैं। अब किसी को लैब या रिसर्च इन्सटीट्यूट स्थापित करने पर करोड़ों रुपया खर्च करने की जरूरत नहीं है।

रोबोटिक सर्जरी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइंटिफिक का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया एवं हरदीप पुरी ने कौशाम्बी के यशोदा अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइंटिफिक सेशन का उद्घाटन किया।

अस्पताल ने इस तकनीक को अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए केंद्र में चौथी पीढ़ी की रोबोटिक सर्जरी प्रणालियों में से एक दा विंची को इन्स्टॉल किया। मौके पर जनरल वी के सिंह, राज्य सभा संसद सदस्य अनिल अग्रवाल की उपस्थिति रहे। विभाग का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख एल मंडाविया ने कहा कि यह भारत सरकार के सभी मिशन के लिए स्वास्थ्य की यात्रा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स के सीएमडी डॉ पी एन अरोड़ा ने लॉन्च पर कहा, हम उन्नत और सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के नए तरीके खोजने में हमेशा सबसे आगे रहते हैं, और सबसे अत्याधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी लाना हमारा लक्ष्य है। अस्पताल की प्रबंध निदेशक डॉ उपासना अरोड़ा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

यशोदा अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइंटिफिक के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया एवं हरदीप पुरी को पौधा भेंट करते सीएमडी पीएन अरोड़ा।

नोएडा में टॉप-20 बकाएदारों का आवंटन निरस्त

- ग्रेनो प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने आवासीय संपत्ति विभाग की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने आवासीय संपत्ति विभाग की समीक्षा की। सीईओ ने निर्देश दिए कि विगत आवासीय भूखंड स्कीम में जिन आवेदकों भूखंड पाने में सफल रहे हैं।

उनको अगले सप्ताह तक आवंटन पत्र जरूर भेज दें। उनसे तय समयावधि में आवंटन राशि जमा कराएं। आवासीय संपत्ति विभाग के बकायेदारों की समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि टॉप-20 बकाएदारों का आवंटन निरस्त करने के निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर बीते दिनों 166 आवासीय भूखंडों की स्कीम निकाली गई थी। ऑक्शन के जरिए इनका आवंटन किया गया है। सर्वाधिक बोली लगाने वालों को ही ये भूखंड मिले हैं। इससे प्राधिकरण को रिजर्व प्राइस से दोगुनी कीमत प्राप्त होगी। सीईओ ने इन सभी सफल आवंटियों को अगले सप्ताह तक आवंटन पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की बकाया धनराशि न देने वाले आवंटियों पर अब तक कार्रवाई न करने पर विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। सीईओ ने टॉप.20 बकाएदारों के आवंटन तत्काल निरस्त करने और उन भूखंडों को स्कीम में शामिल कर नए सिरे से आवंटित करने के निर्देश दिए।

सीईओ के द्वारा दिए गए निर्देश के बाद सभी अधिकारी बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुट गए हैं। इस दौरान टॉप 20 बकायेदारों के आवंटन तत्काल निरस्त करने के लिए उनकी सूची तैयार की जा रही है। गौरतलब है कि इनका आवंटन तत्काल निरस्त करने के बाद उन भूखंडों को स्कीम में शामिल करने की श्रेय से आवंटित किया जाएगा। बैठक में एसीईओ आनंद वर्धन, जीएम आरके देव, प्रबंधक केएम चौधरी समेत अधिकारीगण मौजूद रहे।

बदमाशों ने महिला को धक्का देकर लूटी सोने की चेन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में दोपहर दो बजे के आसपास दुकान पर बैठी महिला से दो बदमाश सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बदमाश दुकान पर ग्राहक बनकर आए थे। जाते समय बदमाशों ने महिला को धक्का दिया और इसी बीच सोने की चेन लूटकर फरार हो गए।

भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी गली नम्बर तीन निवासी पवन कुमार गुप्ता परिवार सहित रहते हैं। उन्होंने अपने घर में ही परचून की दुकान खोल रखी है। दोपहर दो बजे के आसपास उनकी पत्नी मंजूलता गुप्ता दुकान पर बैठी थी। इसी बीच दो युवक आए और महिला से सामान देने के लिए कहा।

महिला सामान दे ही रही थी कि इसी बीच बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन लूट ली। बदमाश दुकान से दो सौ मीटर दूर खड़ी बाइक से फरार हो गए। महिला ने बताया कि सोने की चेन की कीमत एक लाख रुपये के आसपास है। पीड़िता ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर एसीपी रितेश त्रिपाठी व थाना प्रभारी भानू प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 9 अप्रैल , 2023

अंतरराष्ट्रीय स्तर के होंगे स्कूलों के भवन

मुख्यमंत्री ने विनोद नगर में राजकीय सर्वोदय कन्या-बाल विद्यालय में नई इमारत की नींव रखी

● नए भवन में 93 कमरे बनेंगे इसमें 71 में कक्षाएं चलेंगी, 22 कमरे लैब, लाइब्रेरी, एक्टिविटी, प्रिंसिपल ऑफिस व स्टाफ के लिए होंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार पूर्वी दिल्ली के विनोद नगर स्थित राजकीय सर्वोदय कन्या बाल विद्यालय स्कूल की ऐसी इमारत बनाने जा रही है जो अमेरिका की कोलंबिया विविश्वविद्यालय की तरह दिखाई देगी।

पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने इसकी योजना बनाई थी। नई इमारत में 93 अतिरिक्त कमरे बनाए जाएंगे, जिसके बाद स्कूल की क्षमता दोगुनी की जाएगी। 93 कमरों में से 71 में कक्षाएं चलेंगी और 22 कमरों में प्रयोगशाला, पुस्तकालय, एक्टिविटी, प्रधानाचार्य कार्यालय और शैक्षिक व गैर शैक्षिक कर्मचारियों के बैठने के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को इस स्कूल के नए भवन की आधारशिला रखी। साथ ही दावा किया इस स्कूल का उद्घाटन सिसोदिया करेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मनीष सिसोदिया द्वारा शुरू की गई शिक्षा क्रांति को वह मिशन मोड पर इसी तरह जारी रखेंगे। पूर्व शिक्षा मंत्री ने सरकारी स्कूलों को शानदार बनाया तो उनको जेल में डाल दिया गया। सच्चाई के रास्ते पर चलने वालों की भगवान हमेशा परीक्षा लेते हैं।

भगवान मनीष की भी कड़ी परीक्षा ले रहे है। उन्हें पूरा यकीन है कि एक दिन सिसोदिया पूरे अंकों से पास होंगे। सीएम ने कहा कि बच्चों की शिक्षा पर चाहे जीतने पैसे खर्च करने पड़े करेंगे और सबको अच्छी शिक्षा मुहैया कराएंगे।

इन्ही बच्चों में से कोई भविष्य में प्रधानमंत्री बनेगा। वह नहीं चाहते कि भविष्य में कोई अनपढ़ व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री बने।

केजरीवाल ने राजकीय सर्वोदय कन्या-बाल विद्यालय में अतिरिक्त क्लास रूम की आधारशिला रखी गई है। यहां पर पढ़ाई का स्तर पहले से अच्छा हो गया है।

यहां का स्तर इतना उंचा हो गया है कि अब यहां पर फ्रैंच, जर्मन, स्पैनिश और जैपनिज चार विदेशी भाषाएं पढ़ाई जाती हैं। वह चुनौती देते है कि दिल्ली के किसी भी निजी स्कूल में फ्रैंच, जर्मन, स्पैनिश और जैपनिज विदेशी भाषाएं नहीं पढ़ाई जाती है, लेकिन ये भाषाएं अब सरकारी स्कूल में पढ़ाई जाती है।

नई बिल्डिंग बनने के बाद स्कूल कोलंबिया यूनिवर्सिटी जैसा दिखेगा

पिछले सात-आठ सालों में सरकारी स्कूलों में बड़ा बदलाव आ गया है। अब इस स्कूल की बिल्डिंग भी सुधर जाएगी। अभी तक स्कूलों में विदेशी भाषाएं ही पढ़ा रहे थे, अब विदेशों की तरह स्कूलों के भवन भी बनाएंगे। कोलंबिया अमेरिका की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है। नई बिल्डिंग बनने के बाद यह स्कूल कोलंबिया यूनिवर्सिटी जैसा दिखाई देगा।

कमजोर छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं चलेंगी

अगर कुछ बच्चे पढ़ाई में कमजोर हैं तो उनके लिए अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। खराब प्रदर्शन करने वाले छात्रों की अंकतालिकाएं ट्विटर पर पोस्ट करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता को जवाब देते हुए केजरीवाल ने कहा कि पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। भाजपा प्रवक्ता हरीश खुराना ने सरकारी स्कूलों के छात्रों की अंकतालिकाएं पोस्ट की थी और आरोप लगाया था कि हर साल कक्षा नौ में एक लाख से अधिक बच्चे फेल हो जाते हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्कूल देने का दावा मजाक : भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है और मुख्यमंत्री के अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्कूल देने का दावा महज एक मजाक है। हर साल सरकारी स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या बढ़ रही है और फेल होने वाले छात्रों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा लागू की गई नो डिटेंशन पॉलिसी का नतीजा है क्योंकि छात्रों को पता था कि उन्हें फेल नहीं किया जाएगा।

सिसोदिया ने शिक्षा की जगह शराब नीति पर दिया ध्यान : कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने पिछले 8 वर्षों में स्थापित बेहतर शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। शिक्षा क्रांति का यह हस्र है कि किसी छात्र के 80 में से 3 नम्बर आ रहे है, किसी के 5 और किसी के 9 नम्बर। सिसोदिया ने शिक्षा को बढ़ावा देने की जगह शराब के ठेके खोलने का काम किया जिसके कारण सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है।

अस्पतालों और पॉलीक्लीनिक को कोविड जांच तेज करने के निर्देश

● राजधानी में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए सरकार ने लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कुछ दिनों से कोविड-19 के मामले तेजी से बढने के मद्देनजर दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों, पॉलीक्लीनिक और औषधालयों को जांच बढ़ाने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

शहर में 30 मार्च से सात अप्रैल तक कोरोना वायरस के 3,800 से अधिक मामले सामने आए हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को शहर में बीते सात महीनों में कोविड-19 के सबसे अधिक 733 दैनिक मामले सामने दर्ज किए गए।

सूत्रों ने बताया कि विभाग ने अस्पतालों, पॉलीक्लीनिक और औषधालयों को कोविड जांच बढ़ाने का निर्देश दिया है। एक सूत्र ने कहा, इन स्वास्थ्य केंद्रों से कहा गया है कि बुखार, कफ, बदन दर्द जैसे लक्षण वाले किसी भी मरीज के पहुंचने पर उसकी कोविड जांच कराई जाए, क्योंकि दैनिक मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

शुक्रवार के स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, शहर में कोविड-19 से मरने वालों का आंकड़ा फिलहाल 26,536 है और अब तक 20,13,403 लोग इस संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं।

देश में एच3एन2 इंफ्लुएंजा के मामलों में अचानक वृद्धि आने के बीच पिछले कई दिनों में यहां कोविड के नए मामले भी तेजी से बढ़े हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले सप्ताह कहा था कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में कोविड के मामलों में वृद्धि पर नजर रख रही है और वह किसी भी आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए तैयार है, वहीं तैयारी पूरी है।

कोरोना के 535 संक्रमित मिले संक्रमण दर 23 फीसदी से ज्यादा

नई दिल्ली। कोरोना की रफ्तार कम नहीं हो रही है। पिछले कई दिनों से कोविड-19 के मामले 500 से ज्यादा आ रहे हैं। हालांकि शुक्रवार के मुकाबले कोरोना वायरस से राहत मिली है। पिछले 24 घंटे में शनिवार को कोरोना के 535 संक्रमित मरीज मिले हैं। इस दौरान एक भी मरीज की मौत नहीं है। इससे एक दिन पहले 733 कोविड-19 संक्रमित मिले थे। लेकिन संक्रमण दर शुक्रवार के मुकाबले 19.93 फीसदी से बढ़कर शनिवार को 23.05 फीसदी हो गई है। अच्छी बात यह है कि संक्रमित होने वालों से ज्यादा 634 मरीज बीमारी को मात दिए हैं। पिछले एक दिन में 634 मरीजों ठीक हुए है। दिल्ली में इस समय 2232 सक्रिय मरीज हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले चौबीस घंटे में 2321 मरीजों की कोविड-19 की जांच की गई है। जिसमें 535 मरीज संक्रमित मिले। इस समय होम आइसोलेशन में 1570 मरीज अपना इलाज करा रहे हैं। वहीं संदिग्धों समेत कुल 133 मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जिसमें से 60 मरीज आईसीयू, ऑक्सीजन पर 43 और वेंटिलेटर पर 12 मरीजों का इलाज चल रहा है।

हेड कांस्टेबल ने पीसीआर वैन में खुद को गोली मारी, मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● सिविल लाइंस के चंदगी राम अखाड़ा के पास हुई घटना

दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने शनिवार सुबह सिविल लाइंस इलाके में चंदगी राम अखाड़ा के पास एक पीसीआर वैन के अंदर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि शनिवार सुबह छह बजकर 25 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली कि सिविल लाइंस थाने के पीसीआर वैन प्रभारी हेड कांस्टेबल इमरान मोहम्मद ने अपने सरकारी हथियार से खुद को गोली मार ली है। कलसी के मुताबिक, इमरान ने चंदगी राम अखाड़ा के पास बेला रोड पर उस समय खुद को गोली मार ली, जब पीसीआर चालक और उसके सहयोगी कांस्टेबल अतुल भाटी शौचालय गए थे।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए जिला अपराध टीम को बुलाया गया है।

रवि गंगवाल-रोहित चौधरी गिरोह का बदमाश धरा

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने अलग-अलग मामलों में दो बदमाशों को धर दबोचा है। पुलिस ने कुख्यात रवि गंगवाल-रोहित चौधरी गिरोह के सदस्य को पकड़ा है जो कि चर्चित गंगवार हत्याकांड में शामिल था। आरोपी दिल्ली के टॉप 10 वांछित अपराधियों में से एक है जिसपर हत्या, हत्या की कोशिश, दंगा शस्त्र अधिनियम समेत 11 मामलों दर्ज हैं।

इसके अलावा अन्य मामले में एक अंतरराज्यीय इनामी बदमाश कमल को भी दबोचा है, जो चोरी के वाहनों का फर्जी पंजीकरण प्रमाण पत्र तैयार कर अलग-अलग राज्यों के अपराधियों को बेचता था।

द्वारका में वकील की हत्या करने वाला पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● प्रदीप पहलवान ने रंजिश में वारदात को दिया था अंजाम

द्वारका साउथ थाना क्षेत्र में कार सवार एक वकील की दिनदहाड़े गोली मारकर दी गई थी। बाद उनकी मौत हो गई थी। इस मामले का पर्दाफाश करते हुए दिल्ली पुलिस वारदात को अंजाम देनें वाले दो आरोपियों में से एक की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान प्रदीप पहलवान उर्फ प्रवीण उर्फ बेबी के रूप में हुई है। प्रदीप के विभिन्न थानों में 12 आपराधिक केस दर्ज हैं। उसके कब्जे से एक कट्टा बरामद किया है।

अपराध शाखा विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव के अनुसार एक अप्रैल 2023 को मोटरसाइकिल समवार दो बदमाशों ने वकील वीरेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में द्वारका साउथ थाने में हत्या एवं शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। छानबीन के दौरान पता चला था कि घटना में प्रदीप और नरेश ङ्क लाला शामिल हैं, क्योंकि उनके और मृतक के बीच विवाद चल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध शाखा के संयुक्त आयुक्त एसडी मिश्रा और पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने इंस्पेक्टर संदीप तुषीर और इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व एक टीम बनाई गई। टीम ने आरोपी व्यक्तियों की तलाश के लिए तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी पर काम किया। आरोपियों ने अपने फोन बंद कर दिए थे और कोई उपकरण इस्तेमाल नहीं कर रहे थे।

संक्षिप्त समाचार

गोदाम में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

टिकरी कलां में प्लास्टिक के गोदाम में भीषण आग

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के टिकरी कलां इलाके में शुक्रवार देर रात प्लास्टिक के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हालांकि, इस घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, प्लास्टिक के गोदाम में आग लगने की सूचना शुक्रवार देर रात एक बजकर 24 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की 24 गाडयिों को मौके के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मी अभी आग पर काबू पाने की कोशिशों में जुटे हैं। गोदाम के एक कर्मी नरेंद्र सैनी ने कहा, घटना देर रात एक बजे के आसपास हुई। हमें रात डेढ़ बजे के आसपास इसकी सूचना मिली, जिसके बाद हम गोदाम पहुंचे और सामान निकालने लगे। हवा के कारण आग तेजी से फैली।

कार में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में एक कार में आग लग जाने के बाद उसमें सवार तीन लोगों की जान बाल-बाल बची। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुसुदपुर डेयरी क्षेत्र में मोहल्ला क्लीनिक के पास शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे एक कार में आग लग जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि टाटा नेक्सॉन कार जल रही है, लेकिन कार में सवार तीन लोग उससे सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे थे। पुलिस ने बताया कि दमकल की दो गाडियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पुलिस का कहना है कि ऐसा लगता है कि इंजन में गड़बड़ी की वजह से कार में आग लगी। घटना की जांच की जा रही है।

यौन उत्पीड़न के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में 15 वर्ष की एक किशोरी का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मयूर विहार फेज-1 निवासी फरमान (33) के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़िता द्वारा शुक्रवार को दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया कि फरमान ने उसके माता-पिता को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर उसका यौन उत्पीड़न किया। पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमृता गुगुलोथ ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बस में यात्रियों से लूटपाट करने वाले चार धरे

नई दिल्ली। शास्त्री पार्क इलाके में एक मिनी बस में यात्रियों को बंधक बनाकर लूटने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान सत्यपाल सिंह, मनोज कुमार, विपिन शर्मा और दीपू के रूप में हुई है। पीड़ितों आरोप है कि उन्हें अपने गंतव्य पर ले जाने का झूठा वादा करके आनंद विहार रेलवे स्टेशन से उनको बंधक बनाया गया। यात्रियों को बस में बंद कर दिया गया और गिरोह के बदमाशों ने उनके पैसे लूट लिए। मामले में संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। शास्त्री पार्क फ्लाईओवर के पास तैनात शास्त्री पार्क थाने की टीम को शुक्रवार अपराह्न करीब दो बजे कश्मीरी गेट की ओर जा रही आरटीवी बस में यात्रियों के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। पुलिस टीम ने बस को रोका, जिसके बाद 12 यात्रियों ने शिकायत की कि चालक के साथ तीन अन्य लोगों ने उन्हें अपने गंतव्य पर ले जाने का झूठा वादा करके आनंद विहार रेलवे स्टेशन से उनको बंधक बना लिया। यात्रियों को बस में बंद कर दिया गया और गिरोह ने उनके पैसे लूट लिए।

श्रीरामचरितमानस में निहित जगत कल्याण : चौबे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जगत का कल्याण करने वाले श्रीरामचरित मानस का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा। यह बात केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले व सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने शनिवार को छतरपुर हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित संस्कृति समागम एवं विश्व गुरु भारत धर्मयज्ञ में कही।

इस धर्म संसद का आयोजन श्री राम कर्म भूमि न्यास सिद्धाश्रम बक्सर एवं नमो सद्भावना समिति हैदराबाद के संयुक्त संयोजन में किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नव भारत का निर्माण हो रहा है। कभी भारत दुनिया की ओर देखा था। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। यह नव भारत है। भारत विश्व गुरु बनेगा, इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए। ईश्वर का आशीर्वाद व जनता का साथ आज भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रहा है।

इस अवसर पर धर्मगुरुओं ने कहा कि श्री राम चरित मानस पूरे विश्व का ग्रंथ है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य व जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भारत के नव जागरण का प्रतीक है। जगद्गुरु स्वामी अनंताचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीराम ब्राह्मंड नायक हैं, केंद्र सरकार को भगवान श्रीराम को राष्ट्रीय देवता, श्री रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ व सनातन धर्म को राष्ट्रीय धर्म घोषित करना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी इंद्रेश कुमार ने कहा कि सनातन सदैव रहने वाला है, जो सभी के सुख व निरोग होनी की कामना करता है। भारत जगतगुरु है।

अफ्रीकी रसोई की आड़ में हेरोइन की तस्करी

नई दिल्ली। एंटी नारकोटिक्स सेल ने अफ्रीकी रसोई की आड़ में नशी पदार्थ की तस्करी करने वाले एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। नाइजीरियाई मूल आरोपी की पहचान संडे ओकेके उगवोके के रूप में हुई है। विदेशी तस्कर के पास से 2.5 करोड़ रुपये की 1.01 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। संडे ओकेके उगवोके खिलाफ निहाल विहार थाने में केस दर्ज किया है।

पुलिस उपायुक्त हरेंद्र सिंह ने बताया कि गत सात अप्रैल को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि संडे ओकेके नामक अफ्रीकी निलोठी एक्सटेंशन, शिव विहार में अफ्रीकी रसोई चलाता है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर ली है।

जी-20 सम्मेलन : सड़कों को पौधों से सजाएगा एमसीडी

● चार माह में फुटपाथों पर रखे जाएंगे गमले

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) यहां जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले सौंदर्यीकरण के तहत अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली 20 से अधिक सड़कों के फुटपाथों पर विभिन्न प्रकार के पौधों और गमलों को लगाने की योजना बना रहा है।

निगम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगले चार माह में गमलों में पौधे लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि सभी 12 जोन में उन सड़कों की पहचान करने पर काम किया जा रहा है जहां पौधे लगाए जाने हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद यह पहली बार है जब इस तरह के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया, हमने गमलों को लगाने का फैसला किया है क्योंकि हमारे पास सड़कों के किनारों पर ज्यादा जगह नहीं है। गमले सबसे अच्छे विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि हम उस तरह के पौधों को लगाने के बारे में विचार कर रहे हैं जो लंबे समय तक फूलों से लदे रहते हैं। इन पौधों में कम से कम चार-छह महीने फूल खिलने चाहिए।

रैपिड रेल : खिचड़ीपुर में पहली टनल की खुदाई का काम पूरा

राष्ट्रीय राजधानी में मशीन से बनाई गई सबसे लंबी तीन किलोमीटर सुरंग

● आनंद विहार से खिचड़ीपुर के बीच जनवरी 2022 में शुरू हुआ था काम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ के लिए निर्माणाधीन भारत की पहली रैपिड रेल पर तेजी से काम होने के साथ नई तकनीक और दक्षता इसे बेमिसाल बना रही है। इसी क्रम में शनिवार को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर दिल्ली खंड के लिए 3 किलोमीटर लंबी पहली सुरंग की खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है, जो राजधानी दिल्ली में मशीन द्वारा निर्मित सबसे लंबी सुरंग है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सुरंग खोदने वाली मशीन सुदर्शन 4.1 ने पूर्वी दिल्ली के खिचड़ीपुर में सफलता हासिल की। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने एक बयान में कहा है कि तीन किलोमीटर लंबी यह सुरंग दिल्ली में किसी भी सुरंग-खुदाई करने वाली मशीन द्वारा बनाई गई सबसे लंबी है और इसका निर्माण जनवरी 2022 में शुरू हुआ था। गौरतलब है कि दोनों दिशाओं में आवाजाही के वास्ते 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के लिए दिल्ली में चार सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव मनोज जोशी ने एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में लीवर के माध्यम से प्रक्रिया की शुरुआत किया गया। दिल्ली सेक्शन के पहले टीबीएम, सुदर्शन 4.1 को जनवरी 2022 में आनंद विहार से खिचड़ीपुर के बीच टनल निर्माण के लिए आनंद विहार में लॉन्चिंग शाफ्ट में उतारा गया था। आरआरटीएस टनलों का व्यास 6.5 मीटर है जो 180 किमी प्रति घंटे की समान डिजाइन गति के साथ संचालित किए जा सकते हैं।

इन सुरंगों पर चल रहा काम

रैपिड रेल के लिए चार सुरंगों पर काम जारी है। इनमें पहली आनंद विहार से खिचड़ीपुर तक निर्मित, दिल्ली सेक्शन में 3 किलोमीटर पहली टनल है जिसका निर्माण पूरा किया गया है। दूसरी टीबीएम, सुदर्शन 4.2% ने इसी दिशा में 2.5 किलोमीटर से ज्यादा की टनल बनाने का काम पूरा कर लिया है। सुदर्शन 4.3 व 4.4 जो आनंद विहार से साहिबाबाद की दिशा में टनल बोर कर रही हैं, क्रमश: लगभग 1.5 किलोमीटर व 1 किलोमीटर का निर्माण कार्य पूरा कर चुकी हैं।

82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए, दोनों दिशाओं में आवागमन के लिए दिल्ली में कुल 4 टनलों का निर्माण किया जा रहा है। आनंद विहार से खिचड़ीपुर के बीच न्यू अशोक आरआरटीएस स्टेशन की ओर लगभग 3 किमी लंबी दो समानांतर टनलें और आनंद विहार से वैशाली के बीच साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन की ओर लगभग 2 किमी लंबी 2 समानांतर टनलें निर्मित की जा रही हैं।

अपने उपहारों की नीलामी से सरपंच सुंदर लाल को सीएम ने सौंपी राधा-कृष्ण की प्रतिमा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सरपंच सुंदर लाल को नीलामी में खरीदा गया मोमेंटो प्रदान करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मिले उपहारों की ऑनलाइन नीलामी के बाद ये उपहार खरीददारों को भेंट करने का समारोह यादगार बन गया। यह समारोह मुख्यमंत्री मनोहर लाल से व्यक्तिगत मुलाकात के साथ भावनात्मक भी रहा। इस समारोह में गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर-बढ़ा के सरपंच सुंदर लाल यादव को भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राधा-कृष्ण की प्रतिमा सौंपी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निवास संत कबीर कुटीर पर आयोजित उपहार वितरण समारोह में नीलामी में खरीदा गया उपहार लेने पहुंचे सरपंच सुंदर लाल इन पलों को अपने जीवन के सबसे यादगार और सुंदर पल बताते हुए कहते हैं कि पहली बार उन्होंने ऐसे कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जो पूरी तरह से समाज के हित के लिए रहा।

उनका कहना है कि भले ही राधा-कृष्ण प्रतिमा उन्होंने नीलामी में खरीदी हो, लेकिन इसमें लगने वाला पैसा समाज सेवा में काम आएगी, यह बड़ी है। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा समाज के कल्याण के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री उपहार योजना एक अनूठी पहल है। उनकी यह योजना इस बात का उदाहरण है कि वे अपने सार्वजनिक जीवन को कितनी सादगी से जीते हुए समाज के लिए काम करते हैं।

विभिन्न कार्यक्रमों में मिलने वाले उपहारों की ऑनलाइन बोली के पहले चरण में 51 उपहारों की नीलामी की गई। इसमें लोगों ने 1 करोड़ 14 लाख 95 हजार रुपये की सहयोग राशि दी। सरपंच सुंदर लाल ने समारोह के अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। सरपंच सुंदर लाल के मुताबिक मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उपहार प्राप्त करने वाले लोगों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इन उपहारों से प्राप्त सहयोग राशि को मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा किया गया है और इसे जनकल्याण के कार्यों पर खर्च किया जाएगा।

गुरुग्राम के प्राकृतिक स्रोतों को विकसित करने में सीएम मनोहर लाल के प्रयास ला रहे रंग

मुख्यमंत्री को पौधा भेंट करते नवीन गोयल। फाइल फोटो।

गुरुग्राम। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा यह सच है कि हमारा गुरुग्राम कंक्रीट का शहर है। यहां प्राकृतिक स्रोतों की कमी देखी जा रही है। पुराने तालाब, जोहड़ों का अस्तित्व यहां समाप्त सा हो गया है। ऐसे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा यहां प्राकृतिक स्रोत को फिर से विकसित करने की दिशा में कदम उठाकर प्रकृति और पर्यावरण को संजीवनी देने का काम किया है। इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री के प्रयास रंग ला रहे हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सिकंदरपुर जल निकाय के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के साथ वन क्षेत्र में भी विस्तार करके एक नयी और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच को जन्म दिया है। यह कार्य हम सबके लिए एक आदर्श बनेगा। नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सिकंदरपुर के समीप 90 एकड़ क्षेत्र में विकसित जल निकाय के कायाकल्प व सौंदर्यीकरण से जुड़ी परियोजना का भी शुभारंभ करके अरावली क्षेत्र में जंगल में मंगल करने का काम किया है। कुल 9.1 करोड़ रुपये की बड़ी राशि खर्च करके यहां जिस तरह से जल निकाय क्षेत्र विकसित किया गया है, यह हम सबके लिए प्रेरणा का काम है।

संक्षिप्त समाचार

स्कूटी सवार युवक को पीट-पीट कर अधमरा किया

सोहना। शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर स्कूटी सवार युवक को 3-4 युवकों ने रात के समय में रोकर लातघूसे और डंडों से पीट-पीटकर अधमरा व बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए। पीड़ित युवक ने हालत में सुधार होने पर 19 दिन के बाद पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। नगर परिषद का वार्ड-9 का गांव जखोपुर निवासी भानू ने पुलिस को बताया कि 17 मार्च की रात करीब साढ़े 11 बजे वह जीएलएस सोसायटी से स्कूटी पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। कोर्ट के सामने सर्विस मार्ग पर उसकी स्कूटी को रुकवाकर मारना पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों ने उसे इतना पीटा की वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। उसे जब होश आया तो वह अस्पताल में था। पीड़ित ने बताया कि उसके बेहोश होने पर उसे किस-किस ने पीटा गया। वह कुछ नहीं बता सकता, लेकिन आरोपियों की मारपीट के कारण वह 20 दिन बाद भी सही ढंग से चल भी नहीं पा रहा है। पीडित भानू ने बताया कि एक युवक दिलशाद था। वह जखोपुर में ही रहता है तथा अन्य को वह नहीं जानता।

बैठक में शामिल नहीं होने पर 17 अस्पतालों को दिया नोटिस

गुरुग्राम। बीती 6 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुलाई गई जिला टास्क फोर्स की बैठक में शामिल नहीं होने पर 17 अस्पतालों के प्रति नाराजगी जताते हुए डीसी ने उन्हें नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में कहा गया है कि वे अपनी गैरहाजिरी की स्थिति स्पष्ट करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 अप्रैल को डीसी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में जिला में कोविड केसों में हो रही बढ़ोतरी, मॉक ड्रिल, इन्फ्लुएंजा, यू-विन, खसरा और रूबेला (एमआर) उन्मूलन, डेंगू और मलेरिया आदि विषयों पर चर्चा की जानी थी। एडीसी विश्राम कुमार मीणा के मुताबिक बैठक में शामिल होने को लेकर जिला के सभी अस्पतालों को ईमेल द्वारा सूचित करने के साथ-साथ कोविड एस3 पोर्टल व्हाट्सएप ग्रुप में भी सूचना सांझा की गई थी। सूचना मिलने के बावजूद गैरहाजिर रहे अस्पतालों के प्रति डीसी ने नाराजगी जताते हुए इसे कोविड वृद्धि के बीच लापरवाही माना है। गैर हाजिर रहे अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए हैं। आर्टेमिस अस्पताल, पारस अस्पताल, मणिपाल अस्पताल, सिग्नेचर अस्पताल, क्लाउड नाइन अस्पताल, आर्यन अस्पताल, मेयोम अस्पताल, सत्यम अस्पताल, डब्ल्यू प्रतीक्षा अस्पताल, सिल्वर स्ट्रीक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल, उमा संजीवनी अस्पताल, आरबीएस अस्पताल, कैलाश अस्पताल, लाल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, साई सिद्धि अस्पताल, प्रकाश हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, ईएसआई मानेसर आदि अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए हैं।

विवाहिता की शिकायत पर पति समेत पांच पर केस दर्ज

सोहना। शहर थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति समेत सास, ससुर और दो नंद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने पति व ससुर पर गले में रस्सी डालकर जान से मारने के इरादा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। शहर के वार्ड-13 की पीर कॉलोनी निवासी सुहाना ने पुलिस को बताया कि बल्लभगढ़ निवासी रासीद से उसका निकाह 4 जनवरी 2020 को हुआ था। लेकिन निकाह के 4-5 दिन बाद से ही ससुराल वालों ने शादी में 50 हजार नकद, एसी और पति के लिए सोने की चैन लाने की मांग करना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना और मारपीट करने का सिलसिला शुरु हो गया। 16 अक्टूबर 2020 को उसने बेटी को जन्म दिया। बेटी को उसने अपने पिता के घर रहते हुए जन्म दिया। दो दिन बाद उसकी विधवा में उसे और उसकी बेटी को लेकर ससुराल गई तथा 20 हजार रुपये नकद देकर आई। 15-20 दिन बाद से ससुराल वालों ने फिर से उसे दहेज के लिए तंग करना शुरू कर दिया। वह अपनी और बेटी जिन्दगी के लिए ससुराल वालों के जुल्म को सहन करती रही। 5 फरवरी 2021 को उसके पति ने ससुर मुहरु के कहने पर उसे जान से मारने के इरादे से गले में रस्सी डालकर मार देना चाहा। लेकिन उसके विरोध करने पर पति अपने इरादे में कामयाब नहीं हो सका। शहर थाना पुलिस ने पति रासीद समेत ससुर महरु, सास बस्सो व दो नंद साहिना व रसीमीना के खिलाफमामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

रेडक्रॉस की ओर से शिविर में 80 मजदूरों की टीबी स्क्रीनिंग हुई

गुरुग्राम। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सूर्या विहार में लगाए गए शिविर में लोगों की टीबी की जांच की गई। साथ ही एचआईवी से बचाव के लिए जागरुक किया गया। जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि इस शिविर में प्रवासी 80 मजदूरों की टीबी की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 2 लोग टीबी ग्रस्त पाए गए। इसके अलावा 60 लोगों की अन्य मेडिकल जांच की गई। नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। तीन लोगों को एसटीआई के उपचार के लिए दवाइयां दी गई। टीआई प्रोजेक्ट में ओआरडब्ल्यू सुषमा रानी व विनीत पीटर की भी शिविर में भूमिका रही। जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा समय-समय पर इस तरह के शिविर लगाए जाते हैं, ताकि समाज के हर उस व्यक्ति तक उपचार पहुंचे मुख्यधारा से कटा हुआ है। आम तौर पर मजदूर तबके तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में कठिनाई आती है। इसलिए रेड क्रॉस सोसायटी स्वास्थ्य विभाग और आम जनता के बीच सेतु का काम करती है। उन्होंने कहा कि जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के दिशा-निर्देशों में रेडक्रास जनहित के काम करता है।

हरियाणा में अगले वर्ष तक नहीं रहेगा एक भी बच्चा स्कूल से बाहर : मुख्यमंत्री

गुरुग्राम में एक निजी स्कूल के शुभारंभ अवसर पर बच्चों की प्रतिभा देख प्रसन्न होते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में हर बच्चे को शिक्षा के माध्यम से देश की मुख्यधारा में लाने के लिए जीरो ड्रॉप आउट की नीति पर काम किया जा रहा है, ताकि अगले वर्ष तक प्रदेश में कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर ना रहें। इसके लिए 6 से 18 वर्ष आयु के करीब 48 लाख बच्चों के शिक्षा के स्टेट्स को जानने के लिए ट्रैक किया जा रहा है। उन्होंने ये बातें शनिवार को गुरुग्राम में एक निजी स्कूल के शुभारंभ अवसर पर कहीं।

मुख्यमंत्री ने स्कूल का उद्घाटन करने के उपरांत नवनिर्मित भवन का अवलोकन करते हुए अलग-अलग कक्षाओं व लैब में जाकर विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरक व्यक्तित्वों के बारे में भी बताया और सवाल भी पूछे। मनोहर लाल ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम-श्री) योजना का जिक्र करते हुए बताया कि इस योजना से अगले वर्ष तक प्रदेश के सभी 135 खण्डों में दो-दो अर्थात कुल 270 पीएम-श्री स्कूल खोले जाएंगे। हर खण्ड में यह मॉडल स्कूल होंगे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार इन स्कूलों में बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को संस्कार के साथ शिक्षा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार की गई है। जिसे देश भर में 2030 तक लागू करने का लक्ष्य रखा गया, लेकिन हरियाणा में इसे 2025 तक पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा।

कोविड काल में दिखा भारत का टैलेंट : मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य के निर्माण में शिक्षा के मंदिरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत प्राचीन समय में उच्च कोटि की शिक्षा का केंद्र रहा है। अब भी देश में टैलेंट की कमी नहीं है और दुनिया की बड़ी कंपनियों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व अंतरिक्ष से जुड़े कार्यक्रमों में भारतीयों की संख्या प्रशंसनीय है। उन्होंने कोविड काल का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस दौर को चुनौती के रूप में स्वीकारा और भारतीय वैज्ञानिकों ने कम समय में दो-दो वैक्सीन तैयार कर दुनिया को एक नई राह दिखाई।

पढ़ाई के साथ स्किल डेवलपमेंट पर भी दिया जाएगा ध्यान : उन्होंने हरियाणा में शिक्षा के तंत्र को विकसित बनाने के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण कलस्टर योजना के बारे में बताया कि प्रदेश के हर चार-पांच गांवों का एक क्लस्टर बनाया गया है। जिसमें एक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऐसा होगा, जहां तीनों संकाय-कला, विज्ञान व वाणिज्य की पढ़ाई के साथ स्वरोजगार के लिए बच्चों के कौशल को भी विकसित किया जाएगा। इसी तरह छात्राओं के शिक्षण संस्थानों तक आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए छापसु (छात्रा परिवहन सुरक्षा) योजना के तहत 150 नई बसें भी खरीदी गई है और हर संस्थान में छात्राओं के परिवहन के लिए एक-एक नोडल अधिकारी भी लगाया गया।

महानगर बने गुरुग्राम की आवश्यकताएं भी हैं अधिक

एक आवाज संस्था के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में एक आवाज संस्था की ओर से आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते संस्था के सदस्य।

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने एक आवाज संस्था द्वारा आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में सेंकड़ों लोगों ने अपनी सामान्य जांच करवाने के साथ नि:शुल्क दवाई भी प्राप्त की।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि रक्तदान हो या नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, यह दोनों ही जनहित के काम हैं। हमें ऐसे कार्यों को हिस्सा भी बनना चाहिए। अपना योगदान भी देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम महानगर बन चुका है। ऐसे में यहां की आवश्यकताएं भी अधिक हैं। चिकित्सा क्षेत्र हो या फिर कोई दूसरा काम। गुरुग्राम की जनसंख्या के हिसाब से यहां पर रक्त और स्वास्थ्य सुविधाओं की पूर्ति बड़ा काम है। विधायक ने कहा कि गुरुग्राम की संस्थाएं लगातार रक्तदान शिविर और जांच शिविर लगाती रहती हैं। इसलिए छोटी-छोटी बीमारियां इन शिविरों में पकड़ में आ जाती हैं और उनका उपचार भी शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि शहर में नियमित तौर पर चिकित्सा शिविर लगते हैं। हमें आसपास लगने वाले शिविरों में अपनी जांच करानी चाहिए, ताकि सरकारी अस्पतालों से दबाव कम हो सके। हमारे द्वारा किए जाने वाले नेक कार्य सदा हमारे जीवन को खुशहाल बनाते हैं। कार्यक्रम में विधायक के साथ संस्था के संरक्षक सूरज गोयल, चेयरमैन विकास गुप्ता, अध्यक्ष आशीष गुप्ता, महासचिव निशांत अहलावत, कोषाध्यक्ष सुमित कपूर, अमित सैनी, पंकज दहिया, कमलेश सैनी, वरूण अग्रवाल, चेतना, तनिष्का, मीना माहेश्वरी, प्रतिभा, मीना सिंगला, निर्मल नागेश्वरी, व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

विकास कार्य न होने पर पार्षदों ने दी नप कार्यालय में ताला जड़ने की चेतावनी

विकास कार्य न कराने के आरोपों से परेशान कुछ पार्षद पद से इस्तीफा देने को भी तैयार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

वार्डों में विकास कार्य न होने से निराश पार्षदों ने सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में ताला लगाने की चेतावनी दी है। जबकि वार्डवासियों की नजरों में कार्य न कराने के आरोपों से परेशान कुछ पार्षद तो अपने पद से इस्तीफा देने को भी तैयार हो रहे हैं। बीते 8 माह के कार्यकाल में डीएमसी के पास 127 प्रस्ताव पारित होने के लिए भेजे जा चुके हैं।

जुलाई 2022 को अपने-अपने वार्ड मतदाताओं की आशाओं पर खरा उतरने का वायदा करके चुनाव जीतने वाले पार्षदों का कार्यकाल करीब 9 माह हो चुका है। बीतें 9 माह में ही मतदाताओं की उम्मीदों पर खरा न उतरने वाले पार्षदों का गुस्सा शुक्रवार को उस समय फुट गया। जबकि आधा दर्जन से भी ज्यादा पार्षद अपनी जनसमस्याओं को लेकर परिषद कार्यालय में पहुंच गए। कार्यालय में पहुंचे पार्षदों में राकेश रोहिल्ला, सतेन्द्र सिंह, मनोज अवाना, परमिन्द्र, वार्ड-13 पार्षद पति टेकचंद समेत अन्य पार्षद शामिल थे। परिषद कार्यालय में एक मात्र अधिकारी एसडीओ राजपाल खटाना ही अपनी सीट पर बैठें मिले तथा अन्य अधिकारी अपनी-अपनी सीट से नदारद मिले। जिससे जनसमस्याओं को लेकर पहुंचे पार्षदों का पार सातवें आसमान में चढ़ गया।

सोमवार को ताला लगाने की धमकी : जनसमस्याओं समय पर न होने से निराश वार्ड-20 के पार्षद सतेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले 8 माह से एक टूटी नाली की मरम्मत नहीं हो पाई है। वार्ड में अन्य विकास कार्य होने की उम्मीद तो क्या करे। उन्होंने कहा कि यदि नगर परिषद प्रशासन जल्द से उनके वार्ड में विकास कार्य शुरू नहीं करने पर वह अपने पद से इस्तिफा दे देगा। वार्ड-13 महिला पार्षद के पति टेकचंद का कहना है कि वार्ड के निवासियों ने जिस आशा के साथ उन्हे वोट देकर सेवा करने का अवसर दिया था। आज वहीं मतदाता उन्हे मात्र 9 माह में ही झूठा और निठल्ला का आरोप लगाने लगे है। यह सब सुनकर उनके कान पक गए है।

पद से इस्तीफा देने की चेतावनी : बीते 8 माह में डीएमसी कार्यालय में नगर परिषद कार्यालय से 117 विकास कार्यों की सूची भेजी जा चुकी है, लेकिन 117 में से एक भी विकास कार्य को मंजूरी नहीं मिली है। वार्ड-6 के पार्षद राकेश रोहिल्ला ने बताया कि यह विकास कार्य न होने का यही रवैया रहता है। वह और उसके अन्य साथी अपने पार्षद पद से इस्तीफा दे देंगे।

डीएमसी गुरुग्राम को भेजी गई 117 विकास कार्यों की सूची को स्वीकृति मिल गई है। बहुत ही जल्द वार्डों में रुके विकास कार्यों को पूरा कराने की कवायद शुरू हो जाएगी।

विक्की सिंह
(एक्सइएन, नप)

ओडिशा उत्कल दिवस में ओडिशी संस्कृति से रूबरू होगा हरियाणा

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए चलायी जा रही एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत कल रविवार 9 अप्रैल को भाजपा प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में ओडिशा उत्कल दिवस मनाया जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल के मुताबिक सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक भारत श्रेष्ठ अभियान में अब तक कई राज्यों के स्थापना दिवस कार्यक्रम गुरुग्राम में आयोजित किए जा चुके हैं। इस बार यहां ओडिशी संस्कृति से ओत-प्रोत कार्यक्रम ओडिशी उत्कल दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान ओडिशा की संस्कृति को दर्शाते सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. संबित पात्रा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि परिवहन मंत्री एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति के प्रदेश संयोजक मूलचंद शर्मा अध्यक्षता करेंगे।

29 किसानों के गेहूं की 36 घंटे बाद भी नहीं हो सकी खरीद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना अनाज मंडी परिसर में पड़े गेहूं के ढ़ेर पर खेलते बच्चे।

किसान द्वारा सरकारी खरीद के लिए लाया गया गेहूं की मंडी 36 घंटा बीत जाने के बाद भी बोली नहीं लगी। मंडी परिसर में लगे गेहूं के ढेर बच्चों के लिए खेल का मैदान बने हुए है। अनाज मंडी में बीतें 7 दिन में एक हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें 60 क्विंटल गेहूं को किसानों ने निजी स्तर पर बेचा है। शुक्रवार को बीते 7 दिन में गेहूं की सबसे ज्यादा आवक 917 क्विंटल हुई है। जिसे 29 किसानों द्वारा सरकरी खरीद में बेचने के लिए लाया गया है, लेकिन 36 घंटा बीत जाने के बाद भी किसानों के गेहूं को सरकारी एजेंसी द्वारा खरीदा नहीं गया है। जिससे किसान समेत आढ़तिया एजेंसी के गेहूं न खरीदने के ढीले रवैया से परेशान हो रहे हैं।

गेहूं के ढेर बने बच्चों के लिए खेल का मैदान : मंडी परिसर में अलग-अलग स्थानों पर खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। जिसकी खरीद न होने तक आढ़ती चौकीदारा करने को मजबूर हो रहे हैं। गेहूं की ढेरी पर छोटे बच्चें खेलकर अपना मनोरंजन कर रहे हैं। बच्चे और आवारा घूमने वाली गाय से आढ़ती और किसान परेशान हो रहे है।

आढ़ती नरेश बंसल का कहना है कि उसके पास किसान का दस हजार कट्टे गेहूं बिक्री के लिए आ चुका है, लेकिन खरीद न होने तक वे पूरी रात व दिन इसकी रखवाली कर रहे हैं, क्योंकि एक साथ इतना गेहूं सरकार ही की खरीद सकती है। आढ़ती एक बार में इतना गेहूं नहीं खरीद सकता।

शुक्रवार को किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाया गया गेहूं के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने पर ही किसान के गेहूं को खरीदा जाएगा। शुक्रवार से मौसम साफ हुआ है। अभी तक मौसम खराब होने के कारण गेहूं में नमी आ रही है। जिसके कारण सरकार द्वारा निर्धारित किए गए नियम के अनुसार ही गेहूं को खरीदा जाएगा।

सुनीता देवी
(सचिव, मार्केट कमेटी सोहना)

पिछले लक्ष्य किए पूरे, अब अगले पर काम शुरू

गुरुग्राम में जिला अध्यक्ष व जिला प्रभारियों की बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

गुरुग्राम। भाजपा का स्थापना दिवस पर सफल आयोजन के बाद भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें एपीसोड को सुनाने के लिए भी एक विस्तृत योजना बनाई है। इस संदर्भ में शनिवार को यहां प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ द्वारा जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, महामंत्री वेदपाल एडवोकेट, डा. पवन सैनी और मोहन लाल बडोली की उपस्थिति में फैसला लिया गया कि हर विधानसभा में 100 स्थानों पर 100 लोगों के एक साथ बैठकर सुनने के प्रबंध किए जाएं।

बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात का 100वां ऐपीसोड 30 अप्रैल को प्रदेश की हर विधानसभा के 100 स्थानों पर लोगों द्वारा देखे और सुने जाने का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की हर मन की बात सुनने के बाद 2 लाख लाभार्थियों से सर्वेक्षण करने का लक्ष्य कैडर को दिया गया है। कार्यकर्ता लाभार्थियों से उन योजनाओं का फीड बैक लेंगे, जिनका लाभ वे उठा रहे हैं। धनखड़ ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर हम 5 लाख घरों पर झंडा फहराने का लक्ष्य लेकर चले थे, इस लक्ष्य को पूरा करने में हम सफल रहे। कार्यकर्ताओं की मेहनत से पिछले लक्ष्य पूरे कर लिए गए हैं। अगले पर काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लगभग 20 हजार बूथ हैं। छह अप्रैल को लगभग 90 प्रतिशत बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायी उद्बोधन को सुना है।

डोजी को तेजी से विस्तार करने के लिए एसबीआई और अन्य संस्थाओं से मिली फंडिग

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

को प्रदर्शित करता है। यूएस एफडीए चिकित्सा उपकरणों और एल्गोरिदम के लिए गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है।

'मेक इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड' के अपने एप्रोच के साथ अग्रणी - डोजी की नवीन तकनीक का उद्देश्य भारत और विकासशील देशों में अपने संपर्क रहित रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग (आरपीएल) और एआई-आधारित अर्ली वार्निंग सिस्टम (ईडब्ल्यूएस) के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी फासले को दूर करना है। इस नई फंडिंग के साथ डोजी की भारतीय बाजार में और विस्तार करने और इसकी अलग-अलग आर एंड डी क्षमताओं में अधिक निवेश करने की योजना है। इसके अलावा, फंडिंग के जरिये कंपनी के वैश्विक विस्तार को और तेजी हासिल होगी।

भारत के पहले कॉन्टैक्टलेस रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग (आरपीएम) और एआई-आधारित अर्ली वार्निंग सिस्टम (ईडब्ल्यूएस) डोजी ने अपनी सीरीज ए2 फंडिंग के हिस्से के रूप में 6 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। इस दौर में डोजी के मौजूदा निवेशक आधार की ओर से धन का प्रवाह देखा गया, जिसमें प्राइम वेंचर पार्टनर्स, 3वन4 केपिटल, योअर नेस्ट वीसी और नए निवेशक शामिल थे। इनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, जे एंड ए पार्टनर्स फैमिली ऑफिस, और दिनेश मोदी वेंचर्स (पूर्व-जेबी केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्रमोटर्स - शरण आशेर और प्रणभ मोदी) शामिल हैं।

डोजी ने 50 से अधिक जिलों को कवर करते हुए 380 से अधिक अस्पतालों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसकी प्रमुख हालिया उपलब्धियों में इसके प्रमुख रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग उत्पाद डोजी कॉन्टैक्टलेस वाइटल साइन्स (वीएस) मेजरमेंट सिस्टम के लिए यूएस एफडीए 510(के) क्लीयरेंस शामिल है, जो वैश्विक मानकों के साथ मेड इन इंडिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता डोजी के सीईओ और को-फाउंडर मुदित दंडवते कहते हैं, ''डोजी ने भारत में देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए अगले दो वर्षों में 100 से अधिक जिलों में 2,000 से अधिक अस्पतालों तक पहुंचने की योजना बनाई है। मौजूदा सीरीज ए2 फंड जुटाना कंपनी की देश के कोने-कोने तक अपनी पहुंच बढ़ाने और वैश्विक बाजार में मेड इन इंडिया उत्पादों के युग की शुरुआत करने की योजना का एक हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में डोजी ने जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है, लेकिन हमारी विकास यात्रा अभी शुरू हुई है, और अभी बहुत कुछ करना बाकी है। विकास की हमारी यह रफ्तार 'हर बेड डोजी बेड' को भारतीय हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर का भविष्य बनाने के हमारे लक्ष्य की दिशा में तेजी से हो रही प्रगति को ही प्रदर्शित करती है।'' डोजी स्वास्थ्य कर्मियों को हृदय गति, श्वसन दर, रक्तचाप, ब्लड ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल, तापमान और ईसीजी जैसे रोगियों के महत्वपूर्ण मापदंडों की दूर से निगरानी करने में सक्षम बनाता है।

कोविड को लेकर बचाव के कागजी वादे, हकीकत से दूर

कोविड-19 अस्पताल में 17 माह बाद भी स्टाफ की नहीं हुई भर्ती

कविता। फरीदाबाद

जिले में शुक्रवार को कोविड-19 को लेकर स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. जी अनुपमा ने वीसी के जरिए कोरोना की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अलर्ट रहने के निर्देश दिये थे। शुक्रवार को 53 कोरोना पॉजिटिव आने से एक हफ्ते में 222 पॉजिटिव का आंकड़ा पार हो गया। जिसे देखते हुए मामले की पड़ताल करने पर पता चला कि वर्ष 2021 में बने 88 अस्पतालों में से कोविड के वर्ष 2023 में केवल जिले में 78 कोविड केयर हॉस्पताल शेष है। वर्ष 2021 में बीके अस्पताल में बने कोविड रोगियों के विशेष अस्पताल में अभी तक आवश्यक स्टाफ ही भर्ती नहीं हुआ है।

96 बिस्तरों का अस्पताल: जिले में कोरोना के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। वहीं बीके अस्पताल परिसर में सीएसआर फंड से बने 96 बिस्तरों वाले कोविड-19 अस्पताल में अभी तक स्टाफ की भर्ती नहीं हुइ है। यहां डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ही नहीं है। जिसके कारण वेंटिलेटर सहित बना यह अस्पताल केवल पॉजिटिव आने वाले कैदी मरीजों को भर्ती करने तक ही सीमित रह गया है। जिन्हें उपचार व दवाईयां मेडिकल वार्ड के चिकित्सकों और स्टाफ को ही देनी होती है। अस्पताल में भी 55 चिकित्सकों में से 45 ही तैनात है और नर्सिंग ऑफिसर के 90 पदों पर केवल 39 नर्सिंग ऑफिसर (नर्स) मौजूद हैं।

स्टाफ की कमी: जिले के बीके सिविल अस्पताल में 39 वेंटिलेटर है, लेकिन इन्हें चलाने वाले नहीं है। जिसके कारण यह वैंटीलेटर धूल फांक रहे है। यहां वेंटिलेटर रूम और कोविड-19 अस्पताल को चलाने के लिए 187 स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकता है। लेकिन फिलहाल बीके अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ ही यहां सेवाएं दे रहे हैं।

सूत्रों की माने तो कोविड-19 अस्पताल और वेंटीलेटरों को चलाने के लिए 20 जनरल मेडिकल ऑफिसर, 10 विशेषज्ञ चिकित्सक, 40 नर्सिंग ऑफिसर, आठ फार्मासिस्ट और रेडियोग्राफर, 16 तकनीक अधिकारी, चार ईसीजी तकनीशियन, 36 जनरल ड्यूटी सहायक और हाउसकीपिंग का स्टाफ चाहिए। जिसे देखते हुए पत्र लिखा गया था। लेकिन वर्ष 2021 में डायटीशियन के अलावा एक गैस प्लांट संचालक, दो फिजियोथेरेपिस्ट व एक इलेक्ट्रीशियन, एक प्लंबर व पांच सुरक्षाकर्मी सहित सहायक स्टाफ को तैनात किया गया था। लेकिन कोविड-19 अस्पताल बनने के 17 महीने बाद भी किसी कर्मचारी की नियुक्ति नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पुलिस लाइन में किया पवित्र वन का किया दौरा

जापानी मियावाकी तकनीक से लगाए गए 5 हजार पौधों के जंगल का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पुलिस लाइन सेक्टर 30 में दौरा किया है। पुलिस लाइन में मुख्यमंत्री ने पवित्र वन के नाम से लगाए गए पेड़ पौधे का निरीक्षण करते हुए उनकी देखभाल के लिए पुलिस कमिश्नर की प्रशंसा की है।

गौरतलब है कि पर्यावरण दिवस गत 5 जून 2021 को तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के ने सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत सतीजा की देखरेख में मियावाकी जापानी तकनीक से करीब 5000 पौधे लगाए थे। वहीं 5000 पौधे अब जंगल का रूप ले चुके हैं। जिसे पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने पवित्र वन का नाम दिया था। इस अवसर पर डीसी फरीदाबाद विक्रम सिंह, डीसीपी हेडक्वार्टर हेमेंद्र कुमार मीणा व फरीदाबाद पुलिस के अन्य पुलिस कर्मी वह अन्य फरीदाबाद के लोग शामिल रहे।

सीपी संग पुलिस लाइन में पवित्र वन का दौरा करते सीएम मनोहर लाल खट्टर।

मुख्यमंत्री अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद के दौरै पर थे। मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन में भी अपना कुछ समय दिया। जिसमें पुलिस लाइन में स्थित पवित्र वन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने फरीदाबाद पुलिस के द्वारा पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए लगाए गए पौधों को देखकर पुलिस की सराहना की। यह पौधारोपण वर्ष 2021 में तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के मार्गदर्शन में पर्यावरण दिवस के अवसर पर करीब 5000 पौधे जापानी मियावाकी तकनीक से लगाए गए थे।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने पौधों की देखभाल के लिए पुलिस लाइन इंचार्ज को जिम्मेवारी सौंपी जिनकी देखरेख में माली के द्वारा मात्र 6 महीने में ही पौधों की लंबाई 7 फुट तक हो गई थी। जो अब लगातार वृद्धि से एक विशाल पेड़ का रूप ले चुके हैं। पौधों का रोपण फरीदाबाद के सभी थानों में किया गया था जिनकी देखरेख भी स्थानीय थानों के द्वारा की जा रही है।

पुलिस लाइन में लगाए गए पौधों को देखकर माननीय मुख्यमंत्री ने कहां की पेड़ पौधों से हमारी प्रकृति की सुंदरता बढ़ती है और प्रदूषण नाम की बुराई से लड़ने का सबसे अच्छा हथियार है। हमें यह स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं हमें इनका अत्यंत ध्यान रखना चाहिए।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि समय-समय पर पौधे लगाए जा रहे हैं और उनकी देखरेख के लिए पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा द्वारा मालियों की नियुक्ति की गई है जिनके लिए पुलिस कमिश्नर विकास कुमार पुराने मालियों को सम्मानित भी किया था। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद वासियों को पुलिस लाइन में आमंत्रित किया है जिससे कि उन्हें पौधों को देखकर उनकी तरफ आकर्षित किया जा सके और फरीदाबाद में वातावरण को और अधिक स्वच्छ किया जाए ने में कामयाबी मिले।

संजय कालोनी में हुए विशाल हत्याकांड के दो आरोपी बिहार से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने तीन दिन पहले संजय कॉलोनी एरिया में चाकू से हमला करके की गई विशाल की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जितेंद्र उर्फ अनंत तथा लालतुश का नाम शामिल है। दोनों आरोपी बिहार के नालंदा जिले के रामसंघ गांव के रहने वाले हैं। चार अप्रैल को मुजेसर थाना में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने संजय कॉलोनी में स्थित एक मकान में सो रहे 18 वर्षीय नवयुवक विशाल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा मामले में जांच की जा रही थी। जिन्होंने गुप्त सूत्रों और तकनीकी की सहायता से आरोपियों के बिहार के उनके गांव में होने का पता लगाया। उनकी धरपकड़ के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें क्राइम ब्रांच प्रभारी सहित उप निरीक्षक विजय व अमर सिंह, सिपाही अनिल, प्रीतम, संदीप तथा अजीत का नाम शामिल था।

पुलिस गिरफ्त में नालंदा से गिरफ्तार हत्यारोपी जितेंद्र उर्फ अनंत तथा लालतुश।

सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए बिहार पहुंची जहां क्राइम ब्रांच ने कल दोनों आरोपियों को काबू करके उन्हें बिहार शरीफ कोर्ट में पेश किया। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर फरीदाबाद लाया जा रहा है। मृतक विशाल का मोबाइल फोन आरोपी जितेंद्र के मकान से बरामद किया गया है। आरोपियों को फरीदाबाद लाकर उन्हें अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और मामले में गहनता से पूछताछ करके हत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा।

अपहरण के बाद बच्चे की हत्याकर शव नहर में फेंका

अपहृत बच्चे का शव आगरा नहर में बोरे में बंद मिला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

तिगांव की गिर्राज कालोनी में रहने वाले 12 वर्षीय बच्चे का अज्ञात लोगों ने दो दिन पूर्व अपहरण कर लिया था। शनिवार की दोपहर को बच्चे का शव आगरा नहर में मुजैड़ी पुल के नीचे से पुलिस ने बरामद किया है। जिसके कारण पुलिस ने पहले से दर्ज अपहरण के मुकदमें हत्या और अन्य धाराएं भी जोड़ ली है।

बच्चों का शव फिलहाल पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल की मोरचरी में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक तिगांव निवासी हरपाल ने छह अप्रैल को थाना तिगांव में इस मामले में शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि उनका 12 साल का भांजा तरूण शाम को घर के पास खेलते हुए अचानक गायब हो गया। तलाश के बाद उसका पता न चलने पर उन्होंने पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया। शनिवार को आगरा नहर पर बने मुजैड़ी पुल के पास रेहड़ी लगाने वालों को कूड़ा बीनने वाले एक युवक ने बताया कि नहर में बोरे में बंद शव पड़ा है। रेहड़ी वालों की सूचना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव की पहचान के लिए हरपाल को बुलाया। हरपाल और उनके परिजनों ने मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त तरूण के रूप में कर दी है। अज्ञात लोगों ने मासूम तरूण की हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगाने के इरादे से बोरे में बंद कर नहर में फेंक दिया है। पुलिस मामले की गहनता के साथ छानबीन कर हत्या आरोपियों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

बोरे में बंद शव मिलने पर जांच करती पुलिस।

पांच करोड़ यूजर्स की संख्या पार करने का रखा लक्ष्य

प्लेटफॉर्म पर हो चुके हैं दो करोड़ यूजर, तेजी से बढ़ने वाला लाइव एवं सोशल गेमिंग एप बना ईलोईलो

पायनियर समाचार सेवा। फरीदबाद

बेंगलुरु से संचालित होने वाले लाइवस्ट्रीमिंग एवं सोशल गेमिंग एप ईलोईलो के प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की संख्या-2 करोड़ हो गई है। इसी के साथ यह देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाला लाइव एवं सोशल गेमिंग एप बन गया है। कंपनी ने 2023 के अंत तक यूजर्स की संख्या को पांच करोड़ के पार ले जाने का लक्ष्य रखा है।

अक्टूबर, 2020 में लॉन्च इस एप ने कई एंगेजिंग फीचर्स के साथ एंटरटेनमेंट और गेमिंग स्पेस में खुद को बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। लोकप्रिय क्रिएटर्स और इन्फ्लूएंसर्स की रोमांचक लाइव-स्ट्रीमिंग से लेकर अन्य यूजर्स के साथ इंटरैक्टिव गेमिंग एक्सपीरियंस तक ईलोईलो अपने यूजर्स को समान विचारधारा वाले लोगों से जुड़ने और नए दोस्त बनाने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। सालाना 500 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रहा यह एप छह से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे यह भारतीय यूजर्स के प्रयोग के लिए सुलभ है। 19 लाइव और गेम फॉर्मेट की विविध रेंज और एप पर लाइव स्ट्रीमिंग करने वाले प्रतिभाशाली क्रिएटर्स इस प्लेटफॉर्म की सफलता

के बड़े कारक हैं। प्लेटफॉर्म के एक कंटेंट क्रिएटर ने कहा, 'ईलोईलो ने मुझे अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने प्रशंसकों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच दिया है। मैं अपने दर्शकों के साथ अब उस तरह से जुड़े पाने में सक्षम हूं, जैसा मैंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।' प्रशंसक अब 'लाइव' को खूब पसंद कर रहे हैं, क्योंकि इससे उन्हें अपने पसंदीदा क्रिएटर के साथ वास्तविकता में जुड़ने का अनुभव होता है। क्रिएटर्स के लिए लाइव इन दिनों एंगेजमेंट कंटेंट पर फीडबैक व सुझाव पाने और अपने विशेष प्रशंसकों को पुरस्कृत करने का एक तरीका बन रहा है। ईलोईलो पर लाइव गेमिंग फीचर यूजर्स के बीच बहुत हिट रहा है। एक यूजर ने कहा, 'मैं अब पूरे देश के लोगों के साथ खेल सकता हूं और ऐसा लगता है कि हम एक ही कमरे में साथ मिलकर खेल रहे हैं।' कंपनी ने भारत के शीर्ष मीडिया घरानों और मशहूर हस्तियों से भी गठजोड़ किया है। कार्तिक आर्यन अपनी फिल्म शहजादा के लिए प्लेटफॉर्म पर आए थे, तो उर्फी जावेद भी इस प्लेटफॉर्म से लाइव आ चुकी हैं।

निर्माण को लेकर रोड बंद रहेंगे

फरीदाबाद। यातायात पुलिस की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है सैक्टर -15-ए पुलिस चौकी से सन फ्लैग चौक,ऑफिसर कॉलोनी तक रोड निर्माण के चलते ऑफिसर कॉलोनी तक रोड पूर्णता बंद रहेगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रोड निर्माण के चलते अपनी मंजिल को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस के द्वारा जारी कि गई एडवाईजरी का पालन करें। उन्होंने ने बताया कि सैक्टर-15ए पुलिस चौकी से सनफ्लैग चौक, ऑफिसर कॉलोनी तक रोड तक दिनांक 10 अप्रैल से निमार्ण कार्य होने के चलते अगले कुछ दिनों के लिए यह रोड पूर्णतया बंद रहेगा। आपको होने वाली असुविधा से बचने के लिए रूट डायवर्ट किया गया हैं सैक्टर-15ए गेट नं 01 से गेट नं 0 4 सैक्टर 16 की तरफ किया गया हैं । लेबर चौक रोड सैक्टर-15 से सनफ्लैग चौक से सैक्टर -15 की तरफ रूट डायवर्ट किया गया हैं । सैक्टर- 15 गेट नं 0 2, सैक्टर-12 डिवाईडिंग रोड से कम्यूनिटी सैन्टर, सैक्टर-12 कोर्ट की तरफ रूट डायवर्ट किया गया हैं।

विप्र, धेनु, सुर, संत ये चार, सनातन धर्म के मूलाधार: आचार्य अभिषेक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा सुप्रीम रॉयल विला बैंकेट हॉल सीकरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे। आचार्य अभिषेक शुक्ल ने सातवें दिन की कथा का वाचन किया। दो अप्रैल से शुरू श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में 7 दिनों में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा रूपी अमृत रस का पान किया और भगवान की अनुकम्पा प्राप्त की।

इस अवसर पर आज कथा में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह, भाजपा नेता अजय गौड़, एसडीएम पंकज सेतिया, नकुल भारद्वाज राष्ट्रीय विदेश विभाग सदस्य भाजपा, भाजपा वरिष्ठ नेता सोहनपाल सिंह और जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल पहुंचे। उन्होंने भागवत कथा का श्रवण कर व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर महंत मुनिराजजी भी मौजूद रहे। श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिवस पर आचार्य अभिषेक शुक्ल ने कथा वाचन करते हुए कहा कि विप्र, गाय, देवता तथा सन्त-ये चार सनातन धर्म एवं संस्कृति के मूलाधार हैं, विप्र के बिना धर्म के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान एवं प्रतिपादन तथा आचरण संभव नहीं है। धेनु के बिना यज्ञादि धार्मिक क्रियायें संपन्न नहीं हो सकती हैं, देवताओ की कृपा के अभाव में सत्कर्मों का फल उचित प्रकार से नहीं मिल सकता है तथा प्राणी के गुणों का विकास नहीं हो सकता है, सन्त या सज्जन वास्तविक धर्मानुयायी तथा मानवीय गुणों से परिपूर्ण होते हैं। भगवान् इन्हीं चार के परिरक्षण के लिए अवतार धारण करते हैं ह्यबताया कि ब्रह्मा जी महाराज ने भगवान की स्तुति करते हुए कहा करुणावरुणालय, कृपानिधान भगवान् सच्चिदानन्द की। अनुकंपा प्रतिक्षण जीवमात्र के अहैतुक कल्याण में निरत है, भगवत्कृपा का अनुभव हृदय में स्पन्दित होने लगे तो जीवन की कृतार्थता है। संपूर्ण जैविक जगत को निरन्तर उत्कर्ष की ओर प्रेरित करना ईश्वरीय गुण है।

आरती करते मंत्री कृष्णपाल, रविन्द्र राजू, अजय गौड, गोपाल, महंत मुनिराज व अन्य।

जिलास्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

फरीदाबाद। नीलम बाटा रोड स्थित वैश्य भवन में फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय 22 वीं जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिला किक बॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

जिला किक बॉक्सिंग संघ के संयुक्त सचिव अनिल गुप्ता ने बताया की 10 बजे उद्घाटन समारोह के अवसर डॉ के. के. गुप्ता प्राचार्य अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़, डा सुनील कुमार गर्ग रजिस्ट्रार जेसी बोस यूनिवर्सिटी फरीदाबाद, रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कृति के अध्यक्ष लव विज, भारत विकास परिषद केशव शाखा के अध्यक्ष मनीष मित्तल एवं डॉ. संदीप मल्होत्रा निदेशक संतोष हॉस्पिटल फरीदाबाद एवं आई. एमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वीरभान शर्मा उपस्थित थे।

केएल महता स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

फरीदाबाद। केएल महता दयानंद महिला महाविद्यालय में जिला सम्मेलन समारोह क्रीड़ा भारती 2023 के अंतर्गत पंचम वीरमाता जीजाबाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए क्रीडा भारती के अध्यक्ष आनंद महता ने बताया कि यह आयोजन हर साल क्रीडा भारती के अंतर्गत किया जाता है।

जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को वीरमाता जीजाबाई सम्मान समारोह देकर सम्मानित किया जाता है। इसमें आठ गेम्स में जीतने वाले खिलाड़ी शामिल होते हैं। जिसमें टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, किक बॉक्सिंग, खो-खो, बास्केटबॉल, ताइक्वांडो आदि गेम्स के खिलाड़ी शामिल होते है। शनिवार को इस कार्यक्रम का आयोजन केएल महत्ता कॉलेज में किया गया। उन्होंने बताया कि कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में 58 सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिन्हें वीरमाता जीजाबाई सम्मान दिया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया रही।

संक्षिप्त समाचार

ब्राह्मण सभा ने शहीद मंगल पाण्डे को याद किया

शहीद मंगल पाण्डे के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर नमन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र बबली, अनशनकारी बाबा रामकेवल व अन्य।

फरीदाबाद। सेक्टर-12 में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने शहीद मंगल पाण्डे के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर नमन वन्दन कर याद किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा कि शहीद मंगल पाण्डे भारत माता के सच्चे सपूत निडर सेनानी थे। उन्होंने अंग्रेजी सेना में जो कारतूस थे। उनके ऊपर गाय की चर्बी को लगाया गया था। जब इस बात का इन्हें पता चला तो इन्होंने इसका डटकर विरोध किया। देखते-देखते ये आन्दोलन विकराल रूप धारण कर गया। अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ आजादी की चिंगारी बन गया। इस बात से नाराज होकर अंग्रेजों ने उनकी हत्या कर दी। 1857 की आजाद क्रांति के प्रथम शहीद योद्धा थे। आज हम इन शहीदों की मेहरबानी से खुली हवा मे सांस ले रहे है। इस अवसर पर अनशनकारी बाबा रामकेवल, पं हरीश पाराशर एडवोकेट, पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट, पं करण पाराशर इंजीनियर, ओमबीर, रामौतार, बिटटू, भोलू, साहिल, अनुराग, राजेश, रामजीलाल, रोहित, श्रवण, संजय, राजू सहित अन्य उपस्थित रहे।

व्यवसायी के लॉकर से 1.7 करोड़ के जेवरात बरामद, लॉकर सीज

फरीदाबाद। सेक्टर छह स्थित कंपनी मालिक के कार्यालय और घर पर तीसरे दिन भी आयकर विभाग की जांच पड़ताल तारी है। जांच के दौरान व्यवसायी के दो बैंक लॉकरों का पता चला है। उनकी जांच करने पर एक करोड़ 70 लाख के जेवरात मिले हैं। टीम ने लॉकर सीज करवा कर जेवरात कब्जे में लिए है। सूत्रों के मुताबिक इससे पहले भी इस कंपनी पर आयकर विभाग की कार्रवाई हो चुकी है। सीजीएसटी विभाग को सूचना मिली थी कि सेक्टर-6 टूल्स बनाने वाली आरके फोर्ज कंपनी काफी समय से बिलों में फर्जीवाड़ा कर इनपुट टैक्स क्रेडिट की चोरी कर रहा है। बृहस्पतिवार देर रात विभाग की टीम ने फैक्ट्री और सेक्टर नौ स्थित घर पर जांच शुरू की। इस दौरान टीम को सेक्टर-9 स्थित घर से करीब तीन करोड़ रुपये नकद मिले थे। इसके बाद इसकी सूचना आयकर विभाग को भी दी गई। आयकर विभाग ने नकदी कब्जे में लेकर दो लॉकर की जांच की तो एक करोड़ 70 लाख रुपये के जेवरात मिले। आयकर विभाग के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि टैक्स चोरी की सूचना पर 15 साल पहले भी कंपनी मालिक के कार्यालय और घर पर सर्वे किया गया था। कई अहम दस्तावेज कब्जे में लिए थे। हालांकि उस समय ज्यादा कुछ मिला नहीं था। लेकिन अब आयकर टीम पिछली सर्वे रिपोर्ट भी अपनी जांच में शामिल करेगी।

नशे के सौदागर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम राजन है। आरोपी गांव भाकड़ी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना एसजीएम नगर के एरिया से 6 इंजेक्शन के साथ काबू किया है। आरोपी के खिलाफ एसजीएम नगर में नशे की तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 200 रुपये में नशे के इंजेक्शन खरीद कर लाता है और 400 रुपये में बेच देता है। आरोपी अभी 12 इंजेक्शन खरीद कर लाया था। जिसमें से छह इंजेक्शन बेच दिए थे। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी पूर्व में भी इंजेक्शन तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी नशा करने का आदि है। नशे की पूर्ति के लिए नशा तस्करी का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

कोरोना के 69 पॉजिटिव, 29 ठीक

फरीदाबाद। जिले में कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। शुक्रवार को जहां 53 नए संक्रमित सामने आए थे, वहीं शनिवार को 69 नए पॉजिटिव मरीज सामने आए। लेकिन राहत की बात यह रही कि जिले में 29 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 239 पर पहुंच गया। वहीं जिले में सात मरीज अस्पताल में भर्ती है और 232 होम आईसोलेशन में है। जिले में पिछले 24 घंटे में 558 सैम्पल जांच किए गए हैं। पहले जांच हुए सरकारी प्रयोगशालाओं के 142 और निजी प्रयोगशालाओं में लिए गए 68 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिले में फिलहाल सैम्पल पॉजिविटी रेट 12.36 प्रतिशत है। वहीं रिकवरी रेट 99.28 प्रतिशत है।

दुकान में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी योगिंदर की टीम ने दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सलमान और आसिफ का नाम शामिल है। आरोपी सलमान मूल रुप से बिहार के सारसा जिले के गांव मिटोला का हाल में फरीदाबाद के एसजीएम नगर का तथा आरोपी आसिफ एसजीएम नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपी को अपने सूत्रो से प्राप्त सूचना से एनआईटी के बिधुरी चौक से थाना एनआईटी के दो अलग-अलग मामलो में गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ सामने आया कि आरोपियों ने एक वारदात को 9 फरवरी तथा दूसरी को 4 अप्रैल को अनजाम दिया था। आरोपियों से पूछताछ के दौरान आर्टिफीसल व मेकप सामान 6 जोड़ी झुमका 3 अंगूठी, लोकेट, 2 पिन जुड़ा, किलेचर, 21 चिमटी 3 फेस पाउडर, क्रीम, फाउंड देसन, सीरम प्रिमर, लोटस क्रीम, लाइनर, कंसीलर, आई लाइनर, आंखों की पलक, मस्कारा, 2 डिब्बी टिशु, 8 बिंदी पत्ती, पर्फुम, 4 रबड़ 8 पीस स्पंज 6 लिपस्टिक, 1 सिंदूर 1 कलर 2 जुड़ा पिन डिब्बी 6 पेंसिल ,1 डिब्बी छोटी बिंदी, 6 नेल पेंट 1 हार व 9000 रुपये नगद बरामद किए है। आरोपी नशे के आदि है नशा पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अनजाम देते है।आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

स्वामी राघवाचार्य महाराज से की मुलाकात

फरीदाबाद। जय बद्रीविशाल सेवा सदन समिति के फरीदाबाद जिलाध्यक्ष अमर बंसल छाडिया की अगुवाई में अन्य सदस्य स्वामी राघवाचार्य महाराज (अयोध्या वाले) से वृंदावन जाकर मिले और उनसे आशीर्वाद लिया। उन्हें रामेश्वरम धाम मे होने जा रही श्रीराम कथा के लिए भी आमत्रंण दिया। इस मौके पर अमर बंसल ने बताया कि पूज्य स्वामी राघवाचार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी गुरूजी है और उनकी पारिवारिक कथा भी वे ही करते है। उन्होंने बताया कि पिछले साल बद्रीनाथ जी धाम मे जो सबसे पहली भागवत कथा हुई थी वह उन्हीं के सानिध्य में हुई थी। इस वर्ष दूसरी श्री राम कथा सितम्बर माह मे रामेश्वरम धाम मे उन्हीं के सानिध्य में होने जा रही है। इस कथा मे भी देश के कोने-कोने से लगभग 150 परिवार कथा सुनने के लिए रामेश्वरम धाम पहुंचेंगे। बसंल ने बताया कि जय बद्रीविशाल सेवा सदन समिति, का लक्ष्य चारों धाम पर कथा करवाने का है। इस मौके पर रान्ती देव गुप्ता, अनूप गुप्ता, प्रेम पसरीजा, सतीश गर्ग, अनिल गर्ग, सुरेश गोयल, कैलाश शर्मा सेक्टर-11 व दिनेश गोयनका उपस्थित थे।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 9 अप्रैल 2023

सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत, सीएम ने शोक जताया

भाषा। बलरामपुर

जिले में शनिवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में कार सवार एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना श्रीदत्तगंज थाना अंतर्गत विशंभरपुर गांव के पास हुई।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर जिले में हुए सड़क हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दु:ख प्रकट किया और अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) केशव कुमार ने कहा कि नैनीताल में एक पेपर मिल में काम करने वाले देवरिया जिले के सोनू शाह (28) अपनी पत्नी, बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शुक्रवार शाम को अपने गांव के लिए निकले थे।

एसपी ने बताया कि शनिवार सुबह विशंभरपुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन से कार की टक्कर हो गई जिसमें शाह, उनकी पत्नी सुजावती (25), उनके दो बच्चों रुचिका (छह) और दिव्यांशु (चार), शाह के भाई रवि (18) तथा बहन खुशी (13) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पीड़ित के कार को टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान और उसे जब्त करने के लिए छह टीम गठित की गई है। पुलिस ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और वे यहां पहुंच गए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने लखनऊ में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर जिले में हुए सड़क हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के भी निर्देश दिए हैं।

महोबा हादसे में बुजुर्ग महिला और लोडर के मालिक की मौत

महोबा। जिले के खरेला थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार लोडर गाड़ी (छोटा ट्रक) एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मारने के बाद पलट गई। हादसे में महिला और लोडर के मालिक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। खरेला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) यज्ञनारायण भार्गव ने बताया कि शनिवार को खरेला-मुस्करा मार्ग में बसौंठ गांव के पास एक तेज रफ्तार लोडर गाड़ी बुजुर्ग महिला हलकीबाई (80) को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे पलट गई। उन्होंने बताया कि हादसे में हलकीबाई और लोडर में सवार उसके मालिक नत्थूराम (65) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटग्रस्त लोडर गाड़ी को कब्जे में लेकर दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। एसएचओ ने बताया कि हादसे के बाद लोडर चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

पीलीभीत में 20 लाख रुपए कीमत की अफीम बरामद तस्कर गिरफ्तार

भाषा। पीलीभीत

पीलीभीत में पुलिस ने एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलोग्राम अफीम बरामद की है, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अतुल शर्मा ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि जिले के पूरनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने शहादत नामक एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलोग्राम अफीम बरामद की है। उन्होंने बताया कि बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 20 लाख रुपए आंकी गई है। एसपी के मुताबिक पकड़ा गया तस्कर शहादत बरेली जिले के भुता थाना इलाके का रहने वाला है और वह इस कारोबार में सक्रिय था।

उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

प्रशासनिक स्वीकृति के बिना आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने पर 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

बलिया। जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र में प्रशासन से अनुमति लिए बगैर बाबा साहब डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने 18 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सुखपुरा थाना क्षेत्र के घोषवती गांव में छह अप्रैल की रात को अवैध रूप से आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। शुक्रवार को इस मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों से पुलिस की झड़प हो गई। थाना प्रभारी पारस नाथ सिंह ने शनिवार को बताया कि ग्रामीणों ने बगैर प्रशासनिक स्वीकृति के प्रतिमा स्थापित करा दिया था जिसे पुलिस ने हटा दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में 18 लोगों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर पुलिस तैनात की गई है।

बाराबंकी में एक करोड़ रुपए की मॉरफीन के साथ दो गिरफ्तार

बाराबंकी। जिले की रामसनेहीघाट पुलिस ने शनिवार को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किलोग्राम से अधिक मारफीन बरामद किया है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमत एक करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम थोरथिया चौराहे से मादक पदार्थ के दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनकी कार से एक किलोग्राम से अधिक मॉरफीन बरामद किया है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तस्कर आशाराम और हरजीत को थोरथिया चौराहे के पास से गिरफ्तार कर उनकी कार से 1.75 किलोग्राम अवैध मॉरफीन बरामद किया है। पुलिस ने उनकी कार जब्त कर ली है।

मुजफ्फरनगर में चार साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के चरथावल थाना क्षेत्र में चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जिले के चरथावल थाना क्षेत्र के कस्बे में शुक्रवार को अपनी दादी के घर जा रही चार वर्षीय बच्ची को युवक ने जबरन अपनी दुकान में खींच लिया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्य नारायण ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने आरोपी युवक उवैस (27) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और 516 पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी पर बलात्कार का यह दूसरा आरोप है। उन्होंने बताया कि इसके पहले 2021 में भी उवैस को सात साल की बच्ची के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

हिस्ट्रीशीटर सपा नेता समेत आठ के खिलाफ सरकारी जमीन बेचने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

बरेली। जिले की फरीदपुर थाना पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर सपा नेता समेत आठ लोगों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी जमीन को बेचने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व जिला सचिव हिस्ट्रीशीटर नरेश पाल गुप्ता, उनके बेटे सतीश चन्द्र गुप्ता समेत आठ के खिलाफ नगर पालिका फरीदपुर की सरकारी जमीन को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका फरीदपुर के संपत्ति लिपिक महेन्द्र पाल सिंह की ओर से उक्त आठों आरोपियों के खिलाफ फरीदपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सपा नेता नरेश पाल गुप्ता के खिलाफ पहले से 14 मुकदमे दर्ज हैं और उसकी हिस्ट्रीशीट खुली हुई है।

सौतेले पिता पर नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म का मामला आया सामने

- **इलाज के दौरान टीबी से ग्रसित पीड़ित किशोरी की शनिवार सुबह हुई मौत**
- **पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, एक टीम कानपुर के लिये रवाना**

संवाददाता। कोंच(जालौन)

सौतेले पिता द्वारा नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर रिश्तों को कलंकित करने वाली सनसनीखेज घटना सामने आयी है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं टीबी से ग्रसित उक्त दुष्कर्म पीड़ित किशोरी की इलाज के दौरान शनिवार की सुबह कानपुर में मौत हो गई है।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड़ निवासी शिकायतकर्ता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके भतीजे की शादी सेता निवासी युवती से गत करीब 15 वर्ष पूर्व हुई थी और शादी के बाद दोनों के एक बेटा व बेटी हुई थी। करीब 4 वर्ष बाद ही भतीजे को छोड़कर उसकी पत्नी दोनों बच्चों को साथ लेकर घर से भाग गयी थी और उसने ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढ़र निवासी सुनील कुमार पुत्र कढ़ोरे वर्मा से कोर्ट मैरिज कर ली थी। शादी के बाद से सुनील उसके भतीजे की उक्त पूर्व पत्नी और भतीजे के दोनों बच्चों के साथ जुगराजपुरा में रह रहा था। बीते 2 माह पूर्व उस महिला की टीबी से मौत हो जाने पर वह भतीजे की 12 वर्षीय बेटी व बेटे को अपने साथ जुगराजपुरा से अपने घर भेंड़ ले आये थे। 12 वर्षीय बेटी को भी टीबी की बीमारी हो जाने के चलते गत 4 अप्रैल को उसने उसे हैलट अस्पताल कानपुर में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान बेटी ने उसे बताया कि जुगराजपुरा में मां की मौत होने से कुछ दिन पहले सौतेले पिता ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था और डर के मारे उसने अब तक किसी को कुछ नहीं बताया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि इलाज के दौरान शनिवार की सुबह बेटी की मौत हो गई। उक्त मामले को लेकर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सौतेले पिता सुनील के खिलाफ दफा 376 ए, बी सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस की एक टीम जांच पड़ताल हेतु हैलट अस्पताल कानपुर के लिए रवाना हो गयी है।

रेंढ़र थाना पुलिस नहीं लिखी थी रिपोर्ट

कोंच। सनसनीखेज घटना की जानकारी मिलते ही शिकायतकर्ता न्याय की आस लेकर घटनास्थल ग्राम जुगराजपुरा के थाना रेंढ़र पुलिस के पास गया था लेकिन थाना पुलिस ने उसकी एक न सुनी। शिकायतकर्ता ने बताया कि थाना पुलिस ने उसे भगा दिया था जिसके बाद उसने पुलिस कप्तान डॉ. ईरज राजा को अपनी पीड़ा सुनाई थी। पुलिस कप्तान के आदेश पर उसने कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था फिर भी उसकी नहीं सुनी गई, मजबूत होकर उसने जनप्रतिनिधियों को अपनी पीड़ा सुनाई जिसके बाद मामले को गम्भीरता से लिया गया और कोंच कोतवाली पुलिस ने एफ्आईआर दर्ज की है।

आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जाएगा जेल:सीओ

कोंच। उक्त मामले को लेकर सीओ कोंच शैलेन्द्र कुमार बाजपेई ने कहा है कि शिकायतकर्ता की तहरीर पर कोंच कोतवाली पुलिस ने एफ्आईआर दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें बनाई गई हैं, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

हार्वर्ड ड्राई क्लीन शॉप में लगी आग, लाखों का नुकसान

उरई (जालौन)। बीती रात शहर कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड पर नगर पालिका के सामने स्थित हार्वर्ड ड्राई क्लीन शाप में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिसमें रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

शहर के जिला परिषद निवासी संजय हार्वर्ड की नगर पालिका के सामने हार्वर्ड ड्राई क्लीन के नाम से शॉप है। बताया गया है कि जिसमें बड़ी संख्या में कपड़ों की धुलाई व सफाई का काम होता है। जहां शुक्रवार देर रात को अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण किया और शॉप में रखे कपड़ों को जलाकर स्वाहा कर दिया। इसके अलावा ड्राई क्लीन शॉप में रखा हुआ अन्य सामान भी जल गया। आगजनी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब तक लाखों रुपए का नुकसान हो चुका था।

सम्पन्न देश में शांति-अमनचैन को सरकार करे प्रयास: रब्बानी

संवाददाता। चित्रकूट

जिला कचहरी सभागार में भारतीय सामाजिक सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ (इस्कफ) की सभा सियाराम वर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस्कफ के प्रदेश अध्यक्ष शारिक रब्बानी पड़ोसी देश नेपाल के साथी हरिप्रसाद तमिल, प्रभात द्विवेदी, ऊषा त्रिवेदी, राजकुमार थापर मौजूद रहे।

शनिवार को हुई सभा में प्रदेश अध्यक्ष शारिक रब्बानी ने कहा कि आज विश्व बारूद के ढेर में खड़ा हो गया है। मानवता पूरी तरह से संकट में है। दुनिया का सबसे बड़ा युद्ध महाभारत 18 दिन तक चला था। लाखों लोग काल-कवलित हुए थे। रूस और यूक्रेन का युद्ध एक वर्ष से अधिक चला आ रहा है। मनुष्यों के साथ प्रकृति का भी विनाश हो रहा है। पूरी दुनिया में उसका ताप महसूस किया जा रहा है। सभा में साथी रब्बानी ने कहा कि हाल में होने वाले जी 20 सम्मेलन में इस युद्ध को समाप्त होने की सार्थक पहल होनी चाहिए।

नेपाली इस्कफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रसाद तमिल ने कहा कि भारत और नेपाल की संस्कृति, वेशभूषा, भाषा, कला, साहित्य, रीति-रिवाज पूरी तरह से मेल खाते हैं। हम भी एक तरह से भारत के हिस्सा हैं। बड़े संघर्षों के बाद नेपाल की जनता राजशाही से मुक्त होकर समाजवाद की धारा में चल पड़ी, इससे किसान, मजदूर, युवाओं की परेशानियां दूर हो रही है। भारत की जनता से अपील है कि हमारे रास्ते को स्वीकार करें और समस्या मुक्त हो, मैत्री युक्त हों।

मुख्य वक्ता के बतौर सीपीआई के राज्य सचिव परिषद के सदस्य का रामचंद सरस ने इस्कफ संगठन के समाज में मैत्री फैलाने, विदेश भावना को दूर करने व आपसी संस्कृतियों के आदान-प्रदान की सराहना की। कहा कि हमारे देश की सरकार को भी आपसी सद्भाव, भाईचारा बढ़ाने को कार्य करना चाहिए। राजनैतिक स्वार्थ तथा फिरकापरस्ती नीति को दूर कर देश में विकास व अमन चैन लाने का भरसक प्रयास होना चाहिए। इस्कफ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य का अमित यादव ने कहा कि इस्कफ का मूल उद्देश्य है पूरे विश्व में शांति, सद्भाव, सामाजिक एकता, सहिष्णुता के लिए सतत प्रयास करना। भारत सरकार से अपील है कि वह सहिष्णुता की ओर कदम बढ़ाकर समाज में मैत्री व एकता की ओर बढ़े।

नियमों को ठेंगा दिखाकर किया अवैध मौरम खनन, पट्टाधारक के लिये बना गले की फांस

- **मामला पथरेहटा के मौरम खंड संख्या पांच से जुड़ा**
- **प्रशासनिक टीम की छापामार कार्यवाही से हुआ खुलासा**

संवादाता। उरई (जालौन)

जलधारा में हुये मौरम खनन की लाठी से गहराई नपवाते एसडीएम।

कालपी तहसील क्षेत्र के पथरेहटा मौरम खंड संख्या 5 के पट्टाधारक द्वारा जिस तरह से नियमों को ठेगा दिखाते हुये नदी की जलधारा से ही नहीं बल्कि पट्टा क्षेत्र के अलावा दूसरे क्षेत्र से अंधाधुंध तरीके से अवैध तरीके से कराये गये मौरम खनन का मामला अब मौरम पट्टाधारक के लिये गले की फांस बनता नजर आ रहा है। शुक्रवार को प्रशासनिक टीम ने जिस तरह से मौरम खंड संख्या पांच पर पहुंची तो वहां पर दो पॉकलैंड मशीनें सदानीरा नदी की जलधारा से ही मौरम खनन करती मिल गयी तो उन्हें तत्काल प्रभाव से कदौरा थाने में पहुंचा दिया गया था। साथ ही जलधारा से अंधाधुंध तरीके से किये गये अवैध मौरम खनन के साक्ष्य भी प्रशासनिक टीम ने जुटाते हुये स्वीकृत पट्टा क्षेत्र की नांपजोख की प्रक्रिया अमल में लायी गयी थी।

उल्लेखनीय हो कि पथरेहटा मौरम खंड संख्या 5 योगेंद्र प्रमानी पुत्र घनश्यामदास प्रमानी निवासी 356/4 सिविल लाइन थाना नबाबाद जनपद झांसी के नाम स्वीकृत है। जिसका गाटा संख्या 747 व रकवा 16.194 हैक्टेयर विभागीय अभिलेखों में बताया जाता है। उक्त मौरम खंड पर लगातार नियमों को ताक पर रखकर नदी की जलधारा ही नहीं बल्कि स्वीकृत क्षेत्र से हटकर दूसरे क्षेत्र में अवैध तरीके से मौरम खनन की मिलने के बाद उप जिलाधिकारी कालपी के नेतृत्व में एक टीम गयी थी जिसमें खनिज अधिकारी राजेश कुमार के अलावा विभाग के चर्चित इंसपेक्टर मुकेश मिश्रा सहित राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे। प्रशासनिक टीम की आंखें तब खुली की खुली रह गयी जब उन्होंने नदी की जलधारा से मौरम खनन करते दो पॉकलैंड मशीनों को देखा। पट्टाधारक के कारिंदों की काली करतूतें यही तक सीमित न रहकर स्वीकृत पट्टा क्षेत्र से बाहर भी अवैध तरीके से मौरम खनन कर शासन को मिलने वाले राजस्व को अच्छी खासी चपत लगाने में सफलता की सीढ़ियां चढ़ने में सफल हो गये थे।

फिलहाल तो प्रशासनिक टीम की छापामार कार्यवाही के चलते अब पट्टाधारक पर कानूनी शिकंजा कसने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। अब यह तो समय ही बतायेगा कि नियमों को ठेगा दिखाकर पट्टाधारक द्वारा किये गये कृत्य पर क्या कार्यवाही अमल में लायी जायेगी यह तो समय ही बतायेगा। लेकिन इतना तय है कि पट्टाधारक पर कार्यवाही होने के संकेत प्रशासनिक टीम की सक्रियता से साफ तौर पर समझे जा सकते हैं।

चुनाव प्रभारी वीके साहू ने भाजपाइयों संग की बैठक

महेंद्र सिंह, रानू साहू व स्कंद गुप्त ने मांगा टिकट

खागा/फतेहपुर। हथगाम नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी वीके साहू ने शनिवार को नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और फीडबैक लिया। बाद में उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए जानकारी दी।

चुनाव प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता वीके साहू ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया और नगर पंचायत में चेयरमैन तथा विभिन्न वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के संभावित प्रत्याशियों का फीडबैक लिया। अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित सीट पर कई दावेदार सामने आए। बाद में प्रभारी भाजपा नेता गणेशी लाल साहू के आवास भी गए। भारतीय जनता पार्टी हर हाल में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिक से अधिक वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम कर रही है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा चुनाव प्रभारी बनाए गए कानपुर के वीके साहू ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में गहन समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि हथगाम नगर पंचायत में हर हाल में भाजपा प्रत्याशी को चेयरमैन बनाना है। जिस पर काम शुरू कर दिया गया है। जिताऊ प्रत्याशी की तलाश की जा रही है कई-कई आवेदन आए हैं जिन पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें भाजपा की मुख्यधारा में जोड़ने एवं घर घर जाकर उनसे संपर्क किया जाएगा और हर हाल में भाजपा प्रत्याशी को नगर का चेयरमैन बनाया जाएगा। श्री साहू ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सामंजस्य बनाकर पार्टी जिसे भी प्रत्याशी घोषित करे, उसे हर हाल में जिताना है। पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह, राम दल के अध्यक्ष आगेंद्र उर्फ रानू साहू एवं स्कंद गुप्त ने भाजपा से टिकट के लिए आवेदन किया है। संभावना है कि कुछ और भी नाम आ जाएंगे। नगर पंचायत के 13 वार्डों में से केवल चार में भाजपा के दावेदार सामने आए हैं जिसमें वार्ड नंबर 2 में किरण देवी पत्नी शिवपूजन साहू, वार्ड 3 में अखिलेश कुमारी पत्नी बचानी पासवान, वार्ड 9 में रमा साहू पत्नी गणेशी साहू, वार्ड 12 से दीपक साहू के एक एक आवेदन पत्र आए हैं। जिनका टिकट मिलना लगभग तय माना जा रहा है। वार्ड नंबर 10 से रोहित मिश्रा, दीपक मिश्रा, गगन लाल पांडेय एवं प्रदीप तिवारी ने टिकट की मांग की है। बैठक में दावेदारों के अलावा अनिल कुमार शुक्ला, विनीत तिवारी, अंजनी किशोर बाजपेई, विजय बाजपेई, आकाश प्रताप साहू, बबलू सोनी, नोखे लाल पांडेय, अजय गुप्ता, कमला कांत द्विवेदी, शशिधर मिश्रा, अजय बाजपेई मौजूद रहे।

सड़क हादसों में दो घायल

फतेहपुर। अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के धानीमऊ गांव निवासी स्व. रामशरन का तीस वर्षीय पुत्र रिंकू गुरूवार की शाम बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गया। इसी प्रकार कानपुर नगर के थाना बर्रा निवासी रामचंद्र का 35 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र रिश्तेदारी में फतेहपुर जनपद आया था। वापस लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया।

अवैध बस स्टैण्ड से बस व जीपें की गई सीज

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर व जिला मुख्यालय में प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुवात की। मानिकपुर एसडीएम का अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे सतीशचन्द्र ने नगर पंचायत ईओ रामआशीष वर्मा व नगर पंचायत के कर्मचारियों तथा पुलिस बल के साथ तिगलिया बाजार, गुरौला रोड, स्टेशन रोड में पैदल भ्रमण कर सडक व नालियों के ऊपर अतिक्रमण किये दुकानदारों को अतिक्रमण जल्द हटाने के कडे निर्देश दिये हैं। शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान में एसडीएम व ईओ ने गुरौला रोड पर अवैध ढंग से चल रहे बस स्टैण्ड में पहुंचकर अवैध ढंग से चल रही जीप व बस को थाने ले जाकर सीज कर दिया। एसडीएम सतीशचन्द्र ने बताया कि नगर पंचायत के ईओ व कर्मचारियों के साथ मिलकर क्षेत्र में भ्रमण कर सडक व नालियों के ऊपर अवैध ढंग से दुकान बनाकर अतिक्रमण किये लोगों को जल्द अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये हैं। लोग अपनी-अपनी दुकानों से अतिक्रमण तत्काल हटा लें। अन्यथा दुकानों को ध्वस्त किया जायेगा।

पुलिस व राजस्व टीम मौके पर निपटायें भूमि विवाद: एसपी वृंदा शुक्ला

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी में एसडीएम कर्वी राजबहादुर की मौजूदगी में फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं। उन्होंने समस्याओं के जल्द निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। शनिवार को कोतवाली कर्वी सभागार में थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में पुलिस व राजस्व टीम मौके पर जाकर समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने कोतवाली कर्वी परिसर का भ्रमण कर निर्माणाधीन आरक्षी बैरक व विवेचक कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यदायी संस्था के ठेकेदार से गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द कार्य करने के निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस में कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल, चौकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह व राजस्व तथा पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में मानिकपुर व मारकुण्डी थाना में समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं।

ब्यौना राजा गांव में किसान ने लगाई फांसी

कोंच(जालौन)। एक किसान ने पेड़ से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम ब्यौना राजा निवासी 52 वर्षीय किसान काशीराम पुत्र नारायण दास राजपूत गत रोज शुक्रवार की देर शाम गांव से बाहर स्थित अपने खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला हुआ था। रास्ते में लगे बबूल के पेड़ से उसने गमछे के सहारे फाँसी लगा ली।

कुछ समय बाद जब काशीराम को फाँसी पर झूलते हुए ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के दो पुत्र हैं। फिलहाल घटना के पीछे के कारणों का कुछ पता नहीं चल सका है। सीओ का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

जैसारी मौजे में 60 बीघा खड़ी गेंहू की फसल जल कर हुई खाक

0 पीड़ित चार किसानों का हुआ लगभग 15 लाख का नुकसान

0 गर्मी शुरू होते ही खेतों में होने लगी आगजनी की घटनाएं

कुसमिलिया (जालौन)। डकोर गांव के जैसारी मौजा में शुक्रवार की दोपहर को डकोर गांव के स्थानीय निवासी चार किसानों की 60 बीघा गेहूं की फसल अज्ञात कारणों के चलते जलकर राख हो गई। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। आग से करीब पंद्रह लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

बताते चलें डकोर गांव के पास जैसारी मौजा में बुंदेलखंड खण्ड एक्सप्रेस वे के पास एक खेत में अज्ञात करणो के चलते सूखी खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे किसान अशोक पालीवाल, संजय पालीवाल, सुरजीत पालीवाल, सर्वेश पालीवाल की 60 बीघा में खड़ी गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई। भीषण आग को देखकर ग्रामीणों में अफरातफरा मच गई। ग्रामीणों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर गांव से करीब आधा दर्जन पानी के टैंकर पहुंचे और दमकल विभाग की गाड़ी के साथ पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से खेत में लगी आग पर तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। मौके पर डकोर थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल, अग्निशमन प्रभारी महेंद्र प्रसाद बाजपेई भी मौजूद रहे। किसान डकोर अशोक पालीवाल ने बताया कि गेहूं की फसल में कटाई के लिये आज ही हार्वेस्टर चलवा रहे थे, सात से आठ बोरा गेहूं ही निकल पाया कि अचानक खेत के दूसरी तरफ से भीषण आग लग गई। जिससे खेत में खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। वही किसानों ने शासन से मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

खेत में आग कैसे लगी नहीं मिल पायी जानकारी

उरई। किसानों के खेतों में आग लगने कि सूचना पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। जो आपस में बातचीत कर रहे थे कि हो सकता हैं किसी ने सिगरेट या बीड़ी खेत में डाल दी हो जिस बजह से खेत में आग लग गई। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक इस की जानकारी नहीं मिल पायी थी कि गेहूं के खेत में आग कैसे लगी।

हम रहेंगे चर्चा में

प्रशासनिक सेवा में पदार्पण किए लगभग एक दशक का लंबा समय गुजर गया लेकिन महिला आईएएस का स्वभाव है कि आज तक नहीं बदला। तैनाती चाहे जहां रही हो यह महिला आईएएस अपने कारनामों से चर्चा में आ ही जाती हैं। एक जमाने में प्रदेश की औद्योगिक राजधानी का हिस्सा रहे और वर्तमान में स्वतंत्र अस्तित्व वाले जनपद की बागडोर संभाल रहीं यह महिला आईएएस एक बार फिर चर्चा में हैं। दरअसल इस बार उन्होंने अपने बेटे के जन्म दिन पर जो केक काटा उस पर छपे चित्रों को लेकर विवाद छिड़ गया है। बताया जा रहा है कि बर्थडे का थीम 'ब्रह्मास्त्र' फिल्म पर आधारित था और केक पर त्रिशूल बना था।

काटे गए इस केक का फोटो कई दिनों से वायरल है। इसे संस्कृति का अपमान बताते हुए हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताई है और लिखा पढ़ी में डीएम साहिबा की शिकायत भी की है। हालांकि डीएम साहिबा ने सफाई देते हुए इसे थीम बेस फिल्म का चित्र बताते हुए माफी भी मांग ली है। मामला शांत हो जाता मगर इस बीच नया पेंच यह फंस गया है कि एक हिंदू संगठन के नेता ने डीएम पर उन्हें अपने आवास पर बंधक बनाए रखने और मोबाइल फोन छीन लेने का आरोप लगा दिया। बताते हैं कि इन्हीं नेता ने केक का फोटो कई रूप में वायरल कर इसे संस्कृति का अपमान बताया था। डीएम का कहना है कि मेरे बेटे के बर्थडे के फोटो वायरल कर मेरी निजता का हनन किया गया है। केक पर लगी फोटो एक सुपर हीरो की है जो बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है। हमारी किसी को ठेस पहुंचाने की मंशा नहीं थी। अब देखने वाली बात यह है कि इस विवाद में आगे क्या होता है लेकिन इतना जरूर है कि डीएम साहिबा पहले भी विवादों में रहीं हैं। सत्तारूढ़ भगवा दल के एक सांसद तो सार्वजनिक रूप से उनकी प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठा चुके हैं। मालूम हो कि यह वही डीएम साहिबा हैं जिनका पिछले दिनों जिले में हुए महोत्सव में एक भारतीय पॉप रॉक गायक के गाने पर डांस करते वीडियो वायरल हुआ था और जिसने काफी चर्चा बटोरी थी।

डबल खुशी

होली में नगर निगम द्वारा भुगतान न करने पर ठेकेदारों ने जोरदार प्रदर्शन किया था जिसके बाद आनन-फानन में नगर निगम प्रशासन ने दो लाख रुपए का भुगतान प्रत्येक ठेकेदार को करने का निर्देश दिया था। फिर क्या था। बड़े नटवरलाल बाबुओं ने बड़े साहब को जोरदार झटका दिया। नगर निगम पर 300 करोड़ की देनदारी के बाद भी कई ठेकेदार को 2-2 लाख रुपए का भुगतान कर डाला। जिन ठेकेदारों को यह डबल खुशी नहीं मिली तो उन्होंने पोल खोल दी। जब मामला खुला तो नगर निगम के धनकुबेर को कड़ी फटकार लगायी गयी। इस झोल को छुपाने की कोशिश की गयी लेकिन यह गलती नहीं थी बल्कि सुविधा शुल्क अधिक बटोरने की होड़ में जानबूझकर की गयी हरकत थी। इनमें एक दो नहीं बल्कि 30 ठेकेदारें को डबल डबल भुगतान कर दिया गया। हालांकि जांच बैठा कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात बड़े साहब ने कही है लेकिन यह तो नगर निगम का सोशलिज्म हैं, जहां सबको बराबर का मान दिया जाता है। वहीं कुछ पार्षदों ने चुटकी लेते हुए कहा कि होली की गुझियां में ज्यादा चीनी डालने पर फफूंद तो लगनी ही थी। फिलहाल यह मामला बाहर आते ही नगर निगम प्रशासन ने दोषियों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया तेज कर दी है।



जीव जन्तु प्रेमी

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्रा पर समाजवादी शिव को दीपक से प्रकाश दिखाने वाले आज कल संयासी बन गए हैं। कभी पहाड़ों पर तपस्या करते दिख जाते हैं तो कभी महापुरुषों की मूर्ति पोछते दिखाई पड़ते हैं। इतना ही नहीं अपने दीपक से रोशनी करने वाले ये महोदय कभी रात में कुत्तों को रोटी खिलाते नजर आते हैं तो कभी बंदरों के झुंड में बैठे उनके साथ खेलने लगते हैं। इनकी सिधाई का आलम ये है कि कभी बंदर इन महोदय के सिर पर आकर बैठ जाते हैं। सांप गले में लिपटे रहते हैं और ये मुस्कुराते रहते हैं।

समाजवादियों को प्रगति देने के लिए अपने दीपक से प्रकाश करने वाले इन महोदय की यह सब हरकतें इधर कुछ ज्यादा ही बढ़ गई हैं। काफी खोजबीन के बाद इनके व्यवहार में परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण समाजवादियों की प्रगति शीलता खत्म होना बताए जा रहा। समाजवादियों की प्रगति शीलता को धार देने के लिए ये महोदय मुख्य प्रवक्ता के तौर पर कार्य कर रहे थे लेकिन जब से समाजवादी कि प्रगतिशील समाप्त हुई है तब से ये संयासी भूमिका में आ गए हैं। इंसान व पशु की मित्रता पर बल देने के लिए राम भक्त हनुमान जी पर अध्यन करने के लिए ये लंका तक भ्रमण कर आए हैं।

गुरूजी का अर्थशास्त्र

अपने मैनेजमेंट गुरु का ध्यान हर समय 99 को 100 बनाने में लगा रहता है। एक तरफ बादशाहत भी चाहिए दूसरी तरफ घाटा न हो इसके लिए शुल्क के नाम पर नई नई योजनाएं भी लाते रहते हैं। इसमें मारे जाते हैं बेचारे अभिभावक। सिर्फ दो उदाहरण से समझिए। आप बखूबी समझ जायेंगे। परिसर में जितने रेगुलर कर्मचारी नहीं हैं उससे ज्यादा तो आउटसोर्सिंग वाले हैं। विभागों की छोड़िए। हर गेट पर चार से पांच सुरक्षाकर्मी। दिन में दो सुरक्षाकर्मी से भी काम चल सकता है। ऐसे में फौज खड़ी करने का क्या मतलब। चलिये फौज तो खड़ी कर दी आपने पर घाटा है। घाटे में संस्थान चल रहा है। इसकी रट लगाने की क्या जरूरत। अब दूसरी बात घाटे को पूरा करने के लिए उनका आइडिया देखिए। समूचे प्रदेश में एक समान परीक्षा शुल्क लिया जा रहा है पर यहां अलग शुल्क की वसूली होती है। घाटे की आड़ में। इस साल एडमिशन में रजिस्ट्रेशन को लागू किया है। इसके पीछे तर्क है कि विवि के पास रिकार्ड नहीं रहता है कि कितने छात्र कालेजों में पढ़ रहे हैं। अरे साहब। परीक्षा फार्म भरे जाते हैं तो आपके पास डेटा तो आता ही है। उसी आधार पर तो आप कॉपी और पेपर की व्यवस्था करते हैं। लेकिन नहीं रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। बच्चा कालेज में दाखिला लेगा तो उसे यूनिवर्सिटी से क्या लेना और देना। लेकिन नहीं रजिस्ट्रेशन के बहाने 100 रुपया देना अनिवार्य है। ऐसे में बैठे बैठाए करोड़ों रुपये के वारे न्यारे हो गए और साहब की बादशाहत कायम रही क्योंकि खजाना तो खाली ही नहीं हुआ।

औने-पौने दाम पर पिछली सरकारों ने बेची थीं चीनी मिलें: सीएम

- मुख्यमंत्री ने देवरिया में 480 करोड़ की 223 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- बच्चों का कराया अन्नप्राशन दिव्यांगों को दीं ट्राईसाइकिल

योगी बोले, हम शुगर काम्प्लेक्स बनाकर हजारों युवाओं को देना चाहते नौकरी

पायनियन समाचार सेवा। देवरिया/ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देवरिया वासियों को 480 करोड़ की 223 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने महर्षि देवरहा बाबा और बाबा राघव दास की इस धरा को नमन कर यहां के लोगों से खुद को जोड़ा और आश्वस्त किया कि कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय बनेगा तो देवरिया में शुगर कॉम्प्लेक्स भी लगेगा। विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी, देवरिया से आए हर प्रस्ताव को बढ़ाएंगे। सीएम विपक्ष पर हमलावर भी रहे। बोले. पिछली सरकारों ने औने पौने दाम पर चीनी मिलें बेची थीं, हम शुगर काम्प्लेक्स बनाकर हजारों युवाओं को नौकरी देना चाहते हैं। हमारी सरकार हर गांव में खेल का मैदान, ब्लॉक में मिनी स्टेडियम व जिले में स्टेडियम बनाएगी। निजी खेल अकेडमियों को बढ़ावा देंगे। दो करोड़ युवाओं को सक्षम बनाने के लिए टैबलेट दे रहे हैं। सीएम ने कहा कि 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश की परियोजना यूपी में आ रही है। दो-तीन वर्ष के अंदर एक करोड़ नौजवानों को नौकरी देंगे। युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए स्किल मैपिंग व डवलपमेंट के लिए आईटीआई, पॉलीटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। निवेश प्रक्रिया को बढ़ाने का कार्य भी हो रहा है।

सीएम ने कहा कि यह क्षेत्र कभी मलेरिया के लिए जाना जाता था। मलेरिया से मुक्ति मिली तो इंसेफेलाइटिस कहर बना। हम लोगों ने कोरोना को नियंत्रित किया तो अब देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज में दूर-दूर तक इंसेफेलाइटिस नहीं आ सकता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम से पहले विभिन्न विभागों की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल भी प्रदान की गई। साथ ही पीएम स्वनिधि योजनाए पीएम आवास योजना (शहरी-ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) समेत अनेक योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी व सिलाई मशीन भी दी।

पीएचसी का लोकार्पण, बच्चों से कटवाया फीता

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को बरहज (देवरिया) के विकास खंड भलुअनी के बहोर धनौती गांव में स्व' मरजादी देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। मंत्रोच्चार के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूली बालिकाओं से फीता भी कटवाया। सीएम ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन-पूजन के उपरांत पौधरोपण भी किया।

प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर राज्य स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, मंडलीय अपर निदेशक स्वास्थ्य, जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्साधिकारियों तथा चिकित्सालयों के प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे कोरोना महामारी को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें, जिससे आवश्यकता पड़ने पर जनसामान्य को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। शर्मा ने बताया कि बेहतर कोविड प्रबंधन के लिए चार स्तरों पर अलग.अलग निर्देश दिये गये हैं। इसमें कोविड सैम्पलिंग, सर्विलांस तथा संवेदीकरण गतिविधियां, रैपिड रिस्पांस टीम की क्रियाशीलता तथा चिकित्सालयों के लिए निर्देश शामिल हैं। कोविड सैम्पलिंग के लिए सभी कोविड प्रयोगशालाओं की पूर्ण सक्रियता सुनिश्चित करने तथा जीनोम सिक्वेन्सिंग के लिए कोविड पॉजीटिव मरीजों के सैम्पल माइक्रोवायोलॉजी लैब केजीएमयू भेजने के निर्दश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त लक्षणयुक्त मरीजों का परीक्षण 24 घंटे के अंदर करा लेने के निर्देश दिए गए हैं। जनपदों में स्थापित इन्टीग्रेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर को पुन: सक्रिय करने को कहा गया है। विदेश यात्रा से आने वाले व्यक्तियों की कोविड रोग बचाव के लिए निगरानी रखने तथा जनपद तथा ब्लाक स्तर पर गठित निगरानी समिति एवं आरआरटी टीमों का पुन: संवेदीकरण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर पूर्व की भांति आशाए आगनबाड़ी वर्कर एवं ग्राम निगरानी टीम सदस्य लक्षणयुक्त मरीजों को मेडीसिन किट का वितरण करेंगे। रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा सूचना प्राप्त होने के 24 घंटे के अंदर कोविड पॉजीटिव व्यक्ति का गृह भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। कोविड व्यक्ति के सम्पर्क में आये व्यक्ति का सैम्पल जांच हेतु 24 घंटे के अंदर एकत्रित कर लैब में भेजा जाएगा तथा सभी व्यक्तियों को इस बात के लिए जागरूक किया जाए कि यदि उनमें कोई कोविड के लक्षण मिले तो वे तत्काल इन्टीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर को सूचना देते हुए निकटवर्ती कोविड जांच केंद्र पर अपनी जांच कराना सुनिश्चित करें।सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि कोविड.19 के प्रबंधन के लिए सभी स्तर के कार्मिकों का कोविड.19 संबंधित संवेदीकरण प्रशिक्षण दिया जाए। सभी अस्पताल अपनी पूरी क्षमता से कार्य करेंए इसके लिए सभी आवश्यक उपकरणए दवाएं, मानव संसाधन व लॉजिस्टिक की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों में कोविड उपयुक्त व्यवहार एवं मास्क का प्रयोग किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रदेश के हवाई अड्डों पर केंद्र सरकार के कोविड गाइडलाइन के अनुसार स्क्रीनिंग की जाय। निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है।

जनता को आतंकित करने वालों की गीली हो रही पैंट

- गीडा सेक्टर 27 में पेप्सिको की फ्रेंचाइजी प्लांट का किया भूमि पूजन व शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर/ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में कानून के इतर काम करने की इजाजत किसी को और कतई नहीं है। मजबूत कानून व्यवस्था की देन है कि प्रदेश के लोगों के जान के दुश्मन बने माफिया को खुद जान के लाले पड़े हैं। आज बदले उत्तर प्रदेश में जनता को आतंकित करने वालों को कोर्ट जब सजा सुनाती है तो उनकी पैंट गीली हो जा रही है। आज उत्तर प्रदेश में निवेशकों की और उनकी पूंजी सुरक्षा की गारंटी है। सबकी सुरक्षा सरकार की जवाबदेही है। नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप बस रहे औद्योगिक गलियारे में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1071 करोड़ रुपये के निवेश से लग रहे प्लांट का भूमि पूजन व शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक दौर वह भी था जब गुंडेए माफिया कारोबारियों को धमकी देते थेए उनका अपहरण करते थे। आज गुंडे, माफियाओं की यहां सिट्टी-पिट्टी गुम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी बदल चुका है। छह वर्ष पूर्व इसकी पहचान दंगों और अराजकता से थी। इस वर्ष जब रामनवमी पर देश के कुछ राज्यों में दंगे हो रहे थे तब उत्तर प्रदेश में अमन चैन था। प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में 33 लाख लोग पहुंचे और एक तिनका भी नहीं हिला। रामनवमी पर प्रदेश में एक हजार से अधिक शोभायात्राएं निकाली गईं। इन पर हिंदू-मुस्लिम पुष्पवर्षा कर रहे थे। 6 अप्रैल को हनुमत जयंती पर प्रदेश में 500 से अधिक शोभायात्राएं शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गईं। सीएम ने कहा कि अब यूपी में पर्व त्योहार पर बमवर्षा नहीं बल्कि पुष्पवर्षा होती है।

युवा ऊर्जा के लाभ से नंबर वन बनेगा उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री

- तीन साल में एक करोड़ युवाओं को रोजगार से जोड़ेंगे

गोरखपुर/लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के युवाओं की ऊर्जा और उनकी प्रतिभा का लाभ अगर उत्तर प्रदेश के अंदर ही मिलना प्रारंभ हो गया तो उत्तर प्रदेश को देश में नंबर वन प्रदेश बनने में देर नहीं लगेगी। इसके मद्देनजर सरकार ने ऐसी कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू किया है जिससे अगले तीन साल में एक करोड़ नौजवानों को प्रदेश के अंदर ही निजी क्षेत्र में नौकरी व रोजगार से जोड़ा जाएगा। सीएम योगी शनिवार को सहजनवा के भोलाराम मस्करा इंटर कॉलेज मैदान में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, एथलेटिक ट्रैक, दर्शकदीर्घा से युक्त 10.43 करोड़ की लागत से बनने वाले ग्रामीण मिनी स्टेडियम का भूमि पूजन व शिलान्यास करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा सबकुछ कर सकते हैं।

युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने तय किया है कि दो करोड़ युवाओं को टैबलेट. स्मार्टफोन देकर उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाएगा।

बिजलीकर्मी विद्युत व्यवधान करने का प्रयास न करें: ऊर्जा मंत्री

- नीतिगत निर्णयों के आधार पर ही हड़ताल के दौरान चिन्हित विद्युत कर्मियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की भांति विद्युत कर्मियों को भी कैसलेस इलाज की सुविधा मिले, इसके लिए प्रस्ताव बनाया जा रहा है। कार्मिकों की एसीपी की विसंगतियां दूर हों तथा सभी संविदा कर्मियों के मानदेय में एकरूपता बने, इसके लिए भी प्रयास किये जायेंगे। विद्युत कर्मियों की दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु पर उनकी क्षतिपूर्ति को 5 लाख रुपये से बढ़ाने पर विचार किया जायेगा। विद्युत कर्मियों को भी बीमा का लाभ मिले इन सभी मामलों पर विचार करके एवं आपसी संवाद से कार्मिकों के हित में निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के साथ 3 दिसम्बर 2022 को हुए समझौते के कुछ बिन्दुओं को पूरी तरह से लागू करना संभव नहीं होगा। उन्होंने विगत एक वर्षों में विद्युत कर्मियों द्वारा विभाग हित में किये गये परिश्रम की सराहना की और कहा कि उनकी बदौलत आज विद्युत इकाइयां 8 प्रतिशत की ज्यादा पीएलएफ क्षमता से कार्य कर रहीं। विभाग के एटीएस लॉस में 5 प्रतिशत की कमी आयी, जो कि पहले 31 प्रतिशत थी। राजस्व वसूली में भी वृद्धि हुई है और बिजली उत्पादन भी 13.39 प्रतिशत बढ़कर 39691 मिलियन यूनिट हुआ हैए जो कि प्रशंसनीय है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार को डालीबाग के गन्ना संस्थान में आयोजित यूपी विद्युत मजदूर पंचायत के 24वें सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने विद्युत कर्मचारियों को ऊर्जा परिवार का अभिन्न अंग बताया। कहा कि परिवार के उत्सव में परिवार के मुखिया के रूप में ऊर्जा मंत्री का शामिल होना जरूरी रहा। उन्होंने आपसी संवाद से समस्याओं का निदान करने की बात कही और कहा कि सभी एक साथ मिलकर जनता की सेवा करेंगे।

तीन माह में खेलों के विकास पर 200 करोड़ खर्च करेगी योगी सरकार

उत्तर प्रदेश खेल विकास कोष के साथ खेल अवस्थापना सुविधाओं के विकास एवं नवनिर्माण पर होगा फोकस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी में खेलों का स्वरूप बदल रहा है। योगी सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में सरकार आगामी 3 माह में इस सेक्टर पर 200 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इस राशि से सरकार उत्तर प्रदेश खेल विकास कोष के साथ-साथ प्रदेश में खेल अवस्थापना सुविधाओं का विकास एवं नवनिर्माण करेगी। यही नहीं, इस तीन महीनों में प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण की भी योजना है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने अपने सभी विभागों को तीन माह की कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खेल विभाग ने नई मांग के माध्यम से संचालित योजनाओं में आवंटित बजट के आगामी तीन माह में व्यय किए जाने की कार्ययोजना प्रस्तुत की है।

खेल विभाग की कार्ययोजना के अनुसार अप्रैल से जून के बीच 25 करोड़ के बजट से उत्तर प्रदेश खेल विकास कोष की स्थापना की शुरुआत की जाएगी। इससे संबंधित नीति तैयार कर सरकार के अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। अनमोदन स्वीकार होने के बाद प्रख्यापित नियमावली के दृष्टिगत वित्त विभाग से राय लेते हुए वित्तीय स्वीकृति दी जाएगी। खेल विकास कोष से राज्य के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उपकरण खरीदने में आसानी होगी जबकि विदेशों में ट्रेनिंग और प्रदर्शन का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षकए फिजियोथेरेपिस्ट और मनोवैज्ञानिक की भी सेवाएं मिल सकेंगी।

योगी सरकार और खेल विभाग का मुख्य लक्ष्य इन तीन माह में प्रदेश में खेल अवस्थापनाओं के विकास का होगा। इनमें पहले से दी जा रही सुविधाओं में बढ़ोतरी के अलावा विभिन्न जनपदों में नए निर्माण के लिए 116.72 करोड़ रुपए के बजट का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत विभागीय अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव के तहत कार्यदायी संस्था का निर्धारण किया जाएगा। नामित कार्यदायी संस्था द्वारा प्रेषित आगणन का परीक्षण कराते हुए आगे की कार्यवाही की जाएगी। यही नहींए आंकलित लागत के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति देने के लिए वित्त विभाग से राय लेते हुए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए भी 50 करोड़ रुपए के बजट का आवंटन प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत नीति तैयार कर सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। वित्त विभाग की राय के अनुरूप वित्तीय स्वीकृति दी जाएगी। इसके अलावा स्पोर्ट्स कॉलेज, फतेहपुर को भी सरकार द्वारा 1.50 करोड़ रुपए का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके लिए सचिव प्रबंध समिति, उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेजेज सोसायटी से प्रस्तावित बजट के सापेक्ष प्रस्ताव प्राप्त किया जाएगा। प्रस्ताव पर वित्त विभाग की राय के अनुरूप वित्तीय स्वीकृति दी जाएगी।

अब वैश्विक फलक पर भी चमक बिखेरेंगे यूपी के दुग्ध उत्पाद

- विभिन्न देशों में दुग्ध उत्पादों के नमूने भेजने पर पांच लाख का दिया जा रहा अनुदान

दुग्ध उत्पादों की ग्लोबल ब्रांडिग के लिए 40 लाख तक की सहायता देगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में नंबर एक राज्य बनाने के बाद अब योगी सरकार दुग्ध उत्पादों को वैश्विक फलक पर नई पहचान दिलाने और ब्रांडिंग के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन नीति-22 में दुग्ध उत्पादों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए सब्सिडी के साथ कई अन्य रियायतें देने का निर्णय लिया है।इतना ही नहीं योगी सरकार ने दुग्ध उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए हर साल 20 लाख रुपये तीन साल तक देने का फैसला किया है। निर्यात प्रोत्साहन के लिए यह राशि 40 लाख रुपये होगी। अन्य देशों में उत्पाद का नमूना भेजने के लिए कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। वहीं उत्पादों के मानकीकरण के लिए पांच लाख रुपये अनुदान दिया जाएगा।विदेशों में भेजे दुग्ध उत्पाद के नमूने योगी सरकार देगी अनुदान योगी सरकार पिछली सरकारों में बीमारू सेक्टर में तब्दील हो चुके डेयरी सेक्टर में जान फूंकने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसका असर भी अब दिखने लगा है। दुग्ध विकास विभाग के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि योगी सरकार डेयरी सेक्टर को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए दुग्ध उत्पादों के लिए कई प्रोत्साहन लेकर आई है। इनमें दुग्ध उत्पादों की ब्रांडिंगए प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देनेए नए प्लांट लगाने, कोल्ड चेन की स्थापना करने, दुग्ध केंद्र के उपकरण खरीदने, बल्क मिल्क कूलर लगाने, रेफ्रिजरेटेड वैन, कूलिंग वैन, रोड मिल्क टैंकर, आइसक्रीम ट्रॉली की खरीद के लिए भारी भरकम सब्सिडी दे रही है। वहीं प्रदेश के दुग्ध प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सड़क मार्ग से लेकर एयरपोर्ट, समुद्री पोर्ट के परिवहन पर आने वाले कुल खर्च पर योगी सरकार 25 प्रतिशत और अधिकतम 20 लाख रुपये तक सब्सिडी दे रही है। इसी तरह निर्यात प्रोत्साहन के लिए 40 लाख रुपये की धनराशि दी जा रही हैएजो जलयान या फिर वायुयान के माध्यम से निर्यात के आधार पर प्रदान की जाएगी। इतना ही नहीं निर्यात को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अन्य देशों में दुग्ध उत्पादों का नमूना भेजने के लिए कुल लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम पांच लाख रुपये अनुदान के रूप में दिये जा रहे हैं। नये प्लांट के बिजली बिल में 10 वर्षों तक दी जा रही छूट योगी सरकार ने नई दुग्ध नीति-2022 में दुग्ध उत्पादों के मानकीकरण को प्रोत्साहित करने के साथ प्रोडक्ट के पेटेंट और डिजाइन पर पांच लाख का अनुदान देने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई नीति में नये दुग्ध प्रसंस्करण प्लांट को बढ़ावा देने के लिए 10 वर्षों तक विद्युत शुल्क में छूट देने का ऐलान किया है। इसी नीति के तहत नये प्लांट के लिए भूमि खरीदने या लीज पर भूमि लेने पर स्टाम्प शुल्क में छूट दी जा रही है।

न्यायालय कर्मचारियों ने अपनी मांगों के लिए काली पट्टी बांधकर किया कार्य

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

प्रदेश के न्यायालय कर्मचारियों को लंबित समस्याओं का समाधान न होने तथा उस पर माननीय न्यायालय इलाहाबाद व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कोई निर्णय न लिए जाने के कारण प्रदेश संघ के आहान पर पूरे प्रदेश के न्यायिक कर्मचारी गण आंदोलित होने को विवश हैं। इसी क्रम में शाखा इकाई मोहम्मदी के न्यायिक कर्मचारी भी सोमवार से काला फीता लगाकर काम करेंगे। कर्मचारी गण अपनी मुख्य समस्याएं मृतक आश्रित प्रकरण शैक्षणिक सेवा योजना, कर्मचारी गण के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण, नियमावली संशोधन, संविदा कर्मियों के वेतन वृद्धि व नियमितीकरण, तदर्थ कर्मियों को समानए सेवाकाल ना प्राप्त होने आदि के संबंध ने अब तक उपेक्षित परिणाम ना प्राप्त होने से व्यथित हैं समस्त न्यायिक कर्मचारियों द्वारा न्यायिक कार्य संपादित करते समय काला फीता बांधकर कार्य किया है। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ चतुर्थ श्रेणी न्याय कर्मचारी संघ ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया है। अब जनपद न्यायालय सारे संगठन एक स्वर से आंदोलन में हुंकार भरेंगे तथा 30 अप्रैल 2023 को दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज में महा सम्मेलन भी आयोजित कर रहा है। इस महा सम्मेलन में पारित ज्ञापन उसी दिन माननीय उच्च न्यायालय को सौप कर न्यायालय कर्मचारी अपने लिए न्याय मांगेंगे और शासन के कर्मचारी विरोधी कार्य प्रणाली में सीधा हस्तक्षेप कर न्याय प्रशासन से न्याय दिलाने का आहान करेंगे। जिसमे कर्मचारी गण मुख्यरूप से अनिल कुमार (उपाध्यक्ष), महेश्वर गुप्ता (उपाध्यक्ष), मनोज कुमार,मोहम्मद असलम खान पेशकार, शुजाअत हुसैन पेशकार, शैलेंद्र कुमार पेशकार, अनिकेत पटेल, प्यारेलाल, सुरेश कुमार स्टेनो, नरेश सिंह स्टेनो, सत्येंद्र कुमार व छत्रपाल, द्वारिका प्रसाद, संजय सिंह, सुरेश कुमार सहित अन्य और भी कर्मचारियों ने अपनी व्यथा अभिव्यक्त की है।

सीएमओ ने दिए ब्लड सेपरेटर मशीन जल्द शुरू करने के निर्देश

लखीमपुर खीरी। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने 200 शैय्या चिकित्सालय मोतीपुर ओयल स्थित जिला पुरुष चिकित्सालय की ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने ब्लड सेपरेटर यूनिट को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि जिला चिकित्सालय में अभी तक ब्लड सेपरेटर मशीन नहीं थी। इस कारण ब्लड से पीआरबीसी, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और ट्रायोप्रेसिप्रिटेटर को अलग नही किया जा सकता था। जिससे एक यूनिट ब्लड से 4 लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकें। इसके लिए उन्होंने लैब टेक्नीशियन महंत सिंह से जानकारी की तो उन्हें बताया गया कि अभी दो डीप फ्रीजर को मंगाया जाना है और इसके बाद इस मशीन को चलाने के लिए लैब टेक्नीशियन का प्रशिक्षण होना है। जिसके बाद यह मशीन शुरू की जा सकेगी। उन्होंने इस मशीन के जल्द शुरू होने की बात भी बताई।

जिलाधिकारी से बियर की दुकान स्थानान्तरित किए जाने की गुहार

- शहर के एनसीसी रोड पर संचालित हैं कई विद्यालय, कोचिंग संस्थान
- बियर की दुकान से 100 मीटर के दायरे में स्थापित हैं दो प्रतिष्ठित मंदिर
- मंदिर पर सुबह से देर रात तक महिलाएं करती हैं पूजन

संवाददाता। सीतापुर

वीओ-विद्यालय जाने वाले बच्चों के मन पर विपरीत असर पड़े चाहे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों, आबकारी विभाग को सिर्फअपना राजस्व बढ़ाने से मतलब है। तभी तो मंदिर से चंद कदमों की दूरी पर बियर की दुकान खोले जाने को हरी झंडी दिखा दी गई। दुकानदार पिछले एक सप्ताह से दुकान खोलकर बियर की बिक्री कर रहा है। इसी के साथ दुकान के आस-पास अराजक तत्वों का जमावड़ा भी लगने लगा है। जहां बियर की दुकान खुली है वहीं से चंद कदमों की दूरी पर पूर्व सदर विधायक राकेश राठौर का आवास भी है। बहरहाल दुकान खुलने के बाद मोहल्ला वासियों ने इसकी शिकायत डीएम तक पहुंचाई है। मंदिर और विद्यालय के इर्द-गिर्द बियर की दुकान खुलने से क्या हालात उत्पन्न हो रहे हैं इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। मामला सीतापुर शहर के मोहल्ला लोहारबाग / विजय लक्ष्मीनगर का है। यहां के वाशिंदों को शिकायत है कि उनके मोहल्ले में जहां पर बियर की दुकान खुली है, वहां 100 मीटर के दायरे में भगवान के दो प्रतिष्ठित मंदिर हैं। एनसीसी ऑफ्सि के पास द बर्गर और महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर खुला हुआ है। यहीं दुकान के सामने एक बियर की दुकान संचालित हो रही है, इस दुकान के खुलने से आसपास के वातावरण पर काफी विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। क्योंकि इसी मार्ग से होकर छात्र और छात्राएं विद्यालय जाती हैं। मार्ग पर कई विद्यालय हैं। मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए महिलाओं का सुबह से लेकर रात तक आना जाना लगा रहता है। जिन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के संदीप कुमार, शांतनु राज अग्निहोत्री, दिलीप कुमार, अजय, सुयश सहगल, परमानन्द दीक्षित, नीरज, गोपी, दिनेश कुमार आदि ने डीएम तक अपनी समस्या पहुंचाकर बियर की दुकान किसी दूसरी जगह पर स्थानान्तरित किए जाने की मांग की है।

पूर्व सदर विधायक ने घर-घर जाकर किया जन सम्पर्क

संवाददाता। सीतापुर

नगर निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवारो और उनके समर्थकों ने जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। मतदाताओं, कार्यकर्ताओं के साथ बैठके करने के अलावा घर-घर जाकर वोट मांगे जा रहे है। नपा परिषद सीतापुर के निवर्तमान चेयरमैन पूर्व सदर विधायक राधेश्याम जयसवाल ने अपने पुत्र सचिन जयसवाल एंव सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं/समर्थकों के साथ शहर के वार्ड लालकुर्ती बाजार में डोर टू डोर जनसम्पर्क किया और आगामी नगरपालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पुत्र वधू पूर्व चेयरमैन रश्मि जयसवाल के समर्थन में चुनाव प्रचार करते हुए वोट मांगा। यहां पर मुख्य चौराहे पर सभासद कुसुमलता विकल, अशोक यादव, असगर अली, शमीम गाजी, जावेद गाजी व कल्लू आदि ने पुष्प गुच्छ देकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। राधेश्याम जयसवाल ने कहा कि हमारा सदैव यही प्रयास रहता है कि स्थानीय जनता को मिलने वाली सभी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर मिलनी चाहिए। नगर में सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था, गली. मार्ग नाली निर्माण सहित पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सभी को मिलती रहे। इस हेतु मेरे द्वारा पूर्व में भी आपके वार्ड में हर संभव प्रयास करके गलियों में इंटरलॉकिंग सीसी मार्ग निर्माण कार्य, पेयजल हेतु दर्जनों हैंडपंप लगवाने के साथ.साथ पेयजल पाइपलाइन डलवाई गई एवं प्रत्येक खंभों पर नई एलईडी लाइट लगवाई गई। वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प योजना से उसकी मरम्मत एवं सुधार कार्य कराया गया, साथ ही सुलभ कांप्लेक्स का निर्माण करा कर अन्य समस्याओं का भी त्वरित समाधान कराया गया। भ्रमण के दौरान राधेश्याम जयसवाल के साथ योगेंद्र तिवारी , विनय पुरी, ओंकार भार्गव, वीरपाल सिंह, अनुभव सक्सेना, ओम प्रकाश सोनकर, सुशील कनोजिया सहित कई ग्राम प्रधान व बीडीसी मौजूद रहे। आगामी नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर सपा से सीतापुर नगर के पूर्व विधायक एवं निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर राधेश्याम जायसवाल अपने माल गोदाम स्थित पार्टी कार्यालय पर इससे पहले बैठक कर चुके हैं। बैठक में सपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के अलावा कई संभ्रात जन भी मौजूद थे। पूर्व विधायक द्वारा आए हुए सभी सपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया जा चुका है कि वर्तमान नगर पालिका चुनाव में सीतापुर नगर पालिका की सीट सामान्य महिला हेतु आरक्षित की गई है। जिस पर पूर्व पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल एक बार फिर से मैदान में हैं।

नगर आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

संवाददाता। शाहजहांपुर

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा नगर क्षेत्र के मो0 खिरनीबाग वाल्मीकि बस्ती में स्थित सामुदायिक शौचालय, सार्वजनिक शौचालय एवं पिंक शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय शौचालयों में सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति एवं प्रकाश बिंदुओं की स्थिति को देखा गया। निर्देशित किया गया कि शौचालयों की कायाकल्प/ जीर्णोद्वार अभियान के अंतर्गत शौचालयों को और अधिक जन-उपयोगी बनाए जाये। शौचालयों में इंसीनरेटर लगवाने एवं शौचालयों में सभी व्यवस्थाएं ओडीएफ मानकों के अनुरूप करने के निर्देश दिए । महिला शौचालय वाले कांप्लेक्स में सेनेटरी नैपकिन पैड वेंडिंग मशीन को सक्रिय कराने एवं जहां नहीं लगे हैं वहां लगवाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय ही स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनसे सुझाव लिए गए। इसके साथ ही नगर आयुक्त ने मलिन बस्तियों का भ्रमण कर गलियों की सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई व्यवस्था एवं क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। क्षेत्रवासियों से स्वच्छता के सम्बन्ध में वार्ता कर अपील की गई कि अपने-अपने घरों का सूखा व गीला कचरा अलग-अलग कर नगर निगम द्वारा संचालित कूड़ा वाहन गाड़ी को ही दें। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने आवासों के लाभार्थियों से वार्ता की गई। इस मौके पर राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उ प्र सरकार के अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित एवं अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे

नंदीशाला का निरीक्षण किया

नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के पुवायां रोड पर सिंचाई विभाग स्थित नंदीशाला का निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय नंदीशाला में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवं गौवंशियों के लिए हरा चारा, भूसा आदि व्यवस्था को देखा गया। निर्देशित किया गया कि साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरस्त रखने के साथ-साथ गौवंशियों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। नंदियों हेतु चारा व भूसा प्रयाप्त मात्रा में रखने के निर्देश सम्बंधित को दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त एस के सिंह उपस्थित रहे।

क्विक न्यूज

आत्महत्या के दुष्प्रेरण का वांछित गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष नीमगांव के नेतृत्व में आज दिनांक 08ए04ए2023 को थाना नीमगांव पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 77ए23 धारा 306ए506 भादवि व 3,2द्धद एससी एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त बालगोविन्द पुत्र राम औतार निवासी ग्राम रामपुर थाना नीमगांव जनपद खीरी को सुतेहरा मोड़ से

गिरफ्तार करके अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजीत कुमार, थाना नीमगांव उ0नि0 गौरव सिंह, थाना नीमगांव, का0 संजय यादव थाना नीमगांव व का0 मनीष कुमार, थाना नीमगांव शामिल रहे।

दीवार के मलबे में दबकर महिला की मौत पति घायल

बरेली। मकान के पास खड़ी खस्ताहाल दीवार अचानक पास में खड़े पति-पत्नी पर गिर पड़ी दोनों मलबे में दब गए पत्नी की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई पति घायल हो गया उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और मृतका के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा सिरौली थाने के गांव मनकरा निवासी पन्नालाल की 30 वर्षीय पत्नी ओमवती की बीती रात घर के बाहर खड़ी खस्ताहाल दीवार के मलबे में दबने से मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद ओमवती के देवर प्रेमपाल ने बताया कि ओमवती और पन्नालाल बीती रात लगभग 10 बजे घर के बाहर उसके पड़ोसी हरप्रसाद द्वारा खड़ी की गई दीवार के पास रोजाना की तरह सोने के लिए बिस्तर लगा रहे थे इसी दौरान हरप्रसाद की दीवार उनके ऊपर गिर पड़ी और दोनों दीवार के मलबे में दब गए धमाके की आवाज सुनकर घर के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने गांव वालों की मदद से मलबे को हटाया और गंभीर रूप से घायल मोमबत्ती और पन्नालाल को बाहर निकालकर इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए लेकिन ओमवती की रास्ते में ही मौत हो गई और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पन्नालाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराने के बाद मृतका के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

अरबी सब्जी के सेवन के हैं कई फायदे

सीतापुर। कुछ सब्जियां ऐसी होती हैं जिन्हे लोग सिर्फ स्वाद के लिए खाना पसंद करते हैंए जबकि पोषण के मामले में यह सब्जियां बहुत ही अच्छी होती है। पोषक तत्वों से भरपूर विभिन्न प्रकार की सब्जियों में से एक सब्जी है अरबी। इसका सेवन इम्युनिटी बढ़ाने के साथ आंखों के लिए भी कई मायनों में फायदेमंद रहता है। यह जानकारी आपके सेहत से जुड़ी हुई है। हम चर्चा करेगें सब्जियों में शुमार अरबी सब्जी के बारे मेंए तो आइये जानते है अरबी सेवन के क्या.क्या फायदे हैं और इसमें कौन.कौन से पोषक तत्व पाए जाते है। अरबी उन लोगो के लिए एक अच्छा ऑप्शन है जो वजन कम करने की कोशिशों में लगे हुए हैं। अरबी खाने से काफी देर तक पेट भरा रहता है। इसलिए आपको अरबी जरुर खानी चाहिए क्योंकि इससे आप अतिरिक्त कैलोरी लेने से बचे रहते है। अरबी में कारबोहाईड्रेट काफी ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। आपके शरीर के ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने में अरबी बहुत फायदेमंद है। आपको अगर अपनी इम्युनिटी बढ़ानी है तो डाइट में अरबी को जरुर शामिल करें। अरबी को खाने से बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। इतना ही नहीं आपकी आँखें अगर कमजोर हो गई है या फिर हमेशा थकान महसूस होती है तो डाइट में अरबी को जरुर शामिल करें। अरबी में विटामिन ए भी पाया जाता है जो आँखों के लिए बहुत फायदेमंद है। अरबी की तासीर ठंडी होती है इसलिए गर्मी में इसका सेवन किया जा सकता है।

युवक का शव अस्पताल के पीछे टीन शेड में लटका मिला

शाहजहांपुर। युवक का शव अस्पताल के पीछे टीन शेड में पेड़ पर लटका मिला। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का आरोप है कि देर रात एक युवती ने घर आकर शादी का दबाव बनाया था। इनकार करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। उसके बाद युवक अस्पताल गया और उसके पीछे उसका शव मिला है। परिजनों ने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही है। थाना तिलहर क्षेत्र के शेरगढ़ निवासी मोहम्मद अजीम 24 एक प्राइवेट अस्पताल में जॉब करता था। गुरुवार की शाम अजीम के घर एक युवती ने आकर हंगामा किया था। युवती अजीम पर प्रेम प्रसंग का आरोप लगाकर शादी करने का दबाव बना रही थी। शादी करने से अजीम और उसके परिजनों ने इनकार कर दिया। उसके बाद युवती अंजाम भुगतने की धमकी देकर चली गई थी। परिजनों ने बताया कि इस घटना के बाद अजीम को अस्पताल जाने से इनकार किया था, लेकिन अस्पताल के डॉक्टर ने अपनी जिम्मेदारी पर बुलाया था। सुबह सूचना मिली कि अजीम का शव अस्पताल के पीछे टीन शेड में पेड़ पर लटका है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बरेली। ठेले पर खीर बेचने वाले एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई उसकी लाश जंगल में मिली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।आंवला थाना क्षेत्र के गांव तिकुनिया निवासी 60 वर्षीय अनोखे लाल की लाश आज सुबह पुरैना गांव के जंगल में पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के बेटे छोटू ने बताया कि उसके पिता पुरैना गांव के पास ठेके पर खीर बेचते थे शुक्रवार को वह खीर बेचने के लिए गए थे शाम को बेटा छोटू उनके पास पहुंचा तो उन्होंने खाली ठेला उसे घर ले जाने के लिए दे दिया और खुद शौच करने की बात कहकर जंगल में चले गए लेकिन वह घर वापस नहीं लौटे आज सुबह लोगों ने उनकी लाश को जंगल में देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके घर वालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक की पहली पत्नी की मौत हो चुकी थी और उसने बंगाल की एक महिला से विवाह किया था जिससे उसके दो बेटे है ।

जिला जेल के कैदी की जिला अस्पताल में मौत

बरेली। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए जिला जेल के कैदी की मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भोजीपुरा थाने के गांव खजुरिया निवासी 55 वर्षीय अनवार पुत्र आमीन कि बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे कल दिन में बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के भाई इकरार ने बताया कि अनवार अविवाहित था और लगभग 5 महीने पहले गांव के एक व्यक्ति ने उस पर अपनी 8 वर्षीय बेटी के साथ दुराचार का आरोप लगाया था तब पुलिस ने अनवार को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा जिला जेल में कल उसकी तबीयत बिगड़ने पर इलाज के लिए जेल प्रबंधन ने जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया और बीती रात उसकी मौत के बाद घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी जो जिला अस्पताल पहुंचे और सब की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।

चैती मेले में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ

छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर स्कूल के बच्चों का कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति सुरेन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्जलित कर किया। मंच का संचालन पालिका प्रधान लिपिक राजेश बाजपेयी ने किया। निर्णायक मंडल के केके शुक्ला, शशिकान्त एवं कमल किशोर श्रीवास्तव मौजूद रहे। पुरूषोत्तम बाल विद्या मन्दिर मुन्नूरांज भुसौरिया रोड स्कूल के बच्चों द्वारा ओ री चिरैया पर प्रस्तुतीकरण किया। यदुशील शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल पश्चिमी दीक्षिताना गोला के बच्चों द्वारा रानी लक्ष्मीबाई संगीतयी नृत्य नाटिका पर प्रस्तुतीकरण दी। इण्डियन हेरिटेज एकेडमी, त्रिलोक गिरि मार्ग स्कूल के बच्चों द्वारा बाबा मैं तेरी मलिका, ओ री चिरैया पर प्रस्तुतीकरण की। कृषक समाज इण्टर कालेज, गोला गोकर्णनाथ स्कूल के बच्चों द्वारा महाकाल भक्ति ग्रुप-1 एवं काव्या शुक्ला, लक्ष्मी देवी आदि द्वारा महाभारत नृत्य नाटिका ग्रुप-2 पर प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत की। एफ एम ज्ञान दायिनी विद्या मन्दिर लाल्हापुर बाईपास स्कूल के बच्चों अनिका प्रजापति, माला मौर्य द्वारा छलकत मोरी गगरिया ओ कान्हा एवं आरूशी, अनिका, शिवी, माला, इशिका द्वारा मइया यशोदा ये तेरा कन्हैया पर प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत की। आदर्श सरस्वती बाल विद्या मन्दिर नीची भूड गोला स्कूल के बच्चों द्वारा राधा रेड रेड गजरा लगा के जब तुम आती हो कान्हा को दीवाना बनाती हो पर प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत की। बाबूराम बाल उद्यानए भूतनाथ कालोनी गोला स्कूल के बच्चों ने बावन गज का दामन पहन मटक चलूंगी। स्टोरी ऑफ सोल्जर एवं उत्कर्ष, आदित्य सिंह, अमन, इन्द्रपाल, इमा खान, युग पटेल, तान्या, तृप्ती, मिलन द्वारा सोशल मीडिया पर प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन अर्जुननगर कालोनी गोला स्कूल के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया प्ले पर प्रस्तुति दी।

एसपी ने एसएसबी अधिकारियों के साथ किया बार्डर का निरीक्षण

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा एसएसबी अधिकारियों के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर पर संयुक्त रुप से गश्त किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा एसएसबी अधिकारियों के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर पर संयुक्त पैदल गश्त किया गया। गश्त के दौरान बॉर्डर क्षेत्र के विभिन्न आवागमन के मार्गों पर भ्रमण कर इन क्षेत्रों में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु प्रभावी योजना बनाकर नियमित रूप से सघन चेकिंग कराकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। बॉर्डर क्षेत्र के समस्त बैरियरध्चेक पोस्ट पर सतर्क व मुस्तैद रहकर संदिग्धों की कड़ी निगरानी करने तथा सघन चेकिंग हेतु निर्देश दिए गए।

मोरपंख से बीमारी ठीक करने का झांसा देने वाले नौ ठग गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

एसपी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व एसएसपी नेपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अवैध क्रिया कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज 8 अप्रैल को थाना निघासन पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 09 वांछित अभियुक्तों एनुल, रोहित, जाहिद, नीरज कुमार, शफीक, मोहम्मद इसरार उर्फ कल्लू, आसिफ अली, सलमान व उजेर को ग्राम लखहा स्थित छप्पर के बने घर से ठगी के सामान, 02 अवैध तमंचा-कारतूस व 04 अवैध छुरी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बरामद अवैध शस्त्रों के सम्बन्ध में थाना निघासन पर आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल, 01 स्कूटी व 01 इंडिको कार भी बरामद हुई है, जिन्हें एमवी एक्ट की धारा 207 के अंतर्गत सीज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। दिनांक सात अप्रैल को थाना निघासन पर उत्तराखण्ड राज्य की रहने वाली एक महिला द्वारा उसके साथ जादुई मोरपंख का लालच देकर बीमारी ठीक करने को लेकर विश्वास में लेकर धोखाधड़ी करने, मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज छीन लेने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर थाना निघासन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था, अन्य की तलाश जारी है।

लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने किया 194 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

संवाददाता। शाहजहांपुर

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने ददरौल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा कांट में लोक निर्माण विभाग द्वारा 19465.33 लाख की लागत से 55 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुये शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में ददरौल क्षेत्र की आने वाले समय में अजीजगंज-चौहनापुर-कुर्रियाकलाँ-कांट होते हुये मदनापुर तक जाने वाले 61.44 किमी लम्बे मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम स्थल पर किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आज जनता के लिये सबसे अधिक उपयोगिता अच्छे मार्गों की है। इस दिशा में योगी सरकार पूरे मनोयोग से प्रदेश में अच्छे मार्ग देने की दिशा में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद की अगुवाई में उनका विभाग कार्य कर रहा है। अजीजगंज-चौहनापुर-कुर्रियाकलाँ-कांट मदनापुर मार्ग के बन जाने से इस क्षेत्र में आम जनमानस को सुगम यातायात प्राप्त हो जायेगा। आज भाजपा सरकार गंगा एक्सप्रेस-वे जैसी तमाम परियोजनाओं पर कार्य करके लोगों को सुगमता पूर्वक लम्बी दूरी तय करने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। उन्होंने कहा कि इसका पूरा श्रेय जनता को जाता है जिसने प्रदेश एवं देश में अपना अमूल्य मत भाजपा को प्रदान कर देश प्रदेश में विकास के वातावरण को गति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र का जन प्रतिनिधि अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं अपने उत्तरदायित्वों का उचित बोध करता रहे। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि शाहजहाँपुर जनपद उनके लिये एक जनपद नहीं है बल्कि वह उनकी व उनके परिवार की जन्मभूमि है। जनपद के एक एक व्यक्ति का उनके प्रति स्नेह है। कहा कि आज जब उन्हें राजनीति में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है वह उसका सदुपयोग यहां की जनता के लिये करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। उनकी प्राथमिकता है कि जनपद के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में विश्वस्तरीय सड़कें मिलें ताकि लोगों को आने जाने में सुगमता हो। उनकी प्राथमिका है कि प्रत्येक कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से तय समय में पूर्ण हो ताकि पूरे देश में एक कीर्तिमान स्थापित किया जाये। प्रसाद ने अपने विभाग के अधिकरियों को चेतावनी स्वर में कहा कि किसी भी परियोजना में गुणवत्ता से कोई समझौता किसी कीमत पर नजर अन्दाज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वे दिन लद गए जब गैर भाजपा सरकारों में धन का बन्दरबांट हुआ करता था। प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार जीरो टालरेंस पर काम कर रही है। किसी भी कीमत पर किसी भी परियोजना के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। उन्होंने जनता से कहा कि निर्माण में लग रही धनराशि आपका अपना धन है इसकी पूर्ण रूप से देखभाल करना आम जनमानस की जिम्मेदारी है।

बिथरी चौनपुर पुलिस ने किया बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा

संवाददाता। बरेली

थाना बिथरी चौनपुर पुलिस ने 25/26 जनवरी की रात 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या और लूटपाट का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बिथरी चौनपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि उडला जागीर में हुए बुजुर्ग महिला के कत्ल और लूट में लिप्त दोनों अपराधी उरला जागीर मोड़ पर खड़े हैं। थाना प्रभारी ने फोर्स के साथ वहां पहुंचकर दोनों अभियुक्तों को धर दबोचा। जामा तलाशी में उनके पास से मृतका का मोबाइल भी बरामद किया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों में से एक ने अपना नाम इमरान उर्फ मुन्ना पुत्र मोहम्मद समी तथा दूसरे ने फैजुल पुत्र महबूब आलम निवासी प्रीत विहार कॉलोनी कोतवाली रुद्रपुर बताया। इमरान ने बताया कि हम दोनों मामा भांजे हैं और घटना की प्लानिंग के बाद 24 जनवरी 2023 को उड़ला जागीर में आकर रेकी की थी 25 जनवरी की रात में मृतिका अन्नो की गला घोंट कर हत्या कर की और कानों के जेवर तथा मोबाइल लूट लिए और घर का ताला लगा दिया था। यह घटना इमरान ने अपने बहनोई महबूब से बदला लेने के लिए की थी। बताया कि उसका बहनोई आए दिन उसकी बहन की बेइज्जती करता रहता था। उसने सोचा कि अन्नो की हत्या करके महबूब को हत्या लूट में फंसा दूंगा। इस प्रकरण में उसने महबूब के पुत्र फैजुल को अपने साथ ले लिया और 25 / 26 जनवरी की रात इस घटना को अंजाम दे दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कुमार उप निरीक्षक मनोज कुमार, अनिल कुमार, रामगोपाल शर्मा टीम के साथ मौजूद थे।

चित्रकूट को नाज है होनहार बेटों पर

● एक बना डीएसपी तो दूसरा बना नायब तहसीलदार ● सांसद आर के सिंह पटेल ने पीसीएस में चयन पर दी बधाई

संवाददाता। चित्रकूट

जिले के सामान्य किसान परिवार के बेटे का चयन पीसीएस में हुआ है। जहां कभी डकैतों की गोलियों की आवाज गूंजा करती थी, वहां शिक्षा की अलख गूंज रही है। बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के ददरी गांव के पवन पटेल पुत्र केदार पटेल का चयन पुलिस उपाधीक्षक के पद पर हुआ है। पवन अपनी माता–पिता की इकलौती संतान है। शनिवार को पता चला कि पवन की पढाई चित्रकूट में इंटर तक हुई है। उन्होंने अपने फूफा के यहां रामघाट में रहकर पढाई की है। जिले के हेमकान्त त्रिपाठी पुत्र रमाकान्त त्रिपाठी ने 24 वर्ष की आयु में पीसीएस की परीक्षा पास कर नायब तहसीलदार पद पर चयनित हुए हैं। हेमकान्त त्रिपाठी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर से सिविल इंजीनियरिंग से बीटेक किया है। मूल गांव मऊ तहसील के पोस्ट लौरी के नेउरा गांव के हैं। प्राथमिक शिक्षा दीपदान स्कूल खंडेहा से हुई है, जो गांव से पांच किमी दूर है। कक्षा एक से पांच तक पैदल प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की है। पिता मध्य प्रदेश ग्रामीण विकास विभाग अभियंता हैं। तीन भाइयों में दूसरे नम्बर के हेमकान्त के बडे भाई रविकान्त पिछले साल उप्र कौशल विकास विभाग में सहायक निदेशक पद पर चयनित हुए हैं। छोटे भाई रजनीकान्त त्रिपाठी सिविल इंजीनियरिंग से बीटेक किये हैं। चाचा उप्र पुलिस में उपाधीक्षक पद पर हैं। इनके चयन से परिवार में खुशी का माहौल है। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,सदर विधायक अनिल प्रधान,पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय,पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार मिश्र समेत भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्र, महामंत्री मोहित मिश्र, आशीष द्विवेदी व आशू द्विवेदी आदि ने खुशी जताते हुए दोनों सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है।

सेवा का मौका मिला तो तुलसी तीर्थ राजापुर की बदल देंगे तस्वीर

संवाददाता। चित्रकूट।

नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही चुनावी सरगर्मियां बढ गई है। जिले की नगर पालिका कर्वी,नगर पंचायत राजापुर और मऊ की सीट सामान्य होने से अध्यक्ष पद के लिए दावेदार टिकट की जुगाड में लग गये है।शनिवार को समाजसेवी संतोष शुक्ला ने बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल को नगर पंचायत राजापुर से अध्यक्ष पद के लिए अपना आवेदन पत्र सौंपा।साथ ही कहा कि भाजपा ने टिकट और जनता ने सेवा का एक बार मौका दिया तो तुलसी तीर्थ राजापुर की तस्वीर बदल देंगे।

निकाय चुनाव का चुनावी विगुल बजते ही चुनावी माहौल गर्म हो गया है। कर्वी नगर पालिका,राजापुर व मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक दावेदार भाजपा में जुगाड लगाते नजर आ रहे है। इसी क्रम में राजापुर नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए स्थानीय समाजसेवी संतोष शुक्ला ने दावा पेश किया है।संतोष शुक्ला का कहना है कि वह 1996 से भाजपा से जुडे हुए है। इसके अलावा 1998 से संघ में जुडकर लगातार सेवाकार्य कर रहा हूं।उन्होंने कहा कि भाजपा ने उन्हे टिकट और जनता ने सहयोग दिया तो वह तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर की तस्वीर और तकदीर बदल देगें।उन्होंने कहा कि आज उन्होंने बांदा–चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल को अपना आवेदन पत्र सौंपकर नगर पंचायत राजापुर से अध्यक्ष पद के लिए टिकट दिलाने का अनुरोध किया है।

एसपी वृंदा शुक्ला ने सीओ सिटी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कालूपुर स्थित यातायात कार्यालय, क्राइम ब्रांच, थाना एएचटीयू एवं क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कार्यालयों के दस्तावेजों को देखा।

यातायात कार्यालय में रखे यातायात संबंधी उपकरणों की बाबत जानकारी लेकर उचित प्रयोग करने के निर्देश यातायात प्रभारी मनोज चौधरी को दिये। इस मौके पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार, क्राइम ब्रांच प्रभारी राकेश द्विवेदी, डायल 112 प्रभारी शिवपूजन यादव, थाना प्रभारी एएचटीयू अजीत पाण्डेय, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने अरविन्द सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी चौरा को दो किलो दो सौ ग्राम गांजा समेत दबोचा। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्जकर जेल भेजा है। टीम में दरोगा राहुल पाण्डेय के साथ सिपाही जलील अहमद व सूर्यकान्त शामिल रहे।

अंतरराज्यीय जहरखुरानी गिरोह के दो ईनामी सदस्य नशीले पदार्थ के साथ चढ़े पुलिस के हत्थे

संवाददाता। फर्रुखाबाद

नए थाना कादरी गेट पुलिस ने अंतर्राज्यीय जहरखुरानी गिरोह के लूट करने वाल दो इनामियां जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है।

कादरी गेट थाना पुलिस ने जनपद मैनपुरी थाना किशनी के ग्राम बैरागपुर निवासी नरेंद्र शाक्य पुत्र अहिबरन एवं जनपद व थाना अलीगढ़ के एटा चुंगी सब्जी वाली पुलिया महावीर नगर निवासी सतीश शर्मा उर्फ डोकर पुत्र कप्तान को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन में मीडिया के सामने पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया संतोष शर्मा एवं नगेंद्र शाक्य अंतरराज्यीय जहर खुरानी गिरोह के 25 –25 हजार के इनामी सदस्य हैं। जिनको थाना कादरी गेट पुलिस एसओजी टीम व सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्यों के पास तीन मोबाइल फोनए, 3 नशीले बिस्कुट के पैकेट, 4 पैकेट बिस्कुट, नशीले पदार्थ की शीशी, नशीली टेबलेटों के चार पत्ते, कपड़ों सहित एक पिट्ठू बैग, दो ब्लेट आधार आधार कार्ड व 1575 रुपए बरामद हुए हैं।

थाना शमशाबाद के मोहल्ला चौखंडा निवासी प्रदीप त्रिपाठी ने पत्नी को नशीला पदार्थ खिलाकर तीन बैग,5 हजार रुपए झुमकी, वाली, दो सोने की अंगूठी लूटने की रिपोर्ट 8 अप्रैल को दर्ज कराई थी। 25 फरवरी को ग्राम फरीदपुर निवासी राजेंद्र सिंह ने बेटे को नशीली चाय पिलाकर 13 हजार रुपए निकालने की रिपोर्ट लिखाई थी। थाना नवाबगंज के ग्राम कुतुबुद्दीनपुर निवासी रिंकू ने कोल्ड ड्रिंक नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर 17 हजार रुपए व मोबाइल फोन लूट लिए जाने का थाना नवाबगंज में मुकदमा दर्ज कराया था।,एसपी ने बताया कि इन मुकदमों की जांच में सतीश व नरेंद्र के नाम प्रकाश में आए थे।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया गिरोह के सदस्य वाहनों में सवार होकर बातचीत करके यात्रियों से दोस्ती करते हैं। मौका पाते ही उन्हें नशीला बिस्कुट खिलाकर बेहोश कर देते हैं और उनका सामान लेकर गायब हो जाते हैं। इनके गिरोह के 3 सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही है।गिरफ्तार सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। वार्ता के दौरान सीओ सिटी प्रदीप सिंह व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कायमगंज फर्रुखाबाद। बीती रात किसी समय संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने कमरे के कुंडे में धोती डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ भेजा है।

घटना कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम जौरा निवासी कमलेश राजपूत के 20 वर्षीय पुत्र गोपाल की बताई जा रही है। बताया गया है कि बीती देर रात किसी समय युवक ने अपने घर में कमरे में लगे कुंडे से धोती डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि अभी 1 साल पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। 4 माह का बच्चा है। घटना के बाद पत्नी विमला देवी तथा जलेसरी देवी का रो. रो कर बुरा हाल था। घटना के पीछे का अभी कारण पता नहीं चल सका है । परिजनों का कहना था कि युवक अपनी पत्नी के साथ घर पर अकेला था। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ भेज दिया है। वही पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

एनआरएलएम ने गरीब महिलाओं को साहूकारों के चंगुल से कराया मुक्त

विनोद शुक्ला। हमीरपुर

जिले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यक्रम(एनआरएलएम) ने गरीब महिलाओं की किस्मत बदल दी है। गांवों में साहूकारों के करोड़ो रुपये कर्ज के बोझ से लदी अभी तक 1135 महिलाएं कर्ज से मुक्त हो कर अपनी स्वच्छंद जिंदगी जी रही है। अब ग्रामीण महिलाएं साहूकारों से ही नही बैंक से भी नही ऋण ले रही है।

एनआरएलएम के जिला प्रबंधक प्रशांत मिश्रा ने आज बताया कि भारत सरकार का यह कार्यक्रम बुन्देलखंड में महिलाओं के लिये एक संजीवनी साबित हो रहा है। जिले में 74 सौ महिलाओं के समूहों का गठन किया गया है जिसमे 76 हजार महिलाएं इस कार्यक्रम में छोटे छोटे उद्योग संचालित कर लाभ ले रही है। ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के उत्थान के लिये अब शासन ने प्राथमिकता के तौर पर समूह को राशन कोटा, विजली के बिल काटना हर सरकारी कार्यक्रम में समूह की महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जिले में करीब दो हजार गरीब महिलाएं साहूकारों से दस फीसदी सैकड़ा में व्याज लेकर उनकी गुलामी कर रही थी,जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब होती जा रही थी।यही नही बैंक भी कोई भी कर्ज देने में दस से ग्यारह फीसदी व्याज लेता है मगर भारत सरकार ने इस कार्यक्रम में ऋण व व्याज के लिये विशेष व्यवस्था कर रखी है। विभाग ने समूह में शामिल सभी महिलाओं को गांवों में छोटे छोटे रोजगार के लिये प्रोत्साहित किया जिससे आज 1135 महिलाएं

● विभाग सिर्फ एक फीसदी ब्याज में महिलाओं को देता है ऋण

साहूकारों के कर्ज से मुक्त हो चुकी है। इन महिलाओं को भारत सरकार ने सीआईएफ(सामुदायिक निवेश निधि) के तहत साढ़े छह करोड़ रुपये अलग से बजट आवंटित कर दिया है यह धनराशि गरीब महिलाओं को केवल एक फीसदी व्याज में ऋण के रुप में दिया जाता है। गरीब महिलाए सीआई एफ से कर्ज लेकर उससे धंधा कर समय से पैसे जमा कर देती है जिससे यह कोष तीन साल में बढ़कर 15 करोड़ रुपये हो गया है। अब गांवों में महिलाओं को साहूकारों से कर्ज लेने की कोई आवश्यकता नही है। यह कार्यक्रम वर्ष 2015 से संचालित है जिसमे ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत होगयी है। जिला प्रबंधक को इस बात की टीस है कि समूहों को बैंकों से भी सहयोग मिलता है मगर ज्यादातर बैंके इस ओर ध्यान नही देती है जिससे समूहों के विकास में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालाकि इस मामले में समय समय पर जिला स्तरीय बैठके होती रहती है बैंकर्स को कड़े निर्देश दिये जाते है। मगर उसका कोई प्रभाव नही पड़ता है।

खड़े ट्रक में तीर्थयात्रियों से भरी बस टकराने से चालक की मृत्यु, 17 घायल

संवाददाता। हमीरपुर

जिले के खन्ना क्षेत्र में हाथरस से चित्रकूटधाम तीर्थयात्रा में जा रही स्लीपर बस शनिवार को खड़े ट्रक में टकरा गयी जिससे बस चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी चार महिलाओं समेत 17 लोग घायल हो गये जिसमे चार को गंभीरहालत में कानपुर रिफर कर दिया गया है।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में चालक को नीद की झपकी आने से तीर्थयात्रियों से भरी यात्री बस खड़े ट्रक से टकरा गयी। बस में हाथरस, जलेसर और एटा के श्रद्धालु सवार थे। घटना से चीख पुकार मच गयी. आनन फानन में मौदहा कोतवाली व खन्ना पुलिस सहित एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंच गई। हाथरस निवासी घायल मुकेश ने बताया कि वह सभी एक ही परिवार के हैं। बस से चित्रकूट व अयोध्या भगवान के दर्शन करने जा रहे थे। चालक प्रताप सिंह(50) निवासी ग्राम मतई जनपद हाथरस की मौत हो गई। वहीं मोहित, राधिका, रानी को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। अन्य घायलों में माही पुत्री अंकित वर्मा, अंजलि पुत्री सुनील, विशांत पुत्र मुकेश, राजवीर पुत्र बाबू, अंकित वर्मा पुत्र महेश, आकांक्षा पत्नी अंकित, मुकेश पुत्र हजारीलाल, शंभूनाथ पुत्र सुरेश, मंजू पत्नी महेश्वरी, रजत पुत्र राजेश निवासी हाथरस, केशव सोनी पुत्र सुनील निवासी जलेसर एटा, सोनू पुत्र ब्रजेंद निवासी जलेसर जनपद एटा, संध्या पत्नी सुशील, लव पुत्र सत्येंद्र निवासी हाथरस का इलाज चल रहा है।

पेज एक का शेष

भ्रष्टाचार पर...

समिति (बीआरएस) नीत सरकार है। प्रधानमंत्री ने राज्य में केंद्र की योजनाओं को लेकर सत्तारूढ़ दल के कथित असहयोग पर दुख व्यक्त किया। जनसभा को संबोधित करते हुए बिना किसी का नाम लिए प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले मुट्ठी भर लोग इस बात की संभावना तलाश रहे हैं कि वे तेलंगाना के लोगों के लिए शुरू की गई परियोजनाओं से कैसे लाभ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की परियोजनाओं में राज्य सरकार के सहयोग नहीं करने से उन्हें दुख होता है और इससे तेलंगाना के लोगों के सपने प्रभावित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार अलग नहीं है, जहां परिवारवाद होता है वहीं भ्रष्टाचार पनपता है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवारवाद तेलंगाना में गरीब लोगों को बांटे जा रहे राशन को भी लूट रहा है। उन्होंने कहा कि समग्र राष्ट्र के विकास के लिए राज्य की प्रगति महत्वपूर्ण है। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री ने यहां सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर सिकंदराबाद–तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा उन्होंने कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत की और उनका उद्घाटन किया।

चेन्नई में...

में स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच, सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे और स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजों के साथ यात्री सुरक्षा को बढ़ाया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां श्री रामकृष्ण मठ की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उनके मन में रामकृष्ण मठ के प्रति गहरा सम्मान है और इसने उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां वह प्रेरित और ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। इस जगह पर विवेकानंद 1897 में कुछ दिन ठहरे थे।

सुप्रीम कोर्ट...

समिति गठित करने का फैसला किया। पवार ने कहा कि मैं पूरी तरह से जेपीसी के खिलाफ नहीं हूं, कई बार जेपीसी गठित हुई है और मैं कुछ जेपीसी का अध्यक्ष रहा हूं। जेपीसी का गठन (संसद में) बहुमत के आधार पर किया जाएगा। जेपीसी के बजाय, मेरा विचार है कि उच्चतम न्यायालय की समिति अधिक उपयुक्त और प्रभावी होगी। राकांपा प्रमुख ने यह भी कहा कि उन्हें अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च के पिछले इतिहास की जानकारी नहीं है, जिसने अरबपति गौतम अडाणी की कंपनियों में शेयर और लेखांकन में हेरफेर तथा धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इसके परिणामस्वरूप राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दल कांग्रेस और अन्य ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ जेपीसी जांच की मांग करते हुए कड़ा विरोध किया। अडाणी समूह ने आरोपों का खंडन किया है। पवार ने कहा कि एक विदेशी कंपनी देश में स्थिति का जायजा लेती है। हमें यह तय करना चाहिए कि इस पर कितना ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके बजाय (जेपीसी) उच्चतम न्यायालय की एक समिति अधिक प्रभावी होगी। एक निजी समाचार चैनल के साथ एक साक्षात्कार में पवार अडाणी समूह के समर्थन में सामने आए और इस समूह पर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर बयानबाजी की आलोचना की।

राहुल का...

नहीं करूंगा, क्योंकि उच्चतम न्यायालय पहले ही एक समिति का गठन कर चुका है और इस पर विचार कर रहा है, लेकिन मैं (इतना जरूर) कहना चाहता हूं कि यह सब राहुल गांधी के राजनीतिक करियर को चमकाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे जानबूझकर एक मुद्दा बनाया जा रहा है।

सच सामने...

जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि उच्चतम न्यायालय की समिति का दायरा बहुत सीमित हैं। यह प्रधानमंत्री और अडाणी के बीच के अंतर्निहित रिश्ते को सामने नहीं ला सकती। सिर्फ जेपीसी से ही हम अडाणी के हैं कौन श्रृंखला के 100 प्रश्नों एवं लगातार उठ रहे नए सवालों के जवाब मिल सकते हैं। 1992 और 2001 में जेपीसी का गठन सही साबित हुआ था।

सी राजगोपालाचारी...

शामिल हुए। इस अवसर पर सिंह ने देश के लिए राजगोपालाचारी के योगदान का हवाला दिया और आरोप लगाया कि आजादी के बाद उन्हें दरकिनार कर दिया गया तथा इतिहास से गायब कर दिया गया क्योंकि एक परिवार ने यह कहने की कोशिश की कि उन्होंने सब कुछ किया। सिंह ने कहा कि केसवन भाजपा और तमिलनाडु की राजनीति में एक मजबूत आवाज होंगे। पिछले कुछ दिनों में, दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन किरण कुमार रेड्डी भाजपा में शामिल हुए।

न बिटिया...

जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि अगले तीन साल में एक करोड़ नौजवानों को प्रदेश के अंदर ही निजी क्षेत्र में नौकरी व रोजगार से जोड़ा जाएगा। एक बॉटलिंग प्लांट के भूमि पूजन के बाद जनता को संबोधित करते हुए कहाकि जिन लोगों को पहले कानून–व्यवस्था की परवाह नहीं थी, उनकी गीली पैंट अब नजर आने लगी है। जनता दर्शन में कुशीनगर से आई एक महिला ने आर्थिक तंगी की वजह से बिटिया की शादी मैं आ रही दिक्कत मुख्यमंत्री से साझा की। उसकी परेशानी सुनते ही सीएम बेहद संजीदा हो गए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस मामले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ दिलाया जाए। यदि कोई दिक्कत आ रही हो तो बिटिया की शादी के लिए महिला को भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने महिला से कहा कि बिल्कुल परेशान मत होए पैसे की तंगी से बिटिया की शादी नहीं रुकेगी। इसी तरह जनता दर्शन में एक महिला ने हृदय रोग से पीड़ित पति के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार मुख्यमंत्री से लगाई। मुख्यमंत्री ने अब तक हुए व चल रहे उपचार की जानकारी ली और महिला से कहा कि आप पति को एडमिट कराइएए इलाज के लिए धन की व्यवस्था सरकार करेगी। उन्होंने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। प्रक्रिया पूर्ण होते ही संबंधित अस्पताल को धनराशि जारी कर दी जाएगी। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ सीएम योगी ने चॉकलेट गिफ्ट किया। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आज रामनगरी...

विश्राम राजधानी में करेंगे. रविवार की सुबह वह हेलीकॉप्टर से अयोध्या पहुंचेंगे और सरयू नदी के तट पर उतरेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के जनसंपर्क अधिकारी विराज मुलाए ने बताया, मुख्यमंत्री शिंदे शनिवार को लखनऊ पहुंचेंगे और रविवार को अयोध्या जाएंगे, जहां वह हनुमानगढ़ी मंदिर और राम मंदिर में दर्शन और पूजा–अर्चना करेंगे। राम जन्मभूमि मंदिर के चल रहे निर्माण कार्य को देखेंगे और सरयू नदी के तट पर शाम की आरती करेंगे। मुलाए ने कहा, वह अयोध्या के संतों से भी मिलेंगे और एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वह अयोध्या में अपने सभी निर्धारित कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद रविवार को मुंबई लौट आएंगे। शिंदे, मंदिर नगरी में लगभग नौ घंटे बिताएंगे और लक्ष्मण किला मंदिर में अयोध्या के संतों का आशीर्वाद लेंगे और एक संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। शिंदे ने शुक्रवार को कहा था कि अयोध्या उनके और उनके समर्थकों के लिए परम आस्था का स्थान है, जहां शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे भगवान राम का भव्य मंदिर देखना चाहते थे। पिछले साल 30 जून, 2022 को मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद पहली बार नौ अप्रैल को अयोध्या की अपनी यात्रा से पहले शिंदे ने शुक्रवार शाम करीब 4.40 बजे जय श्री राम के नारों के बीच ठाणे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। विशेष ट्रेन से यात्रा करने वाले शिवसेना के कार्यकर्ता रविवार को शहर में उतरने पर अपने नेता (एकनाथ शिंदे) का स्वागत करेंगे। इस ट्रेन पर चलो अयोध्या लिखा हुआ बोर्ड लगाया गया था। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा था कि शिवसेना के कार्यकर्ताओं को लेकर एक और ट्रेन उत्तर महाराष्ट्र के नासिक से अयोध्या के लिए रवाना हो गई है। शिंदे ने अयोध्या मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से एक साल पहले 25 नवंबर, 2018 को तत्कालीन शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना नेता के रूप में मंदिर शहर का दौरा किया था। 7 मार्च, 2020 को उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ उद्धव ठाकरे सरकार में मंत्री के रूप में अयोध्या का दौरा किया था। तीसरी बार मंत्री के रूप में शिंदे ने 15 जून, 2022 को आदित्य ठाकरे की अयोध्या यात्रा के दौरान मंदिरों के इस शहर का दौरा किया था।

अजित पवार...

तरह की जानकारियां बताने की जरूरत नहीं है जैसे कि वह पहुंच गए हैं, वह हवाई अड्डे पर हैं, उनकी उड़ान रवाना हो चुकी है आदि।

क्विक न्यूज

डीएम ने समाधान दिवस पर दो पक्षों में समझौता कराया

बांदा। जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिनंदन की उपस्थिति में आज थाना मटौंध में द्वितीय शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना मटौंध में आयोजित समाधान दिवस में जमीन विवाद संबंधित मामले तथा आपसी झगड़ा आदि से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2 प्रकरणों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता कराया गया, जिसमें एक शिकायत ग्राम पटना के सुशील कुमार एवं विजय कुमार चाचा एवं भतीजे का प्राप्त हुआ, जिस पर घर की जमीन के आपसी विवाद को दोनों पक्षों को सुनकर एवं आपसी सहमति करा कर समझौता कराया गया इसी क्रम में ग्रामसभा जगोटा के अविनाश गुप्ता एवं रामशरण के जमीन के आपसी झगड़े के प्रकरण में दोनों पक्षों को सुनकर उनके मध्य में किसी प्रकार का निर्माण कार्य न कराए जाने के निर्देश के साथ दोनों पक्षों के मध्य आपसी समझौता कराया गया। ग्राम मटौंध निवासी शिवपूजन के खेत की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत पर लेखपाल एवं पुलिस की टीम को मौके पर जाकर अवैध कब्जे को जांच कर निस्तारण के जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम भुरेडी निवासी छेदीलाल एवं उनके परिवार के लोगों के द्वारा शौचालय निर्माण में भूमि विवाद के संबंध में लेखपाल एवं पुलिस, की टीम को मौके पर भेजकर प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण थाना दिवस में आज 06 प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

रामनवमी में फायरिंग से घायल वृद्ध की हुई मौत

चित्रकूट। रामनवमी पर्व के दिन मंदिर में हर्ष फायरिंग से दो लोगों को गोली लगने के मामले में इलाज दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। एक व्यक्ति का अभी इलाज जारी है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के कालूपुर गांव का है। रामनवमी पर्व में हर्ष फायरिंग से पूर्व प्रधान के पुत्र समेत दो लोगों के पैर में गोली लगी थी। लोगों ने बताया था कि कालूपुर गांव में स्थित द्वारिकाधीश मंदिर में राम जन्मोत्सव चल रहा था। इसी बीच पूर्व प्रधान अशोक त्रिपाठी ने लाइसेंसी राइफल से हर्ष फायरिंग करने लगे। दूसरा फायर होते ही गांव के जागेश्वर प्रसाद के पैर में गोली लगी और गोली पार करती हुई पास में मौजूद पूर्व प्रधान के पुत्र आशीष की जांघ में लग गई। परिजनों ने दोनों घायलों को इलाज को जिला अस्पताल लाये। दोनों की हालत गंभीर होने पर इलाज को प्रयागराज रेफर किया गया। इलाज दौरान शुक्रवार को जागेश्वर पुत्र तीरथ की आठ दिनों के इलाज दौरान मौत हो गई है। परिजनों में कोहराम मच गया। पूर्व प्रधान के बेटे आशीष का इलाज जारी है। जिसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने दिन में आरोपी पूर्व प्रधान की लाइसेंसी बंदूक जब्त कर ली थी। घटना को एक्सीडेंटल में दर्ज किया था। जागेश्वर की इलाज दौरान मौत होने पर मामले में धाराओं की वृद्धि की जाएगी।

अवैध वसूली और जान माल की धमकी देने पर एक गिरफ्तार, दूसरे की तलाश शुरू

मौदहा हमीरपुर। असलाहे के बल पर अवैध वसूली और जान माल की धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है।जबकि पकडे गए आरोपी आफताब पर आधा दर्जन से अधिक और दूसरे आरोपी जुम्मू के विरुद्ध डेढ़ दर्जन से गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। कस्बे के मोहल्ला कमरास निवासी गुलाम निजामी अंसारी पुत्र कबीर अहमद ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने सन 2018 में पपड़ा निवासी आफताब से अपनी आवश्यकता को बढ़ाने के लिए पांच लाख रुपये उधार लिए थे।जिसके ब्याज के बदले में उक्त आफताब और जुम्मू को वह उनतालीस लाख रुपये दे चुका है।इतना ही नहीं उक्त लोगों ने असलाहे और अपनी दबंगई के बल पर नेशनल हाईवे पर स्थित उसकी बहुमूल्य जमीन भी लिखवा ली थी जिसके मुकदमे भी न्यायालय में चल रहे हैं।पीड़ित ने तहरीर में बताया कि उक्त आफताब और जुम्मू अब फिर से पांच लाख रुपये की मांग कर रहे हैं और जानमाल की धमकी दे रहे हैं जिससे उसके साथ उसके परिवार को जान माल का खतरा है।पीडित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त आफताब और जुम्मू के विरुद्ध धारा 386 सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आफताब को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे आरोपी जुम्मू की तलाश की जा रही है।बताते चलें कि आरोपी आफताब पर आधा दर्जन से अधिक और दूसरे आरोपी जुम्मू पर डेढ़ दर्जन से अधिक संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

पुत्र ने पिता के साथ की मारपीट,जांच शुरु

मौदहा(हमीरपुर)। क्षेत्र के वृद्ध पिता ने पुत्र की प्रताड़ना से दुखी हो कर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई वहीं कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही शुरू कर दी है। बेनी प्रसाद निवासी ग्राम उरदना ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को नशे की हालत में मेरा छोटा पुत्र जीतेंद्र मुझे और अपनी पत्नी और मां को बेरहमी के साथ मार.पीटकर लहूलुहान कर दिया है आए दिन ऐसी घटनाओं को अंजाम देता रहता है पिता ने बताया जीतेंद्र की पत्नी आए दिन हो रही मारपीट से दुखित है। जिससे परेशान होकर वृद्ध पिता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है वही कोतवाली पुलिस पिता को मेडिकल परीक्षा करा जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

ट्रक व डम्फर की भिड़न्त से राजापुर मार्ग रहा जाम

राजापुर(चित्रकूट)। राजापुर थाना क्षेत्र के गोसाईंपुर में आधी रात को ट्रक व डम्फर की भीषण टक्कर से ट्रक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया, टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक व डम्फर दोनों कर्वी-राजापुर मार्ग में पलट गए और करीब 6घण्टे तक मार्ग अवरुद्ध रहा। दोनों तरफसे वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा तथा नवगान्तुक चौकी प्रभारी गनींवा मेवालाल मौर्या पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और जेसीबी व क्रेन की मदद से सड़क पर पड़े दोनों वाहनों को सड़क से बाहर कर 6घण्टे बाद रास्ता चालू हुआ। बीती रात करीब 1बजे गोसाँईपुर के पास गिट्टी लदा डम्फर ने खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे ट्रक चालक सन्दीप सरोज पुत्र रामकेदार निवासी जुलाहा प्रतापगढ़ थाना रानीगंज गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में राजापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर जिला चिकित्सालय भर्ती कर दिया गया। उधर डम्फर चालक डम्फर छोड़कर फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने बताया कि करीब एक बजे रात को दोनों वाहन में जोरदार भिड़न्त हुई थी जिससे बीच सड़क पर डम्फर पलट गया और राजापुर कर्वी मार्ग करीब 6घण्टे जाम रहा और क्रेन व जेसीबी की मदद से 6घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खोला गया।

महिला ने केरोसीन डालकर लगाई आग, मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला अमरजई में शुक्रवार की देर रात पति से लड़ने के बाद 45 वर्षीय महिला ने अपने ऊपर केरोसीन डालकर आग लगा लिया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार अमरजई मुहल्ला निवासी रामजी का शुक्रवार की रात अपनी पत्नी निर्मला देवी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर पति ने उसकी पिटाई कर दी। जिससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने कमरे को बंद कर अपने ऊपर केरोसीन डालकर आग लगा लिया। जब तक परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर घुसते महिला बुरी तरह झुलस गई। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका की पुत्री राधा ने बताया कि पिता आये दिन मम्मी को मारते-पीटते थे। कल रात मां पड़ोस में काम से गई थी। रात आठ बजे लौटी तो इसी बात को लेकर पापा मां के साथ गाली-गलौज करने लगे। जिसके चलते मां ने घटना को अंजाम दे दिया।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर मकरंदपुर में पत्नी के मायके चले जाने से क्षुब्ध 28 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मिर्जापुर मकरंदपुर गांव निवासी रामरतन सिंह का पुत्र फूल सिंह ने बीती रात घर के अंदर अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता रामरतन ने बताया कि उसके पुत्र की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी और पांच दिन पूर्व पत्नी से किसी बात को लेकन कहासुनी हो गई। जिस पर वह अपने मायके चली गई।

45 पर शांतिभंग की कार्रवाई

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत शनिवार की सुबह पुलिस ने लगभग चार दर्जन लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार राधानगर थानाध्यक्ष एक, हुसैनगंज चार, मलवां दो, बिंदकी कोतवाली प्रभारी एक, कल्यानपुर दो, जाफरगंज तीन, ललौली चौदह, गाजीपुर पांच, थरियांव दो, हथगांव दो, असोथर एक, किशनपुर चार तथा खखरेरू थानाध्यक्ष ने चार लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

मुस्लिम वोटरों के सहारे चुनावी नैया पार लगाने की जुगत में हैं बसपाई

फतेहपुर। सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का नारा बुलंद कर यूपी की गद्दी पर चार बार काबिज़ होने वाली बहुजन समाज समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने सत्ता संभालकर न सिर्फनारे को चरितार्थ किया बल्कि कार्यकाल के दौरान सर्व समाज को साथ लेकर चलने के लिये उन्हें जाना जाता है। यूपी की सत्ता से बसपा के बाहर होते ही बसपा नेता न सिर्फबहनजी के नारे को बदलने में जुट गए बल्कि तुष्टिकरण के रंग में खुद को रंगने में लग गये। निकाय चुनाव को देखते हुए जहां सभी दलों के संभावित उम्मीदवारों ने लोगों से मिलना जुलना व प्रचार करना शुरू कर दिया है। वही बसपा के नगर पालिका परिषद के खुद को संभावित उम्मीवार समझने वाले मो. आसिफ़एडवोकेट लोगों के बीच जाकर चुनाव प्रचार करने के साथ ही रोज़ा इफ्तार पार्टी में शिरकत कर रहे हैं।

चीन ने ताइवान की ओर लड़ाकू विमान भेजे

ताइवानी राष्ट्रपति की अमेरिका यात्रा से बिदका

भाषा। बीजिंग

ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन की हालिया अमेरिका यात्रा से बिदके चीन ने शनिवार को ताइवान जलडमरूमध्य की तरफ युद्धपोत और दर्जनों लड़ाकू विमान भेजे। ताइवान की सरकार ने यह जानकारी दी। चीन ने यह कदम वेन और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी के बीच हुई मुलाकात से नाराज होकर उठाया है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका हिस्सा है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने कहा कि लड़ाकू तैयारी से संबंधित तीन दिवसीय गश्त की शुरुआत ताइवान के लोगों को चेतावनी के तौर पर की गई है। पीएलए ने यह संकेत नहीं दिया है कि वह इस गश्त में पिछले अभ्यास की तरह प्रक्षेपास्त्रों को शामिल करेगी या नहीं। उस अभ्यास की वजह से क्षेत्र में समुद्री और हवाई परिवहन प्रभावित हुआ था। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष मैक्कार्थी ने बृहस्पतिवार को कैलिफोर्निया में ताइवानी राष्ट्रपति वेन के साथ बातचीत की थी। इसी के साथ वह उन विदेशी जनप्रतिनिधियों में शामिल हो गए थे, जो चीन की धमकी के बीच वेन से मिले। बीजिंग ने मैक्कार्थी और वेन की मुलाकात के बाद शुक्रवार को ताइवानी राष्ट्रपति के अमेरिका दौरे से जुड़े अमेरिकी समूहों और व्यक्तियों के खिलाफ यात्रा एवं वित्तीय प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ताइवान के पास शनिवार को आठ युद्धपोत और 71 विमान देखे गए, जिनमें से 45 ने जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया। यह रेखा ताइवान और चीन को अलग करती है। मंत्रालय के अनुसार, इनमें चेंगदू जे-10, शेनयांग जे-11 और शेनयांग जे-16 जेट लड़ाकू विमान शामिल हैं। स्थानीय सरकारी मीडिया प्राधिकरण ने घोषणा की कि नौसेना ने शनिवार को भी ताइवान के सामने फुजियान प्रांत में लुओयुआन बे में लाइव फायर ट्रेनिंग आयोजित करने की योजना बनाई। इस दौरान जहाजों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। पीएलए ने एक बयान में कहा, यह ताइवान की अलगाववादी ताकतों और बाहरी ताकतों के बीच मिलीभगत और उकसावे के खिलाफ एक गंभीर चेतावनी है। ज्वाइंट स्वोर्ड अभ्यास राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए जरूरी है। वहीं, ताइवान की सेना ने कहा कि मिसाइल रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है और चीनी विमानों का पता लगाने के लिए हवाई और समुद्री गश्ती दल भेजे गए हैं। ताइवान गृह युद्ध के बाद 1949 में चीन से अलग हो गया था। चीन इस द्वीप पर दावा जताता है और इसे मुख्य भूमि से जोड़ने की बात करता है, भले ही इसके लिए बल का इस्तेमाल क्यों न करना पड़े। पीएलए के एक बयान में कहा गया, यह ताइवान की स्वतंत्रता की अलगाववादी ताकतों और बाहरी ताकतों के बीच मिलीभगत और उकसावे के खिलाफ एक गंभीर चेतावनी है।

नेपाल और चीन के अधिकारियों ने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की

भाषा। काठमांडू

नेपाल और चीन के अधिकारियों ने मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग पर चर्चा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। दोनों पक्षों ने व्यापार को बढ़ावा देने, निवेश और कनेक्टिविटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। नेपाल और चीन के विदेश मंत्रालयों के बीच द्विपक्षीय राजनयिक परामर्श तंत्र की 15वीं बैठक शुक्रवार को बीजिंग में हुई नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा यहां जारी एक बयान के अनुसार दोनों पक्षों ने मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग पर चर्चा की और आर्थिक सहयोग, व्यापार को बढ़ावा देने, निवेश और पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक में विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

टेक्सास में लापता बच्चे की मौत की आशंका

अमेरिकी पुलिस भारत से माता-पिता के प्रत्यर्पण की कोशिश में

भाषा। ह्यूस्टन (अमेरिका)

अमेरिका के टेक्सास में कई महीनों से लापता छह साल के बच्चे की मौत होने की आशंका है। उसके माता-पिता भारत भाग गए हैं और उनके खिलाफ बच्चे को बेसहारा छोड़ने और उसकी जिंदगी को खतरे में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी है। नोएल रोड्रिग्ज़-अल्वारेज़ पिछले साल नवंबर से लापता है। वह दिव्यांग था। एवरमैन के पुलिस प्रमुख क्रेग स्पेंसर ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुमशुदा बच्चे की तलाश के मामले को हत्या की जांच में तब्दील कर दिया गया है और बच्चे के शव को बरामद करने की कोशिश की जा रही है। स्पेंसर ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस के पास नोएल की मां सिंडी रोड्रिग्ज़ सिंह और अर्शदीप सिंह के खिलाफ अपने बच्चे को बेसहारा छोड़ने और उसकी जिंदगी को खतरे में डालने को लेकर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि इन भगोड़ों को गिरफ्तार किया जाए और प्रत्यर्पित करके अमेरिका लाया जाए, ताकि हम उनसे नोएल की गुमशुदगी के बारे में जानकारी ले सकें। नोएल, 37 वर्षीय सिंडी के 10 बच्चों में से एक था। उसके तीन भाई-बहन अपने दादा-दादी के साथ रहते हैं, जबकि नोएल और अन्य एवरमैन के एक इलाके में मलीन झोपड़ी में अपनी मां सिंडी के साथ रहते थे। नोएला का भारतीय मूल का सौतेला पिता अर्शदीप भी झोपड़ी में रहता था। एवरमैन पुलिस ने बताया कि 20 मार्च को टेक्सास परिवार सेवा विभाग ने पुलिस को एवरमैन में कल्याणकारी जांच करने को कहा था। एनबीसी न्यूज़ ने स्पेंसर के हवाले से कहा कि 22 मार्च को नोएल की मां सिंडी, उसका पति अर्शदीप और छह बच्चे विमान से भारत रवाना हो गए, लेकिन उनके साथ नोएल नहीं था। अधिकारियों ने सिंडी और उसके पति अर्शदीप के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वे दंपति को भारत से प्रत्यर्पित करके अमेरिका लाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने गुप्त सूचना पर नोएल की तलाश शुरू की थी।

पूर्वी कांगो में विद्रोहियों के हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत

गोमा (कांगो)। पूर्वी कांगो में चरमपंथी विद्रोहियों के हमले में कम से कम 22 आम नागरिकों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समूह का इस सप्ताह में यह दूसरा बड़ा घातक हमला है। ओइचा के मेयर निकोलस कम्बाले ने बताया कि आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध रखने वाले एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एडीएफ) के लोगों ने शुक्रवार देर शाम उत्तरी किवु प्रांत के बेनी क्षेत्र में लोगों पर हमला किया।

केन्या में ट्रक के अन्य वाहनों से टकरा जाने से 10 लोगों की मौत, 10 अन्य घायल

नैरोबी। तंजानिया से लगी हुई पश्चिमी केन्या की सीमा के पास एक ट्रक के अन्य वाहनों से टकरा जाने और लोगों के लिए पैदल चलने वाली जगह पर चढ़ जाने से कम से कम 10 लोगो की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस के एक कमांडर ने बताया कि दुर्घटना मिगोरी शहर मे एक प्रमुख राजमार्ग पर ट्रक चालक के ब्रेक पर से नियंत्रण खो देने के कारण हुई। मिगोरी काउंटी के कमांडर मार्क वंजला ने बताया कि ट्रक के नीचे दबे लोगो को निकालने का अभियान चल रहा है और इस बात की आशंका है कि मरने वालो की संख्या बढ़ सकती है। प्रत्यक्षदर्शियो ने स्थानीय मीडिया को बताया कि ट्रक चालक ने दुर्घटना से पहले बार-बार वाहन का हॉर्न बजाया। ट्रक चावल की बोरियों को पड़ोसी तंजानिया के सीमावर्ती शहर इसबनिया की ओर ले जा रहा था। सोशल मीडिया पर लोगो के ट्रक के नीचे दबे होने और अन्य लोगो द्वारा ट्रक से चावल लूटने का एक वीडियो भी प्रसारित हो रहा है।

पाकिस्तान में आठ आतंकवादी गिरफ्तार, हथियार और विस्फोटक जब्तः पुलिस

लाहौर। पाकिस्तानी अधिकारियो ने शनिवार को प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट (आईएस) से कथित रूप से जुड़े आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियार और विस्फोटक जब्त किए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पंजाब प्रांत के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस के साथ मिलकर प्रांत के विभिन्न जिलों में अभियान चलाए, जिसके बाद गिरफ्तारियां की गईं। सीटीडी के एक प्रवक्ता के अनुसार, पंजाब आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने शनिवार को लाहौर और पंजाब प्रांत के तीन अन्य शहरों से प्रतिबंधित टीटीपी और तथाकथित इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आठ कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। आतंकवादियो के पास से हथियार, विस्फोटक और अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई है। प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादियो ने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानो और अन्य धार्मिक स्थलो को निशाना बनाने की योजना बनाई थी।

एनएससी ने आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करने का फैसला किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा शुक्रवार को बुलाई गई राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) की अहम बैठक मे देश मे आतंकवाद के सभी रूपो को खत्म करने के लिए व्यापक अभियान चलाने का फैसला किया गया। एनएससी की 41वीं बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री शहबाज ने की, जिसमे कैबिनेट मंत्री, मुख्यमंत्री, सेवा प्रमुख, खुफिया प्रमुख और अन्य अहम प्रशासनिक तथा सैन्य अधिकारी शामिल हुए।प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति मे शुक्रवार को कहा गया, बैठक मे पूरे देश और सरकार के समर्थन से व्यापक अभियान शुरू करने का फैसला किया गया जो नए जोश और संकल्प के साथ देश को आतंकवाद की समस्या से निजात दिलाएगा।

पाकिस्तान में बेटी से बलात्कार के दोषी को मौत की सजा

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे एक अदालत ने नाबालिग बेटी से बलात्कार के दोषी व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई है। अधिकारियो के अनुसार, लाहौर से 500 किलोमीटर दूर स्थित रहीम यार खान निवासी परवेज शहजाद ने चार महीने पहले अपनी 13 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। लड़की ने घटना के बारे मे अपनी नानी को बताया, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोईन खोखर ने शुक्रवार को अभियोजन पक्ष द्वारा सबूत और गवाह पेश किए जाने के बाद फैसला सुनाया और उसे मौत की सजा सुनाई।

यूक्रेन युद्ध से जुड़े दस्तावेज लीक होने की जांच कर रहा अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिकी रक्षा विभाग विभिन्न सोशल मीडिया साइट पर जारी उन दस्तावेजों की जांच रहा है, जिनमें रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन को वाशिंगटन और नाटो (उत्तर एटलांटिक संधि संगठन) की ओर से दी जा रही मदद का ब्योरा देने का दावा किया गया है। हालांकि, विभाग का कहना है कि इनमें से कई दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की गई है और आशंका है कि इनका इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध को लेकर गलत सूचना प्रसारित किए जाने के अभियान के तहत किया गया है। ट्विटर सहित अन्य सोशल मीडिया साइट पर जारी इन दस्तावेजों को गोपनीय बताया गया है। ए दस्तावेज अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ द्वारा दिए जाने वाले दैनिक विवरण के जैसे प्रतीत होते हैं, जिन्हें सार्वजनिक नहीं किया जाता है। इस साल 23 फरवरी से एक मार्च के बीच के इन दस्तावेजों में अमेरिका और नाटो द्वारा यूक्रेन को दिए जाने वाले हथियारों और अन्य सैन्य साजोसामान की मात्रा और समयसीमा के बारे में अधिक सटीक जानकारी देने का दावा किया गया है।

हालांकि, दस्तावेजों में युद्ध की योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। यही नहीं, इनमें यूक्रेन युद्ध में हताहत होने वाले रूसी सैनिकों की संख्या अमेरिकी अधिकारियों द्वारा बताई जाने वाली संख्या से काफी कम दर्शाई गई है, जिससे इनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। यूक्रेन के सैन्य खुफिया निदेशालय के प्रवक्ता आंद्रे यूसोव ने कहा, यह याद रखना बेहद महत्वपूर्ण है कि हाल के दशकों में रूस की विशेष सेवाओं के सबसे सफल अभियान फोटोशॉप (एक सॉफ्टवेयर) पर हुए हैं। उन्होंने कहा, इन दस्तावेजों के प्रारंभिक विश्लेषण में हमें दोनों पक्षों (यूक्रेन और रूस) को हुए नुकसान को लेकर अविश्सनीय स्रोतों से जुटाई गई झूठी और विकृत जानकारी नजर आती है। अमेरिकी अधिकारियों ने दस्तावेजों के स्रोत, उनकी विश्वसनीयता और उन्हें सोशल मीडिया पर सबसे पहले साझा करने वालों के बारे में शुक्रवार को कोई जानकारी नहीं दी। इन दस्तावेजों को सोशल मीडिया पर लीक किए जाने की खबर सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने प्रकाशित की थी।

यूक्रेन मुद्दे पर रूस संयुक्त राष्ट्र के तीन निकायों का चुनाव हारा

संयुक्त राष्ट्र। रूस इस सप्ताह यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र के तीन निकायो का चुनाव हार गया, जो एक साल से अधिक समय पहले यूक्रेन पर उसके हमले के खिलाफ कई देशों के कड़े रुख का संकेत है। चव्वन सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (इकोसॉक) में मतदान संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा रूस के खिलाफ छह गैर-बाध्यकारी प्रस्तावो के अनुमोदन के बाद हुआ है। हाल के प्रस्ताव में रूस से युद्ध खत्म करने तथा अपने सैनिको को वापस बुलाने का आह्वान किया गया था। इस प्रस्ताव को सात के मुकाबले 147 मतो से स्वीकृति मिली थी और 32 सदस्य गैर हाजिर रहे थे। इकोसॉक मे महिलाओ की स्थिति पर आयोग मे एक सीट के लिए हुए मतदान में रोमानिया ने रूस को परास्त कर दिया। वही, संयुक्त राष्ट्र में बाल एजेंसी यूनिसेफ के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य को लेकर हुए मतदान मे रूस एस्टोनिया से हार गया। अपराध रोकथाम एवं आपराधिक न्याय पर आयोग की सदस्यता के लिए गुप्त मतदान में आर्मेनिया और चेक गणराज्य से उसे शिकस्त मिली।

चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों का डब्ल्यूएचओ पर निशाना

भाषा। बीजिंग

चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कोविड-19 वायरस के स्रोत की अपनी खोज का बचाव किया और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख के इस बयान पर शनिवार को संगठन की आलोचना की कि बीजिंग को आनुवांशिक जानकारी पहले ही साझा करनी चाहिए थी। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के निदेशक शेन होंगबिंग ने कहा कि डब्ल्यूएचओ की टिप्पणियां घृणास्पद और अपमानजनक थीं। वैश्विक स्वास्थ्य निकाय के महानिदेशक, डॉ. टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस ने 17 मार्च को कहा था कि मध्य चीन के वुहान में कोरोना वायरस की आनुवंशिक जानकारी का जो खुलासा अब किया गया है, उसे तीन साल पहले किया जाना चाहिए था। वुहान में ही 2019 के अंत में कोविड-19 के पहले मामले का पता चला था। शेन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा एक जिम्मेदार देश के रूप में और वैज्ञानिकों के रूप में, हमने हमेशा दुनिया भर के वैज्ञानिकों के साथ शोध के परिणामों को सक्रिय रूप से साझा किया है।

क्विक न्यूज

पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने प्रधान न्यायाधीश की शक्तियों में कटौती संबंधी विधेयक संसद को लौटाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधान न्यायाधीश की शक्तियों में कटौती से संबंधित एक विधेयक शनिवार को पुनर्विचार के लिए संसद को लौटा दिया और कहा कि प्रस्तावित कानून संसद के अधिकार क्षेत्र से बाहर है तथा कानूनी तौर पर सही नहीं होने की वजह से इसे अदालत में चुनौती दी जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश उमर अता बांदियाल की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्ईय पीठ ने मंगलवार को पंजाब विधानसभा के चुनाव की नई तारीख 14 मई तय की थी और मतदान की तारीख 10 अप्रैल से बढ़ाकर आठ अक्टूबर करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को रद्द कर दिया था, जिसके बाद पाकिस्तान में न्यायपालिका और सरकार के बीच तकरार देखने को मिल रही है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेता व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने शीर्ष अदालत के फैसले की आलोचना की और इस फैसले को स्वीकार करने से मना कर दिया। सरकार पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) बांदियाल की शक्तियों पर अंकुश लगाना चाहती है। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों ने उच्चतम न्यायालय (कार्य व प्रक्रिया) अधिनियम- 2023 को पारित कर दिया था, जिसके बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा गया। राष्ट्रपति बनने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता रहे अल्वी ने अपने जवाब में सरकार से कहा, उच्चतम न्यायालय (कार्य व प्रक्रिया) अधिनियम- 2023 संसद के अधिकार क्षेत्र से परे है और कानूनी तौर पर सही नहीं होने की वजह से इसे अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

अमेरिका के साउथ कैरोलाइना के तट पर गोलीबारी में छह लोग घायल : पुलिस

आइल ऑफ पाम्स (अमेरिका),। अमेरिका के साउथ कैरोलाइन में एक तट पर स्कूल की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों के सीनियर स्किप डे कार्यक्रम के दौरान गोलीबारी में छह लोग घायल हो गए। इस कार्यक्रम में कई किशोर शामिल हुए थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। गोलीबारी की घटना शुक्रवार शाम करीब पांच बजकर 20 मिनट पर आइल ऑफ पाम्स पर हुई थी जो मिर्टल बीच से 151 किलोमीटर दूर है। आइल ऑफ पाम्स के पुलिस प्रमुख केविन कॉरनेट ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि घटना के समय तट पर हाई स्कूल के छात्र समेत सैकड़ों लोग एक गैर आधिकारिक कार्यक्रम के लिए मौजूद थे और गोलीबारी की घटना से पहले वहां कई बार झगड़े भी हुए। कॉरनेट ने बताया कि घटना में छह लोग घायल हुए हैं जो जानलेवा नहीं है। उनके अनुसार कुछ को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया और अन्य खुद अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि घायलों में पांच किशोर और एक अन्य करीब 30 वर्षीय महिला शामिल हैं। कॉरनेट ने कहा कि हथियार के इस्तेमाल के आरोप में कई लोगों को हिरासत में लिया गया है हालांकि पुलिस ने तत्काल यह नहीं बताया है कि हिरासत में लिए गए लोगों में हमलावर भी शामिल है या नहीं,अथवा क्या घटनास्थल से बरामद किए गए हथियारों का गोलीबारी में इस्तेमाल किया गया है या नहीं।

ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय में गोलीबारी की सूचना के बाद जांच में जुटी पुलिस को कोई खतरा नहीं मिला

नॉर्मन (अमेरिका)। अमेरिका के ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय में शुक्रवार रात को गोलीबारी की सूचना के बाद पुलिस जांच में जुट गई। अधिकारियों के मुताबिक, परिसर को दो घंटे के लिए बंद कर दिया गया और वहां मौजूद लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया, लेकिन जांच में खतरा नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को रात को साढ़े नौ बजे के आसपास गोलीबारी की सूचना मिली, जिसके बाद उसने लोगों से सुरक्षित स्थानों का रुख करने और साउथ ओवल इलाके में जाने से बचने को कहा। विश्वविद्यालय ने शुरू में ट्वीट किया था, वान वीलेट ओवल में एक सक्रिय बंदूकधारी है। अभी तुरंत कार्वाई करें। भागें। छिपें। लड़ें। हालांकि, बाद के ट्वीट में विश्वविद्यालय ने कहा कि पुलिस संभावित गोलीबारी की जांच कर रही है।

भारतवंशी शेफ को मिला महाराज चार्ल्स के राज्याभिषेक का निमंत्रण

भाषा। लंदन

ब्रिटिश एम्पायर मेडल (बीईएम) से सम्मानित भारतवंशी एक शेफ (खानसामा) को अगले महीने लंदन में होने वाले महाराज चार्ल्स और महारानी कैमिला के राज्याभिषेक समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रण मिला है। बकिंघम पैलेस ने शनिवार को बताया कि चेफ मंजू मल्ही और 850 बीईएम से सम्मानित अन्य लोगों को राज्याभिषेक समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए काम करने वाले परोपकारी संस्था से जुड़ी मल्ही को कोविड-19 के दौरान लंदन में सामुदायिक सेवा के लिए बीईएम से सम्मानित किया गया था। छह मई को वेस्टमिन्स्टर ऐबी में होने वाले समारोह में बीईएम से सम्मानित लोगों के अलावा, समूचे ब्रिटेन में समुदाय के लिए अच्छा काम करने वाले लोग और परोपकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। मल्ही एक पेशेवर शेफ हैं जो ओपन एज नामक परोपकारी संस्था में 2016 से कार्यरत हैं। यह संस्था लंदन में 50 साल या इससे ज्यादा उम्र के लोगों को अपनी सेहत और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करती है। बकिंघम पैलेस के बयान के मुताबिक, मंजू ने कोविड-19 के ओपन एज की रसोई को सदस्यों और कर्मचारियों के लिए पाकविद्या स्कूल और रेस्तरां में तब्दील कर दिया और दूरस्थ माध्यम से पाकविद्या की कक्षाएं उपलब्ध कराईं। बयान में कहा गया है कि मंजू ने ओपन एज समुदाय के बिग लोकल फैमिली कुकिंग क्लब की भी अगुवाई की। मल्ही का जन्म ब्रिटेन में हुआ है। वह शेफ और खाने पीने की चीज़ों पर लेखन भी करती हैं। उनकी परवरिश उत्तर-पश्चिम लंदन में हुई है और वह एंग्लो-भारतीय व्यंजन की विशेषज्ञ हैं। उन्होंने अपने बचपन के कई साल भारत में भी गुजारे हैं।

उ.कोरिया ने पानी के नीचे परमाणु हथियार से हमला करने में सक्षम एक और ड्रोन का परीक्षण किया

भाषा। सियोल

उत्तर कोरिया ने शनिवार को दावा किया कि उसने पानी के नीचे परमाणु हथियार से हमला करने में सक्षम एक और ड्रोन का इस हफ्ते परीक्षण किया। इस ड्रोन को ऐसे डिजाइन किया गया है कि यह नौसेना के पोतों को तबाह कर दे। चार दिन तक चले इस परीक्षण की खबर अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के परमाणु संबंधी दूतों की दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में हुई बैठक के एक दिन बाद आई है। इस बैठक में तीनों देशों के दूतों ने उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे पर चर्चा की और उत्तर कोरिया के हथियार कार्यक्रम का वित्त पोषण करने वाली अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय कार्वाई का आह्वान किया। उत्तर कोरिया की सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी

(केसीएनए) ने कहा कि ड्रोन का नाम होइल-2 है, जिसका मतलब सुनामी या ज्वारीय लहरें होता है और यह 71 घंटे से ज्यादा वक्त तक पानी के नीचे घूमता रहा और फिर इसने पूर्वी शहर तानचोन के पास शुक्रवार को एक लक्ष्य को भेद दिया। केसीएनए ने कहा कि परीक्षण ने साबित किया है कि हथियार एक हजार किलोमीटर की दूरी पर स्थित लक्ष्यों को निशाना बना सकता है और इसमें घातक हमले करने की क्षमता है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने पिछले महीने खबर दी थी कि उसके देश ने हेइल-। नाम के एक अन्य ड्रोन का परीक्षण किया है। मीडिया ने दावा किया था कि यह ड्रोन रेडियोधर्मी सुनामी उत्पन्न करने में सक्षम है, जो दुश्मन के पोतों को तबाह कर देगी।

अंटार्कटिक में तेज गति से पिघल रही बर्फ की चादर

नए अध्ययन इसके मायने का पता चला

भाषा। न्यूकैसल अपॉन टाइन

अमेरिका और मैक्सिको के संयुक्त क्षेत्र से भी अधिक हिस्से को ढकने वाली अंटार्कटिक बर्फ की चादर अगर पूरी तरह से पिघल जाए तो समुद्र के स्तर में 57 मीटर से अधिक की वृद्धि होगी। इससे दुनिया भर के सैकड़ों शहरों में बाढ़ आ जाएगी। प्रमाण बताते हैं कि यह हिम चादर तेजी से पिघल रही है। उपग्रह के विश्लेषण से पता चला है कि पश्चिमी अंटार्कटिक के तटीय क्षेत्रों में जमी हुई विशाल बर्फ हाल के वर्षों में प्रति दिन 30 मीटर तक सिकुड़ रही है। लेकिन, बर्फ की चादर में परिवर्तन का उपग्रह रिकॉर्ड अपेक्षाकृत कम है क्योंकि केवल 50 साल से इस पर नजर रखी गई है। यह हमारी समझ को भी सीमित करता है कि बर्फ की चादरें लंबे समय तक कैसे विकसित हुई हैं और किस गति से यह घट रही हैं। इसलिए, हमने यह अध्ययन किया कि तापमान में बढ़ोतरी की पिछली अवधि के दौरान बर्फ की चादरों ने कैसे प्रतिक्रिया दी। यह जलवायु परिवर्तन लगभग 20,000 और 11,000 साल पहले हुआ था। हिमनद के घटने से उस समय पृथ्वी का विस्तार हुआ जब बर्फ की चादरें यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बड़े हिस्से को कवर करती थीं। पिछली बार बर्फ की चादर में ह्रास के दौरान, तापमान की दर और समुद्र के स्तर में वृद्धि मोटे तौर पर आज की तुलना में थी। इसलिए, इस अवधि में बर्फ की चादरों में परिवर्तन का अध्ययन करने से हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि पृथ्वी की दो शेष बर्फ की चादरें (ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक) भविष्य में और भी गर्म जलवायु पर कैसे प्रतिक्रिया दे सकती हैं। हमारे हाल में प्रकाशित परिणाम बताते हैं कि बर्फ की चादरें प्रति दिन 600 मीटर तक सिकुड़ने में सक्षम हैं।

कितनी तेजी से सिकुड़ रही बर्फ की चादर

हमारे शोध ने कॉरुगेशन रिजेश नामक छोटे भू-आकृतियों की पहचान करने के लिए नॉर्वेजियन सीफ्लोर के उच्च-रिजॉल्यूशन मानचित्रों का इस्तेमाल किया। ए।-2 मीटर के ऊंचे टीले तब बने थे जब पूर्व में बर्फ की चादर पिघल गई थी। ज्वार ने बर्फ की चादर को ऊपर-नीचे कर दिया। कम ज्वार पर, बर्फ की चादर समुद्र तल पर टिकी हुई थी। यह देखते हुए कि नॉर्वे तट से हर दिन दो ज्वार उठते हैं, दो अलग-अलग टीले प्रतिदिन उत्पन्न होते थे। इन टीलों के बीच की जगह को मापने से हमें बर्फ की चादर के पीछे हटने की गति की गणना करने में मदद मिली। हमने स्कैंडिनेवियाई बर्फ की चादर का अध्ययन किया। इसके हिसाब से पिछली बार हिम चादर पिघलने के दौरान, प्रति दिन 50 और 600 मीटर के बीच की दर से पिघल रही थी। यह दर बर्फ की चादर पिघलने की उच्चतम दर की तुलना में 20 गुना ज्यादा हैं जो अब तक अंटार्कटिक में उपग्रहों से मापी गई हैं। समतल क्षेत्रों में हिम चादर के घटने की उच्चतम दर होती है। समतल घाटी वाले क्षेत्रों में अपेक्षाकृत प्रति दिन आधा मीटर तक बर्फ पिघलती है। इन क्षेत्रों में बर्फ की चादरें सतह से बहुत हल्के ढंग से जुड़ी होती हैं और इसलिए पूरी तरह से गायब के लिए केवल न्यूनतम मात्रा में बर्फ के पिघलने की आवश्यकता होती है।

चैट जीटीपी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, अक्सर गलतियां कर बैठती हैं ऐसी कृत्रिम मेधाएं

भाषा। लॉस एंजिलिस

पिछले कुछ वर्षों में भाषा संबंधी बड़ी कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशल इंटेजिलेंस) प्रणालियों के मामले में तेज प्रगति देखी गई है जो कविता लिखने, मानवीय वार्तालाप करने और मेडिकल स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कराने जैसे कामों में मददगार साबित होती हैं। इसी प्रगति की देन हैं चैट-जीपीटी जैसे मॉडल। हालांकि ऐसे मॉडल के कई प्रमुख सामाजिक आर्थिक प्रभाव हो सकते हैं, जिनमें नौकरियां खत्म होना और उत्पादकता बढ़ाने के चक्कर में गलत सूचनाओं का व्यापक प्रसार शामिल है। ऐसे बड़े भाषाई मॉडल में प्रभावशाली क्षमताएं तो होती हैं, लेकिन इनकी तार्किक शक्ति कमजोर होती है। ए एआई-ऐसी गलतियां कर जाते हैं, जिनकी उम्मीद नहीं की जाती। कभी-कभी ए मॉडल चीजों को आसान बनाने के बजाय मुश्किल बना देते हैं। लिहाजा अध्ययनकर्ताओं ने ऐसे मॉडल के गुण-दोष की पड़ताल करने का फैसला किया। इस अध्ययन में भी वही तरीका अपनाया गया जो सर्च इंजन गूगल के बीईआरटी मॉडल की पड़ताल के समय अपनाया गया था। बीईआरटी शुरुआती बड़े भाषा संबंधी एआई मॉडल में शुमार है। इसे बर्टोलॉजी भी कहा जाता है। बीईआरटी पर किए गए अध्ययन में पहले ही बहुत कुछ पता चल चुका है कि ऐसे मॉडल क्या कर सकते हैं और कहां गलती करते हैं। उदाहरण के लिए कई भाषा मॉडल भाव को नहीं समझ पाते हैं और वे केवल नतीजे प्रदान करते हैं। इन्हें सही और गलत की समझ नहीं होती।

सिंगापुर में शॉपिंग मॉल के बाहर भारतीय मूल के युवक को सीढ़ियों से धक्का दिया, मौत

भाषा। सिंगापुर

सिंगापुर में एक शॉपिंग मॉल के बाहर एक व्यक्ति ने भारतीय मूल के एक युवक को धक्का दे दिया, जिससे सीढ़ियों से नीचे गिरने के कारण उसकी मौत हो गई।

PUBLIC NOTICE

This is to inform General Public that Mr. Vipin Behari Gupta, Mr. Arpit Gupta and Mr. Amit Gupta partners of Partnership Firm name as M/s. Vipin B Gupta & Co. Office at C- 15 & 17, Double Storey, Ramesh Nagar, New Delhi- 110015, Registration No. Firm/West/ 2023/ 1660.Now, Mr. Vipin Behari Gupta, Mr. Arpit Gupta and Mr. Amit Gupta partners of the firm M/s. Vipin B Gupta & Co. Have decided to change the name of Firm from M/s. Vipin B Gupta & Co. to M/s. AVAG & Co. w.e.f. 07.03.2023. Shares of the partners are mentioned herein below.

M/s. Vipin B Gupta & Co.

Name of the Partners	Shares
Mr. Vipin Behari Gupta	(40 % share)
Mr. Arpit Gupta	(30 % share)
Mr. Arpit Gupta	(30 % share)

M/s. AVAG & Co.(Earlier known as M/s. Vipin B Gupta & Co.)

Name of the Partners	Shares
Mr. Vipin Behari Gupta	(40 % share)
Mr. Arpit Gupta	(30 % share)
Mr. Arpit Gupta	(30 % share)

राजस्थान में दलित महिला को बलात्कार के बाद जिंदा जलाया

भाषा। जयपुर

● मौत, आरोपी शकूर खान को गिरफ्तार

राजस्थान के बाड़मेर जिले में बलात्कार के बाद जिंदा जलाने की कोशिश में बुरी तरह झुलसी दलित महिला की शुक्रवार देर रात जोधपुर के एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में हत्या का आरोप जोड़ा गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने 30 वर्षीय दलित महिला के साथ बलात्कार करने के बाद उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी थी, जिसमें महिला करीब 50 प्रतिशत झुलस गई थी। वहीं परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया है और मामले में पचपदरा के थानाधिकारी व बालोतरा के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को हटाने की मांग करते हुए एक करोड़ रुपए मुआवजा, परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। पुलिस के अनुसार शव को एमडीएच, जोधपुर के मुर्दाघर में रखा गया है। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस घटना के मद्देनजर राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा है।

बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया, महिला को इलाज के लिए जोधपुर भेजा गया था। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी शकूर खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला की मौत होने के बाद पहले से दर्ज प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) जोड़ी गई है। महिला के पति ने बृहस्पतिवार रात को तहरीर दी थी कि आरोपी शकूर खान बृहस्पतिवार को उसके घर में घुस गया और उसकी पत्नी (पीड़िता) के साथ बलात्कार किया व उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। घटना के समय महिला घर पर अकेली थी। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने दो बच्चों की मां महिला पर तेजाब जैसा रसायन डाला और भागने से पहले उसे आग लगा दी। पुलिस ने कहा कि आरोपी शकूर खान मृतक महिला के गांव का ही रहने वाला है और उसे शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की हत्या, बलात्कार सहित अन्य धाराओं तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पचपदरा के थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों ने एक करोड़ रुपए मुआवजा और परिजन को नौकरी देने की मांग की है। शव अभी एमडीएच जोधपुर मुदौघर में रखा हुआ है। ज्ञापन देने वाले परिजनों से बातचीत चल रही है। पीड़ित परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करने के लिए जोधपुर गए बाड़मेर के अतिरिक्त डीएम अश्विन ने कहा कि परिवार के सदस्य बालोतरा लौट आए और शव लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। बालोतरा से कांग्रेस विधायक मदन प्रजापत ने आरोप लगाया कि विपक्ष इस मुद्दे को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

भारत में कोविड-19 के 6,155 नए मामले, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 31,194 हुई

नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 6,155 नए मामले सामने आए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 31,194 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,51,259 पर पहुंच गई है। आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 11 और मरीजों के दम तोड़ने से मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,30,954 हो गई है। इनमें केरल द्वारा संक्रमण से मौत के मामलों का पुनर्मिलान करने के बाद मृतकों की सूची में जोड़े गए दो मामले भी शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमितों का 0.07 प्रतिशत है। वहीं, कोविड-19 से ठीक होने वालों की राष्ट्रीय दर 98.74 प्रतिशत है।

चेन्नई में विवेकानंद हाउस जाकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- मैं प्रेरित महसूस कर रहा हूं

भाषा। चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि यहां विवेकानंद हाउस में ध्यान करने के बाद वह प्रेरित और ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। इस जगह पर विवेकानंद 1897 में कुछ दिन ठहरे थे। यहां श्री रामकृष्ण मठ की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि उनके मन में रामकृष्ण मठ के प्रति गहरा सम्मान है और इसने उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, आज मुझे उस विवेकानंद हाउस में जाने का अवसर मिला जहां स्वामी विवेकानंद पश्चिम की अपनी प्रसिद्ध यात्रा से लौटने के बाद रुके थे। यहां ध्यान करना एक विशेष अनुभव था जिससे मैं प्रेरित और ऊर्जावान महसूस करता हूं। मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि प्राचीन विचार-दर्शन आधुनिक तकनीक के माध्यम से युवा पीढ़ी तक पहुंच रहे हैं। रामकृष्ण मिशन के संन्यासियों की मौजूदगी के बीच प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। शहर में विवेकानंदर इल्लम (विवेकानंद हाउस) एक ऐतिहासिक स्थान है जहां विवेकानंद 1897 में नौ दिन के लिए रुके थे। स्मृति चिह्न के रूप में प्रधानमंत्री को विवेकानंद की प्रतिमा भेंट की गई। राज्यपाल आर एन रवि, तमिलनाडु के उद्योग मंत्री थंगम थेनारासु, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन भी इस दौरान मौजूद थे।

युवा कांग्रेस ने जयपुर में मशाल जुलूस निकाला

जयपु। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के विरोध में युवा कांग्रेस ने शनिवार शाम जयपुर में लोकतंत्र बचाओ मशाल जुलूस निकाला। अल्बर्ट हॉल से गांधी सर्किल तक निकाले गए इस जुलूस में भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। श्रीनिवास ने कहा कि यह देश में लोकतंत्र व संविधान को बचाने की लड़ाई है। वहीं, पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश में ऐसा माहौल बनाया है जहां लोगों को अपनी बात बोलने से रोका जा रहा है।

मजदूरों के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा देने का आदेश

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने छत्तीसगढ़ के महासमुंद के जिलाधिकारी को अवैध ईंट भट्ठे में कथित रूप से दम घुटने से मरने वाले पांच मजदूरों के परिजनों को 20-20 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। एनजीटी ने महासमुंद जिले की बसना तहसील में एक ईंट भट्ठे में 14 और 15 मार्च की दरमियानी रात पांच लोगों की मौत और एक अन्य के घायल होने के बारे में मीडिया में आई खबर के आधार पर स्वतः संज्ञान कार्यवाही शुरू की थी। अधिकरण ने पिछले महीने छत्तीसगढ़ राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया था, जिसके बाद पांच अप्रैल को जवाब दाखिल किया गया था।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर को मिला मनचाहा वेतन

मुंबई। यूपी की एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने 13 महीने की कड़ी टेक अपस्किलिंग के बाद 300 फीसदी की वेतन वृद्धि के साथ जीटा सूट में अपने सपनों की नौकरी हासिल की। निधि अग्रवाल का सपना था कि वे कुछ ऐसा करें कि आम लोगों के जीवन पर सार्थक प्रभाव डाला जा सके। इसी आशा के साथ निधि ने स्केलर अकादमी पाठ्यक्रम के लिए नामांकन करके तकनीकी अपस्किलिंग के अपने इस सफर की शुरुआत की। स्केलर और इंटरव्यूबिट के को-फाउंडर अभिमन्यु सक्सेना ने कहा,हमारे देश में तकनीकी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उद्योगों को अभी भी स्किल्ड लोगों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

कहानियों से जुड़ेंगे लोग

मुंबई। एक सास जो कट्टर है, और बहुएं जो दृढ़ और दुर्जेय है। मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित श्रृंखला का निर्देशन होमी अदजानिया द्वारा किया गया है और इसमें डिंपल कपाड़िया, राधिका मदान, अगिरा धर और ईशा तलवार जैसे प्रतिभाशाली कलाकार, आशीष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल और प्रमुख भूमिकाएँ हैं। मोनिका डोगरा आदि शामिल हैं। सास बहू और फ्लेमिंगो 5 मई 2023 को केवल डिज्नी हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। गौरव बनर्जी हेड कंटेंट डिज्नी हॉटस्टार और एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क डिज्नी स्टार ने कहा कि हम अपने दर्शकों की ऐसी कहानियां लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो न केवल मनोरंजन करें बल्कि कनेक्ट और प्रेरित भी करें।

आदिवासी संगठनों के रांची बंद से आम जीवन पर प्रभाव

रांची। रांची में शनिवार को झारखंड पाहन महासंघ सहित विभिन्न आदिवासी संगठन और सरना समिति के सदस्यों द्वारा सरना झंडा कथित रूप से उखाड़ने और जलाने के विरोध में बुलाए गए दिन भर के बंद के चलते आम जीवन प्रभावित हुआ, दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान आंशिक रूप से बंद रहे तथा अधिकतर शिक्षण संस्थाओं ने स्वयं छुट्टी रखी। बंद समर्थकों ने अनेक स्थानों पर सड़क पर टायर जलाकर आवागमन को रोक दिया।

प्रसिद्धि से दूर रहकर सेवा कार्य करें : भागवत

भाषा। जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने प्रसिद्धि से दूर रहकर सेवा कार्य करने पर जोर देते हुए शनिवार को कार्यकर्ताओं से कहा कि सात्विक सेवा के पीछे अहंकार नहीं होता है। डॉ. भागवत जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में चल रहे सेवा संगम के दूसरे दिन देशभर से आए सेवा भारती के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। प्रसिद्धि से दूर रहकर सेवा कार्य करने पर बल देते हुए भागवत ने कहा, सेवा करते हैं तो अपने आप प्रसिद्धि मिलती है, लेकिन उस ओर ध्यान नहीं देना है। सात्विक सेवा के पीछे अहंकार नहीं होता है। उन्होंने कहा, कई बार छोटी- छोटी बातों से बड़ी बातें बनती हैं। सात्विक प्रकृति का हमारा कार्य है, इसलिए सात्विक कार्यकर्ता बनाने पड़ेंगे। ऐसा करने में अहंकार आड़े नहीं आने देना है। पूरे उत्साह से कार्य करते हुए मन, वाणी और शरीर का तप हमें करना चाहिए। उन्होंने कहा, सेवा में उग्रता नहीं सौम्यता चाहिए। ज्यादा बड़बोलापन काम का नहीं है। संगठित कार्य शक्ति की महत्ता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं। उन्होंने कहा, संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजई रहती है। हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं। इसके लिए सामर्थ्य-सम्पन्न संघ शक्ति चाहिए, क्योंकि अच्छा कार्य भी बिना शक्ति के कोई मानता नहीं है, कोई देखता नहीं है। यह विश्व का स्वभाव है। उन्होंने कहा, संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किए। इनसे ही सेवा भारती का जन्म हुआ। सेवा का कार्य सात्विक होता है। फल की इच्छा नहीं रखकर किए जाने वाले कार्य सात्विक होते हैं। जो कार्य स्वार्थवश किए जाते हैं वे राजसी कार्य होते हैं। तामसिक कार्य भी होते हैं। ऐसा करने वाले अपना भी भला नहीं करते और दूसरों का भी नुकसान करते हैं। सेवा का लाभ सेवित और सेवक दोनों को होता है। सेवक निस्वार्थ बुद्धि से सेवा करते हैं। एक बयान के अनुसार, निस्वार्थ सेवा पर बल देते हुए उन्होंने कहा, कार्यकर्ता कार्य के स्वभाव के साथ तन्मय होता है, तब कार्य होता है। कार्य के अनुरूप कार्यकर्ता हो, ऐसी समझ हमें विकसित करनी है। सेवा कार्य मन की तड़प से होते हैं। हमें विश्व मंगल के लिए काम करना है। इसलिए काम करने वालों का बड़ा समूह खड़ा करना है। सेवा भारती के इस तीन दिवसीय संगम में देश भर से 800 से अधिक स्वैच्छिक सेवा संगठनों के हजारों प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

गौशाला में घुसा तेंदुआ, पकड़े जाने से पहले आठ मवेशियों का किया शिकार

महू (मप्र)। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में एक गौशाले में घुस कर एक तेंदुए ने आठ मवेशियों का शिकार कर दिया। यह जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को दी। उन्होंने कहा कि यह घटना महू तहसील मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर घोड़ाखुर्द गांव के खेत में जंगल के पास बनी गौशाले की है। महू जनपद के उपाध्यक्ष बीरबल डाबर ने बताया कि घोड़ाखुर्द गांव निवासी निर्मला देवर शनिवार सुबह अपने मवेशियों को चारा डालने के लिए अपने घर के पास खेत में बने इस गौशाले में गई तो उसने अंदर एक तेंदुआ देखा और तुरंत गौशाले का दरवाजा बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद महिला भागकर अपने घर गई और अपने पति भीम सिंह को इसके बारे में बताया, जिसके बाद उन्होंने वन विभाग एवं पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने तेंदुए को बेहोश किया और उसे पिंजड़े में रख कर इंदौर जिले स्थित रालामंडल अभयारण्य ले गए।

कांग्रेस के लिए एक व्यक्ति देश, संसद और अदालतों से भी ऊपर है : अनुराग

भाषा। बिलासपुर

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए एक व्यक्ति देश, संसद और अदालतों से ऊपर है और विपक्षी दल के कुछ सहयोगी इस रवैए के कारण उसे छोड़कर जा रहे हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने यहां पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी पर आपराधिक मानहानि के एक मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर करने के लिए मुख्यमंत्रियों सहित कई कांग्रेस नेताओं को साथ ले जाने पर भी निशाना साधा। ठाकुर ने कहा कि असल बात यह है कि अपील दायर करने के लिए उन्हें भी जाने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने अदालत पर दबाव बनाने की कोशिश की। गौरतलब है कि मोदी उपनाम टिप्पणी को लेकर 2019 के मानहानि के एक मामले में दोषसिद्धि तथा दो साल की जेल की सजा के बाद राहुल गांधी को पिछले महीने लोकसभा के अयोग्य करार दे दिया गया। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी को पिछड़े वर्गों का अपमान करने के लिए माफी मांगनी चाहिए, लेकिन एक बार फिर उनका अहंकार उनके आगे आ गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने दावा किया कि कांग्रेस के लिए एक व्यक्ति देश, संसद और अदालतों से ऊपर है। उन्होंने कहा कि इस रवैए के कारण कांग्रेस के सहयोगी भी उन्हें छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हर चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लड़ती है और हिमाचल प्रदेश के लोग आगामी चुनावों में राज्य में चार लोकसभा सीटों पर उसकी जीत सुनिश्चित करेंगे।

बम विस्फोट मामले मे अभी तक फैसला नही करना राज्य सरकार के तुष्टिकरण का प्रमाणः चतुर्वेदी

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने जयपुर बम विस्फोट मामले में उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने के लिए अब तक कोई कदम नहीं उठाने को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने शनिवार को कहा कि फैसले के बारह दिन बाद भी निर्णय नहीं लेना सरकार के तुष्टिकरण का सबसे बड़ा साक्ष्य है। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी 12 अप्रैल को पीड़ित परिवारों के साथ रामलीला मैदान से सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर तक मशाल जुलूस निकालेगी। यहां प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि जयपुर बम विस्फोट कांड के प्रति कांग्रेस सरकार का रवैया असंवेदनशील रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने इस मामले में उच्च न्यायालय के फैसले के 12 दिन बाद भी उच्चतम न्यायालय में अपील दायर नहीं की और दोषियों को सजा दिलाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए।

मोदी की तारीफ के बाद अजित पवार ने अब ईवीएम पर भरोसा जताया

भाषा। पुणे (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता अजित पवार ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) विश्वसनीय है और कोई एक व्यक्ति इस मशीन से छेड़छाड़ नहीं कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव हारने वाले राजनीतिक दल अपने प्रदर्शन के लिए अक्सर ईवीएम को जिम्मेदार ठहराते हें लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि चुनावी हार जनादेश होता है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता ने ईवीएम को क्लीन चिट देने से कुछ दिन पहले 2014 के चुनावों में भाजपा की जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मा को श्रेय दिया था और कहा था कि देश में प्रधानमंत्री की अकादमिक डिग्री से ज्यादा महंगाई और युवाओं के लिए रोजगार ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। जित पवार ने पत्रकारों से कहा, मैं ईवीएम पर भरोसा करता हूं। एक अकेला व्यक्ति ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं कर सकता। यह बड़ी प्रणाली है और इसमें कई स्तर होते हैं। हालांकि, चुनावों में हार का सामना करने वाली पार्टी वोटिंग मशीन को जिम्मेदार ठहराती है लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि चुनाव परिणाम जनादेश है। गौरतलब है कि राकांपा नेता शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के मुखपत्र सामना के शनिवार संस्करण में प्रकाशित एक संपादकीय पर सवाल का जवाब दे रहे थे जिसमें दावा किया गया कि भाजपा ईवीएम को हैक करके चुनाव जीतती है और इसमें ईवीएम हटाने के लिए बांग्लादेश के निर्वाचन निकाय को बधाई दी गई है। पवार ने कहा, अगर ईवीएम में खामी होती तो विपक्षी दल छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, पंजाब, केरल, तमिलनाडु समेत विभिन्न राज्यों में सरकार नहीं बना पाते। भारत जैसे बड़े देश में एक अकेला व्यक्ति ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं कर सकता।

गुजरात पुलिस ठग किरण पटेल की शैक्षणिक योग्यता की करेगी जांच

भाषा। अहमदाबाद

अहमदाबाद अपराध शाखा कथित ठग किरण पटेल की शैक्षणिक योग्यता की जांच करेगी। खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में पेश करने के आरोप में पिछले महीने पटेल को जम्मू कश्मीर में गिरफ्तार किया गया था और उसे शनिवार तड़के को अहमदाबाद लाया गया। अहमदाबाद के पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) चैतन्य मांडलिक ने बताया कि पटेल दावा करता है कि वह कंप्यूटर इंजीनियर है तथा वह विज्ञापन एजेंसी एवं विदेश में काम कर चुका है। मांडलिक ने कहा, हम उसके दावों की जांच करेंगे। यदि उसकी शैक्षणिक डिग्री फर्जी पाई जाती है तो हम उसके विरूद्ध नई प्राथमिकी दर्ज करेंगे। अपराध शाखा के अनुसार पटेल का दावा है कि उसने पहले यहां एक पॉलीटेक्निक से कंप्यूटरि इंजीनियिंग में डिप्लोमा किया और फिर एक प्रमुख सरकारी अभियांत्रिकी महाविद्यालय से डिप्लोमा-से -डिग्री अभियांत्रिक कोर्स किया। पुलिस के मुताबिक पटेल ने तमिलनाडु के त्रिची में भारतीय प्रबंधन संस्थान से 2021-22 में एक वर्षीय कार्यकारी एमबीए किया। पटेल ने पुलिस को बताया है कि वह अहमदाबाद में एक विज्ञापन एजेंसी में प्रोग्रामर की नौकरी करता था जहां उसने राजनीतिक दलों के लिए विज्ञापन एवं वेबसाइट बनाईं। उसने बताया कि यह वही जगह है जहां उसने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं परियोजनाओं की जानकारियां जुटाईं। पुलिस के अनुसार पटेल को यहां एक महंगे इलाके में एक वरिष्ठ नागरिक का बंगला हड़पने से जुड़े एक मामले के सिलसिले में शनिवार तड़के तीन बजे यहां लाया गया और गिरफ्तार किया गया।

क्विक न्यूज

सीबीआई ने कोचर दंपति के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 3,250 करोड़ रुपए के ऋण धोखाधड़ी मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 409 (विश्वास का आपराधिक हनन) तथा भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने नौ इकाइयों को नामजद किया है, जिनमें कंपनियां और व्यक्ति शामिल हैं। आईसीआईसीआई बैंक से चंदा कोचर के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी की अनिवार्य आवश्यकता के बिना सीबीआई मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष अपनी अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने के लिए आगे बढ़ी है। अधिकारियों के मुताबिक, मंजूरी के लिए बैंक को एक पत्र भेजा गया था, लेकिन उसके जवाब का इंतजार है। आम तौर पर, विशेष अदालत आरोपपत्र का संज्ञान लेने के लिए आगे बढ़ने से पहले मंजूरी का इंतजार करती है और बाद में पात्र होने पर मुकदमा शुरू करती है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की विशेष अदालत ने आरोपपत्र पर अभी तक संज्ञान नहीं लिया है।उन्होंने कहा कि मुकदमा चलाने की मंजूरी से इनकार के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे।

मध्य प्रदेश में डूबने से पांच बालकों की मौत

सिंगरौली-खंडवा। मध्य प्रदेश के सिंगरौली एवं खंडवा जिलों में पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग घटनाओं में पांच बालकों की डूबने से मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को दी। उन्होंने कहा कि इनमें से दो सगे भाइयों सहित तीन बालकों की सिंगरौली जिले में और दो बालकों की खंडवा जिले में मौत हुई। कोतवाली थाना के प्रभारी बलराम सिंह ने बताया कि खंडवा जिले में आबना नदी में तैरने उतरे दो बालकों की डूबने से शनिवार को मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान कार्तिक पंचोरे (12) और अनमोल तिवारी (11) के रूप में हुई है। सिंह ने बताया कि ए दोनों खंडवा शहर के गोविंद नगर गोलमाल बाबा क्षेत्र के निवासी थे और एक अन्य बच्चे के साथ घर से साइकिल लेकर घूमने निकले थे। उन्होंने कहा कि घूमते हुए ए लोग जसवाड़ी कलज्या खेड़ी रोड पर आबना नदी में तैरने चले गए। इनमें से अनमोल तिवारी नदी में उतर गया और गहरे पानी में डूबने लगा।

प्रौद्योगिकी अदालत में लंबित मामलों की संख्या कम करने में मदद कर सकती है : रीजीजू

जम्मू। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि अदालतों में करीब पांच करोड़ मामले लंबित हैं और प्रौद्योगिकी न केवल लंबित मामलों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, बल्कि न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया को लोगों तक आसानी से पहुंचाने में भी अहम योगदान कर सकती है। रीजीजू ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि ई-न्यायालय परियोजना के तीसरे चरण के पूरा होने के बाद, वह समय दूर नहीं होगा जब देश की सभी अदालतें पूरी तरह से कागज-रहित हो जाएंगी। मंत्री ने जम्मू विश्वविद्यालय में डोगरी भाषा में भारतीय संविधान के पहले संस्करण के विमोचन के मौके पर कहा, हम अपनी अदालतों में लंबित मामलों को कम करने के लिए समाधान के रूप में प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकते हैं। समारोह में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश कोटेश्वर सिंह, उच्च न्यायालय के कई वरिष्ठ न्यायाधीश, जम्मू विश्वविद्यालय के कुलपति उमेश राय, कानून सचिव अचल सेठी और जम्मू की उपायुक्त अवनी लवासा शामिल थे। न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया को आसान और किफायती बनाने के घटनाक्रम के बारे में, रीजीजू ने कहा कि सरकार सभी नागरिकों की समझ के लिए कानून की एक मूल शब्दावली तैयार करने के वास्ते लगभग 65,000 शब्दों का डिजिटलीकरण कर रही है।

पेट संबंधी रोग से दूर रखती है ब्रोकोली

● अध्ययन

भाषा। नई दिल्ली

अनुसंधानकर्ताओं ने उस प्रक्रिया का खुलासा किया है जिसकी मदद से ब्रोकोली छोटी आंत की परत की सुरक्षा में मदद करती है और चूहों में रोग पनपने की संभावना रोकती है। अमेरिका में पेन्सिलवेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी ने इस बात के ठोस सबूत पेश किए हैं कि क्यों ब्रोकोली, पत्ता गोभी और अंकुरित ब्रसेल्स (गोभी के जेमीफेरा कल्टीवेर समूह का एक सदस्य) जैसी सब्जियां सामान्य सेहतमंद भोजन का हिस्सा होने चाहिए। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, उन्होंने पाया कि ब्रोक्रोली में जो अणु होते हैं उन्हें एरिल हाइड्रोकार्बन रिसेप्टर लिगैंड्स कहते हैं और ए अणु प्रोटीन के एक किस्म एरिल हाइड्रोकार्बन रिसेप्टर को छोटी आंत की परत पर जोड़ते हैं। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि छोटी आंत की परत पर इस प्रक्रिया से कई गतिविधियां शुरू होती हैं जो आंत की कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को प्रभावित करती हैं। ए निष्कर्ष लेबोरेटरी इन्वेस्टिगेशन पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। आंतों की परत पर मौजूद कुछ निश्चित कोशिकाएं या आंत्र कोशिकाएं फायदेमंद जल और पोषक तत्वों को शरीर के अंदर जाने देने में मदद करती हैं और हानिकारक कणों एवं बैक्टीरिया को उसमें प्रवेश से रोकती हैं जिससे संतुलन बना रहता है। इन कोशिकाओं में एंटरोसाइट्स होते हैं जो जल एवं पोषक तत्वों को अवशोषित करतेहैं। अध्ययन में अनुसंधानकर्ताओं ने चूहों के एक समूह पर यह प्रयोग किया और उन्हें 15 प्रतिशत ब्रोकोली खिलाई जो मानव के लिए प्रतिदिन 3.5 ग्राम के बराबर है। उन्होंने चूहों के एक समूह को ब्रोकोली रहित सामान्य भोजन दिया। उन्होंने पाया कि जिन चूहों को ब्रोकोली नहीं दी गई थी उनमें एएचआर की गतिविधि कम पाई गई थी। हमारे अनुसंधान से पता चलता है कि ब्रोकोली और एएचआर लिगैंड्स से युक्त इस तरह के खाद्य पदार्थों को प्राकृतिक स्रोतों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है ।

सोयाबीन तेल से हृदय रोगों से बच सकते है, रखता है स्वस्थ

नई दिल्ली। सोयाबीन तेल हृदय को फिट रखता है। अगर आपके मनपसंद भोजन को ज्यादा आँच पर पकाना, यानी तलने भूनने, सेंकने की ज़रूरत होती है तो सबसे बढ़िया होगा कि आप सोयाबीन ऑयल का प्रयोग करें। इसमें भी बेहतर विकल्प यह हो सकता है कि अल्ट्रा-लाइट सोयाबीन ऑयल का चुनाव करें। सोयाबीन ऑयल एक ऐसा तेल है जिसने तेल को सचमुच अल्ट्रालाइट बनाकर भारत में पहली बार पसंद किया जा रहा है। हेल्दी एंड टेस्टी अल्ट्रालाइट बनाने के लिए एमएसआरटी मल्टीस्टेज रिफाइनिंग टेक्नोलॉजी यानी बहुस्तरीय शोधन प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है जो इस तेल को दूसरे ब्रान्डों की तुलना में रंग में काफी हलका बनाती है। यह खाद्य पदार्थों में कम सोखा जाता है और बहुत कम चिपचिपा होता है। दिलचस्प है कि बाकी सोयाबीन तेलों की तुलना में इमामी तेल काफी बढ़िया क्वालिटी का होने के बावजूद एचडेंडी अल्ट्रालाइट की कीमत सामान्य है । यहाँ यह जानना ज़रूरी है कि सेहतमंद कुकिंग ऑयल के लिए केवल हलका होना ही काफी नहीं है, बल्कि लोगों को असली पकवान का आनंद लेने के लिए यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उनके सोयाबीन ऑयल में सही शोधन तकनीक रिफाइनिंग टेक्नोलॉजीद्ध का प्रयोग किया गया है। अशोधित सोयाबीन ऑयल को अनेक चरणों की शोधन प्रक्रिया गाद निष्कासन, शोधन,विरंजन ब्लीचिंग और गंधरहित करना से गुजारा जाता है ताकि लोगों को खाद्य गुणवत्ता वाला परिष्कृत सोयाबीन ऑयल मिल सके।

भाजपा ने उसके समर्थन के लिए किच्चा सुदीप को निशाना बनाने पर कांग्रेस, जद(से) की निंदा की

नई दिल्ली। भाषा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ दल को समर्थन देने के लिए अभिनेता किच्चा सुदीप पर निशाना साधने को लेकर कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) की निंदा की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि सुदीप अपनी मेहनत से एक मुकाम पर पहुंचे हैं और उन्हें कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरह यह विरासत में नहीं मिला। उन्होंने विपक्षी दलों पर पाखंड करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ए दल एक ओर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों की बात करते हैं और दूसरी ओर किसी पार्टी का समर्थन करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने पर अभिनेता को निशाना बना रहे हैं। सुदीप का समर्थन मांगने से भाजपा की कमजोरी और बाहरी लोगों पर उसकी निर्भरता उजागर होती है।

बोल्ट के झटके से दिल्ली की हार

- राजस्थान रायल्स 57 रन से जीता
- बटलर और जायसवाल के अर्धशतक
- कैपिटल्स की लगातार तीसरी हार

भाषा। गुवाहाटी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर के अर्धशतकों के बाद ट्रेंट बोल्ट (29 रन देकर तीन विकेट) के पहले ओवर में दो झटकों से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन से करारी शिकस्त दी।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद जायसवाल (60 रन) और बटलर (79 रन) ने शानदार लय जारी रखते हुए 51 गेंद में 98 रन की साझेदारी निभाई जिससे राजस्थान रॉयल्स ने चार विकेट पर 199 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ट्रेंट बोल्ट (चार ओवर में एक मेडन) के पहले ही ओवर में दो झटकों से पस्त हुई दिल्ली कैपिटल्स कप्तान डेविड वॉर्नर (65 रन) के अर्धशतक के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स को फिर बल्लेबाजों ने निराश किया जिसके कारण उसे लगातार तीसरी शिकस्त का सामना करना पड़ा। जायसवाल ने 31 गेंद की दर्शनीय पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि बटलर ने 51 गेंद में 11 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं राजस्थान के लिए शिमरोन हेटमायर ने जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए आखिर में 21 गेंद में एक चौके और दो छक्के से नाबाद 39 रन बनाए। इसमें से दो छक्के अंतिम ओवर में जड़े थे। राजस्थान रॉयल्स के लिए बोल्ट के अलावा स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 25 रन देकर दो विकेट झटके जबकि युजवेंद्र चहल ने 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। संदीप शर्मा को भी एक विकेट मिला। दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर पृथ्वी साव और मनीष पांडे खाता भी नहीं खोल सके जो पहले ओवर में बोल्ट को शिकार बने जबकि टीम ने पावरप्ले में राइल रूसो (14 रन) का विकेट भी गंवा दिया। फिर सलामी बल्लेबाज वॉर्नर (55 गेंद, सात चौके) और ललित यादव (38 रन) ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 46 गेंद में 68 रन की भागीदारी निभाकर पारी को संभालने की कोशिश की। लेकिन बोल्ट ने दिल्ली की इस महत्वपूर्ण साझेदारी का अंत किया। ललित यादव ने बोल्ट पर चौका लगाकर टीम के 100 रन पूरे कराए और अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। वॉर्नर ने इस दौरान आईपीएल में 6000 रन पूरे किए। अक्षर पटेल और रोवमैन पॉवेल के विकेट जल्दी गिरने का दबाव वॉर्नर पर दिख रहा था जो 44 गेंद में अर्धशतक बनाने के बावजूद भी तेजी से रन नहीं बना सके। टीम के लिए रूसो ही एक अन्य खिलाड़ी रहे जो दोहरे अंक तक पहुंच सके। इससे पहले जायसवाल ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए पहले ही ओवर में खलील अहमद (दो ओवर में 31 रन) पांच चौके जड़कर टीम को धुआंधार शुरुआत कराई जिससे यह इस आईपीएल का सबसे मंहगा पहला ओवर भी रहा। अंगुली में टांके के बावजूद खेल रहे बटलर ने दूसरे ओवर में तीन चौके जड़े जिससे दो ओवर में आठ चौके लग चुके थे। राजस्थान रॉयल्स ने रनों का पचासा चार ओवर में पूरा कर लिया जिसमें से 40 रन चौकों (10) से ही बने। इससे पावरप्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट गंवाए 68 रन था। जायसवाल ने 25 गेंद में 11 चौके से अर्धशतक पूरा किया। पारी का पहला छक्का भी जायसवाल के बल्ले से निकला जिन्होंने चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव (31 रन देकर एक विकेट) की गेंद को उठाकर लांग ऑफ के लिए भेजा।

स्कोरबोर्ड

राजस्थान रॉयल्स : जायसवाल का एवं बो मुकेश कुमार 60,बटलर का एवं बो मुकेश कुमार 79, सैमसन का नोर्किया बो कुलदीप 00, पराग बो रोवमैन पॉवेल 07, हेटमायर नाबाद 39, जुरेल नाबाद 08,अतिरिक्त : 06,**कुल** : 20 ओवर मे चार विकेट पर 199 रन,**विकेट पतन** :1-98, 2-103, 3-126, 4-175,**गेंदबाजी** : खलील 2-0-31-0,नोर्किया 4-0-44-0, कुमार 4-0-36-2,पटेल 4-0-38-0, यादव 4-0-31-1,पॉवेल 2-0-18-1

दिल्ली कैपिटल्स : साव का सैमसन बो बोल्ट 00,वॉर्नर पगबाधा बो चहल 65,पांडे पगबाधा बो बोल्ट 00, रूसो का जायसवाल बो रविचंद्रन अश्विन 14, यादव बो बोल्ट 38, पटेल स्ट सैमसन बो चहल 02, पॉवेल का हेटमायर बो रविचंद्रन अश्विन 02,पोरेल का हेटमायर बो चहल 07, यादव नाबाद 03,नोर्किया बो संदीप 00,कुमार नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 10,**कुल** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन,विकेट पतन :1-0, 2-0, 3-36, 4-100, 5-111, 6-118, 7-138, 8-139, 9-140 ,**गेंदबाजी** : बोल्ट 4-1-29-3,संदीप 4-0-20-1,अश्विन 4-0-25-2, होल्डर 3-0-28-0, चहल 4-0-27-3,अश्विन1-0-11-0

आईपीएल-16 स्टेडियम से

इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की स्थिति को खतरा नहीं : मिलर

अहमदाबाद। दक्षिण आफ्रीका और गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शनिवार को कहा कि आईपीएल मे इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओ की स्थिति को कोई खतरा नही है बल्कि इससे टीम को अतिरिक्त ताकत मिलती है। आईपीएल के मौजूदा सत्र मे लागू किए गए इस नियम के तहत टीमो को मैच के दौरान किसी भी समय एक बल्लेबाज या गेंदबाज को बदलने का विकल्प रहता है। मिलर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , मै कुछ दिन पहले ही आया हूं और इसे समझने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन मुझे नही लगता कि इससे हरफनमौलाओ की स्थिति को कोई खतरा है। आपके पास अतिरिक्त बल्लेबाज या अतिरिक्त गेंदबाज तो उतारने का विकल्प रहता है।

कप्तानी में धोनी की जगह ले सकते है स्टोक्स, रुतुराज भी दौड़ में : मोईन

मुंबई। अनुभवी हरफनमौला मोईन अली का मानना है कि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स भविष्य मे महेंद्र सिंह धोनी के उत्तराधिकारी के रूप इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान की बागडोर संभाल सकते है। इंग्लैंड के इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा कि स्टोक्स के अलावा रुतुराज गायकवाड़ के पास भी भविष्य मे टीम की कमान संभालने की क्षमता है। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2023 के खिलाड़ियो की नीलामी मे स्टोक्स पर 16.25 करोड़ रुपए खर्च किए, जो दर्शाता है कि फ्रेंचाइजी इस विश्व कप विजेता हरफनमौला को धोनी के संभावित उत्तराधिकारी के रूप मे देख रही है।

टाइटन्स के खिलाफ तीन मिस्ट्री स्पिनरों के साथ खेलने को लेकर उत्साहित : भरत अरुण

अहमदाबाद। सूयश शर्मा के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे स्वप्निल पदार्पण से उत्साहित कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने शनिवार को यहां कहा कि टीम गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स के खिलाफ तीन स्पिनर उतारने का विचार कर रही है। दिल्ली के 19 साल के सूयश को केकेआर के मिस्ट्री स्पिन लाइन अप मे शामिल किया गया है जिसमे सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती शामिल है। इस तिकड़ी ने मिलकर नौ विकेट झटके जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 123 रन पर सिमट गई। केकेआर की टीम उछाल भरी पिच पर फिर से इन तीनो स्पिनरो को एक साथ उतारने से कतराएगी नही। अरुण ने मीडिया से बातचीत मे कहा, इम्पैक्ट प्लेयर के नियम से हमे काफी विकल्प मिलते है, हम तीन मिस्ट्री स्पिनरो के साथ खेलने को लेकर उत्साहित है।

विकेट का सटीक आकलन करने से मिली सफलता : अमित मिश्रा

लखनऊ। लखनऊसुपर जाइंट्स के अनुभवी स्पिनर अमित मिश्रा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से मिली जीत मे अपनी सफलता का श्रेय विकेट का सटीक आकलन करने और बल्लेबाजो के शॉट्स को पहले ही भांप लेने को दिया। आईपीएल के पहले सत्र (2008) से ही खेल रहे 40 वर्ष के मिश्रा ने सनराइजर्स के खिलाफ दो विकेट लिए। आईपीएल मे दिल्ली डेयरडेविल्स (2008), डेक्कन चार्जर्स (2011) और सनराइजर्स हैदराबाद (2013) के लिए तीन हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज मिश्रा ने वाशिंगटन सुंदर और आदिल रशीद को आउट किया। मैने कुछ खास नही किया लेकिन विकेट का सटीक आकलन किया था।

बल्लेबाजों की विकेट गंवाने की आदत से खफा लारा

लखनऊ। लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद का कोई बल्लेबाज टिककर खेल नही सका और उसके मुख्य कोच ब्रायन लारा अपने बल्लेबाजो की विकेट गंवाने की इसी आदत से खफा है। लखनऊ के खिलाफ सनराइजर्स के बल्लेबाज 121 रन ही बना सके जो मेजबान ने चार ओवर बाकी रहते बना लिए। लारा ने मैच के बाद कहा , मुझे लगता है कि हम एक के बाद एक विकेट गंवाते आ रहे है। पहले मैच मे हमने पहले ही ओवर मे दो विकेट गंवा दिए। इस मैच मे तीन विकेट सात गेंद के भीतर गंवाए जिससे मैच का नक्शा बदल गया। हमे इस समस्या का हल निकालना होगा। सनराइजर्स ने आठवे और नौवे ओवर मे अनमोलप्रीत सिंह, कप्तान एडेन मार्कराम और हैरी ब्रूक के विकेट गंवाए जिससे स्कोर चार विकेट पर 55 रन हो गया। सनराइजर्स इस झटके से उबर ही नही सके।

क्रिकेटरों का करियर छोटा होता है तो फिट रहें : जयसूर्या का मंत्र

श्रीनगर। श्रीलंका के महान खिलाड़ी सनत जयसूर्या ने शनिवार को इस बात को खारिज किया कि अत्यधिक क्रिकेट बर्नआउट (अत्यधिक शारीरिक थकान और मानसिक तनाव) का कारण बन रहा है और उनका कहना है कि शीर्ष स्तर पर क्रिकेटर का करियर काफी काफी छोटा होता है तो उन्हे इसका पूरी तरह से इस्तेमाल करना चाहिए। जयसूर्या ने पत्रकारो से कहा, यह व्यक्तिगत राय है और मै इस पर कोई टिप्पणी नही करना चाहूंगा।

भारत के प्रियांशु राजावत ने ऑरलियन्स मास्टर्स के फाइनल में प्रवेश किया

ओरलियंस। भारत के प्रियांशु राजावत ने ओरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे शनिवार को यहां आयरलैंड के न्हाट न्गुएन को सीधे गेम मे हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले मे उनके सामने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन या चीन के ली लैन शी मे से किसी एक की चुनौती होगी। वह सुपर 300 विश्व टूर स्पर्धा मे पहली बार फाइनल मे पहुंचे है। थॉमस कप (2022) जीतने वाली भारत की टीम का हिस्सा रहे 21 साल के राजावत ने अपने आक्रामक खेल से विश्व रैंकिंग मे 35वे स्थान पर काबिज नगुएन को कोई मौका नही दिया और पुरुष एकल के एकतरफा मुकाबले मे 21-12 21-9 से मात दी।

वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों का पिछे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन

मुंबई। रेलवे के शीर्ष वरीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी ने शनिवार को यहां स्पोर्ट्स सेटर फॉर साइंस एंड कल्चर मे चल रहे छठे अखिल भारतीय पिछे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे प्रवेश किया। कुलकर्णी ने अपने पहले दौर के मैच मे अहान कटारुचा को आसानी से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त पिछे मास्टर सौरव खेरडेकर (ईएलओ रेटिंग 2090) और तीसरी वरीयता प्राप्त राघव श्रीवास्तव (ईएलओ 2060) ने अपने-अपने प्रतिद्वंदी आदित्य और गणेश्वर को हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया। इस छह दिवसीय आयोजन मे देश के 140 खिलाड़ी भाग ले रहे है जिसमे 61 खिलाड़ियो को पिछे से रेटिंग मिली है। टूर्नामेंट का आयोजन अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और महाराष्ट्र शतरंज संघ के तत्वावधान मे इंडिया चेस स्कूल द्वारा किया जा रहा है।

श्रीलंका को चार विकेट से हराकर न्यूजीलैंड ने श्रृंखला जीती

क्वींसटाउन। न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 मैच मे श्रीलंका को एक गेंद बाकी रहते चार विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने 48 गेंद मे 88 रन बनाए जिसकी मदद से न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवर मे लक्ष्य हासिल किया। इससे पहले श्रीलंका ने छह विकेट पर 182 रन बनाए थे। श्रीलंका ने पहला मैच सुपर ओवर मे जीता था जबकि न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच नौ विकेट से अपने नाम किया था। सीफर्ट ने दूसरे मैच मे भी 43 गेंद मे 79 रन बनाए थे। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने 48 गेंद मे 73 रन बनाए जबकि पाथुम निसांका ने 25 और कुसल परेरा ने 33 रन की पारी खेली।

श्रीनिधि डेक्कन ने बेंगलुरु एफसी को बराबरी पर रोका

कोझिकोड। आई-लीग की टीम श्रीनिधि डेक्कन ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की उपविजेता बेंगलुरु एफसी को सुपर कप फुटबॉल मे शनिवार को यहां 1-1 की बराबरी पर रोक दिया।जावी हर्नांडिज ने नौवे मिनट मे बेंगलुरु को बढ़त दिला दी लेकिन फैसल शायस्तेह 21वे मिनट मे बराबरी का गोल दाग दिया। बेंगलुरु ने मैच मे गोल करने के ज्यादा मौके बनाए ।

स्पिनरों के कमाल के बाद रहाणे का धमाल

- चेन्नई ने मुंबई दी करारी शिकस्त

भाषा। मुंबई

बाएं हाथ के स्पिनरों रविंद्र जडेजा (20 रन पर तीन विकेट) और मिशेल सेंटनर (28 रन पर दो विकेट) की कमाल की गेंदबाजी के बाद अजिंक्य रहाणे की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस पर 11 गेंद शेष रहते सात विकेट से जीत दर्ज की।चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को आठ विकेट पर 157 रन पर रोकने बाद 18.1 ओवर में तीन पर 159 रन बना कर आईपीएल के 1000वें मैच को यादगार बना लिया।चेन्नई की यह तीन मैचों में दूसरी जीत है जबकि मुंबई की दो मैचों में यह दूसरी हार है। चेन्नई के लिए पहला मैच खेल रहे रहाणे ने 27 गेंद की आक्रामक पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने 19 गेंद में इस सत्र का सबसे तेज अर्धशतक पूरा करने के साथ दूसरे विकेट के लिए रुतुराज गायकवाड़ के साथ 82 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी।गायकवाड़ 36 गेंद में 40 रन पर नाबाद रहे जबकि शिवम दूबे ने 26 गेंद में 28 रन बनाए और अनुभवी अंबाती रायुडु 16 गेंद में नाबाद 20 रन की पारी खेली।चेन्नई को मैच के शुरुआती ओवर में मुख्य तेज गेंदबाज दीपक चाहर के चोटिल होने से झटका लगा लेकिन मैन ऑफ द मैच जडेजा और सेंटनर ने अपने कोटे के आठ ओवर में सिर्फ 48 रन देकर पांच विकेट साझा कर मुंबई को बैकफुट पर धकेल दिया। जडेजा ने चार ओवर में 20 और सेंटनर ने इतने ही ओवर में महज 28 रन खर्च किए। तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 31 रन) ने दो और आईपीएल में पदार्पण कर रहे सिसंडा मगाला (चार ओवर में 37 रन) ने एक विकेट लिए।

मुंबई के लिए इशान किशन ने 21 गेंद में सबसे ज्यादा 32 जबकि टिम डेविड ने 22 गेंद में 31 रन बनाए।लक्ष्य का पीछा करते हुए जेसन बेहरनडोर्फ (24 रन पर एक विकेट) ने पहले ओवर में डेवोन कोनवे को खाता खोले बगैर बोल्ड कर मुंबई को शानदार शुरुआत दिलाई। रहाणे ने तीसरे ओवर में इस गेंदबाज के खिलाफ छक्का लगा कर अपने इरादे जताए। उन्होंने चौथे ओवर में अरशद खान के खिलाफ छक्का लगाने के बाद लगातार चार चौके जड़ ओवर से 23 रन बटोरे।

स्कोरबोर्ड

मुंबई इंडियन्स पारी: रोहित शर्मा बो देशपांडे 21, किशन का प्रिटोरियस बो जडेजा 32,कैमरून का एवं बो जडेजा 12, यादव का धोनी बो सेटनर 01, वर्मा पगबाधा जडेजा 22,खान पगबाधा सेटनर 02,डेविड का रहाणे बो देशपांडे 31,स्टब्स का गायकवाड़ बो मगाला 05, शौकिन नाबाद 18,चावला नाबाद 05, **अतिरिक्त:** (लेग बाई: 02, वाइड: 06) 08, कुल योग: 20 ओवर मे आठ विकेट पर 157 रन, विकेट पतन: 1-38, 2-64, 3-67, 4-73, 5-76, 6-102, 7-113, 8-131, **गेंदबाजी:** चाहर 1-0-10-0, देशपांडे 3-0-31-2, मगाला 4-0-37-1, सेंटनर 4-0-28-2,जडेजा 4-0-20-3,प्रिटोरियस -0-28-0

चेन्नई सुपर किंग्स पारी: कोन्वे बो बे हरनडोर्फ 00,गायक वाड ,ना.बाद 40,अजिंक्य रहाणे का सूर्यकुमार बो चावला 61, दूबे बो कार्तिकेय 28, रायुडु नाबाद 20,**अतिरिक्त:** (लेग बाई: 04, वाइड: 06) 10, कुल योग: (18.1 ओवर मे तीन विकेट पर) 159 रन, **विकेट पतन:** 1-0, 2-82, 3-125,जेसन 3-0-24-1,खान 2.1-0-35-0, ग्रीन 3-0-20-0, चावला 4-0-33-1,कार्तिकेय4-0-24-1, शौकिन 2-0-19-0

काउंटी क्रिकेट में शतक लगाने के बाद पुजारा ने कहा, कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है

होव। भारत के अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इंग्लैंड में काउंटी सत्र के अपने शुरूआती मैच में ससेक्स के लिए शतकीय पारी खेलने के बाद कहा कि वह जिन चीजों पर काम कर रहे हैं, अब उसके सकारात्मक नतीजे मिल रहे है। भारतीय टीम में तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने वाले ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। उन्होंने चार टेस्ट मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया। ससेक्स की कप्तानी कर रहे पुजारा ने यहां डरहम के खिलाफ 163 गेंदों में 115 रन की पारी खेलने के बाद कहा, जिन चीजों पर मैं काम कर रहा हूं, वे रंग ला रही हैं। बल्लेबाज के रूप में, जब आप अच्छी शुरुआत करते हैं, तो आप आत्मविश्वास से भरे महसूस करते हैं। मुझे इस लय को बरकरार रखने और पूरे सत्र में रन बनाने की उम्मीद है।

महिला हॉकी शिविर के लिए 35 संभावितों का चयन, रानी नहीं

भाषा। बेंगलुरू

हॉकी इंडिया ने मई में होने वाले आस्ट्रेलिया दौरे से पहले राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है जिसमें पूर्व कप्तान रानी रामपाल को जगह नहीं दी गई है। महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि शिविर नौ अप्रैल से 13 मई तक चलेगा जिसके बाद आस्ट्रेलिया दौरा होना है। तोक्यो ओलंपिक में रानी की कप्तानी में भारतीय टीम ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी। उसके बाद से चोटों के कारण रानी टीम से बाहर है। उन्हें इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम में चुना गया था। रानी ने पिछले साल एफआईएच महिला प्रो लीग में बेल्जियम के खिलाफ खेला जो उनका 250वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान में कहा , पिछले शिविर के बाद हमने व्यक्तिगत खेल पर फोकस किया ताकि उसमें सुधार आ सके। अब हम टीम खेल और तकनीक पर ध्यान देंगे।

संभावित खिलाड़ी : गोलकीपर : सविता , रजनी ई, बिछू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी डिफेंडर : दीप ग्रेस इक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता आबासो डी, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी, मिडफील्डर : निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मरियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखार, वैष्णवी फाल्के, अजमिना कुजूर। फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो।

रामकुमार को हराकर रावत आईटीएफ फ्यूचर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे

चेन्नई। चौथी वरीयता प्राप्त सिद्धार्थ रावत ने शनिवार को यहां गांधी नगर क्लब में बीआर आदित्यन मेमोरियल आईटीएफ पुरुष फ्यूचर्स टेनिस टूर्नामेंट के एकल सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त रामनाथन रामकुमार को 6-3, 6-। से शिकस्त दी। रावत रविवार को फाइनल में हमवतन तीसरे वरीयता प्राप्त दिग्विजय प्रताप सिंह से भिड़ेंगे।

पेगुला सेमीफाइनल में

चार्ल्सटन। शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला समेत शीर्ष चार खिलाड़ियों ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पेगुला ने 12वीं वरीयता प्राप्त पाउला बेडोसा को 6-3, 7-6 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर , तीसरी वरीयता प्राप्त डारिया कसात्किना और चौथी वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच भी अंतिम चार में पहुंच गए। यहां पिछले 23 साल में पहली बार शीर्ष चारों खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

केकेआर के खिलाफ गुजरात टाइटंस की नजरें जीत की हैट्रिक पर

- आज होगा मुकाबला

भाषा। अहमदाबाद

गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस आईपीएल के मैच में रविवार को जब कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी तो उसका इरादा जीत की हैट्रिक लगाने का होगा जबकि पिछले मैच में आरसीबी को हराने के बाद केकेआर जीत की लय कायम रखना चाहेगी। गुजरात टाइटंस को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा तो मिलेगा ही , साथ ही उसके पास मैच विनर्स की कमी नहीं है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले मैच में युवा शुभमन गिल ने 36 गेंद में 63 रन बनाकर पांच विकेट से रोमांचक जीत दिलाई तो उनकी भूख कम नहीं हुई है। सलामी बल्लेबाज रिधिमान साहा के रूप में उन्हें अच्छा जोड़ीदार मिला है और यह जोड़ी आईपीएल में किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकती है। अभी तक सिर्फ सात प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके सुदर्शन ने तमिलनाडु के लिए दो शतक बनाए हैं। आईपीएल से उन्हें टी20 प्रारूप में भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिला है। राहुल तेवतिया चौके छक्के लगाने में ही विश्वास करते हैं ।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ साई सुदर्शन ने 48 गेंद में 62 रन बनाए। फॉर्म में चल रहे दोनों युवा बल्लेबाजों , कप्तान हार्दिक पंड या और मोहम्मद शमी की तेज गेंदबाजी और अफगानिस्तान के राशिद खान की शानदार स्पिन गेंदबाजी का सामना करना केकेआर के लिए आसान नहीं होगा। गिल इस साल तीनों प्रारूपों में शतक बना चुके हैं और रनों की

घरेलू पिच पर पंजाब के खिलाफ वापसी करने उतरेंगे सनराइजर्स

भाषा। हैदराबाद

लगातार दो हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद को आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों से पार पाना होगा। पिछले दो सत्र में आठवें स्थान पर रही सनराइजर्स ने इस बार बेहतर शुरूआत की उम्मीद की थी लेकिन उसे पिछले दो मैचों में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स ने हराया। सनराइजर्स की हार का प्रमुख कारण उसके बल्लेबाजों की नाकामी रही जो दो मैचों में क्रमश: 131 और 121 रन ही बना सके। लगातार विकेट गिरने से टीम लय हासिल नहीं कर सकी। पहले मैच में पावरप्ले में स्कोर दो विकेट पर 30 रन था जो दूसरे मैच में एक विकेट पर 43 रन। लखनऊ के खिलाफ नौ ओवर के बाद 55 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। नए कप्तान एडेन मार्कराम की वापसी से भी कुछ नहीं बदला। मार्कराम खाता भी नहीं खोल सके हैरी ब्रूक स्पिनरों को बखूबी खेलने के लिए जाने जाते हैं लेकिन दोनों मैचों में उन्हें स्पिनरों ने ही आउट किया। शीर्षक्रम में सनराइजर्स ने विकेटकीपर अनमोलप्रीत सिंह को पारी की शुरूआत करने भेजा। उन्होंने अच्छी शुरूआत भी की लेकिन राहुल त्रिपाठी और मयंक अग्रवाल लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। दोनों मैचों में अब्दुल समाद ने आखिर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम को कुछ सम्मानजनक स्कोर दिया। बड़े शॉट खेलने में माहिर हेनरिच क्लासेन को अभी तक मौका नहीं दिया गया है।

शिवा व दीपक को विश्व मुक्केबाजी की कमान

- 13 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदकधारी शिवा थापा और 2019 एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक भोरिया 30 अप्रैल से 14 मई तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली आगामी पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। शिवा ने दोहा में 2015 में विश्व चैम्पियनशिप का कांस्य पदक जीता था, वह एक और पदक अपने नाम करना चाहेंगे। वह 63.5 किग्रा वजन वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। हाल में सबसे ज्यादा सुधार करने वाले मुक्केबाजों में से एक दीपक 51 किग्रा फ्लाईवेट वजन वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। दीपक ने 2021 में स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में 2016 रियो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और 2019 विश्व चैम्पियन उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव को हराकर वैश्विक मंच पर सुर्खियां बटोरी थीं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, पुरुष टीम काफी कड़ी मेहनत कर रही है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हर कोई देश को गौरवान्वित करेगा। भारतीय टीम 17 अप्रैल को ताशकंद के लिए रवाना होगी और विश्व चैम्पियनशिप से पहले कई देशों के ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेगी। चैम्पियनशिप में सात गत विश्व चैम्पियन शामिल हैं जिसमें फ्रांस के सोफियाने ओयूमिहा, जापान के टोमोया सुबोई और सेवोनेरेट्स ओकाजावा, अजरबेजान के लोरेन अलफोन्सो, कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव, क्यूबा के योनलिस हर्नांडिज मार्टिनेज और जुलियो ला क्रूज शामिल हैं।

भारतीय टीम इस प्रकार है : गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), सचिन सिवाच (54 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिवा थापा (63.5 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा)), सुमित कुंडू (75 किग्रा), आशीष चौधरी (80 किग्रा), हर्ष चौधरी (86 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा)।

भारतीय टीम में अनुभवी और 2022 एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन भी शामिल हैं जो 57 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेंगे। तोक्यो ओलंपियन और 2019 एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष चौधरी दूसरी बार इस प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। हाल में स्ट्रेंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट का रजत पदक जीतने वाले गोविंद साहनी 48 किग्रा में अपना कौशल दिखाएंगे। स्वर्ण पदक विजेता को दो लाख डॉलर, रजत पदक जीतने वाले को एक लाख डॉलर और दोनों कांस्य पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर पुरस्कार राशि मिलेगी।

तेजस्विन शंकर को मिला अमेरिका में डेकाथलन रजत

- राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूके

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन शंकर ने अमेरिका के एरिजोना में जिम क्लिक शूटआउट टूर्नामेंट में डेकाथलन रजत पदक जीता लेकिन वह राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने से चूक गए। बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद का कांस्य पदक जीतने वाले तेजस्विन ने 10 स्पर्धाओं की डेकाथलन में कुल मिलाकर 7,648 अंक जुटाए जिससे वह भारतिंदर सिंह के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से 10 अंक से पिछड़ गए जिन्होंने 2011 में 7,658 अंक बनाए थे। यह प्रतियोगिता एरिजोना विश्वविद्यालय के टकसन परिसर में कराई गई। नेब्रास्का के टिल स्टेनफोर्थ 7845 अंक से पहले स्थान पर रहे। तेजस्विन (24 साल) कनसास विश्वविद्यायल से कॉलेज पूरा करने के बाद इस समय अमेरिका में काम कर रहे हैं। उन्होंने ऊंची कूद (2.19 मीटर) और 400 मीटर रेस (48.41 सेकेंड) जीती। अन्य आठ स्पर्धाएं 100 मीटर रेस, लंबी कूद, शॉट पुट, 110 मिटर बाधा दौड़, चक्का फेंक, पोल वॉल्ट, भाला फेंक और 1500 मीटर दौड़ शामिल थीं।वह हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गए लेकिन उनके 7,648 अंक से वह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा एशियाई खेलों के 7,500 अंक के मानक को पूरा करने में सफल रहे। दिल्ली के इस एथलीट ने हाल में डेकाथलन में प्रतिस्पर्धा करना शुरू किया है और वह इस स्पर्धा में आगामी एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं।